


# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, गुरुवार
15 मई 2025
वर्ष: 38, अंक: 162
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961



फीचर

'नागिन' में शेषा बनकर हुईं मशहूर...



संथाल

कर्मियों के सेवा संहिता (स्थापना) से संबंधित उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन



हज़ारीबाग

हर चाल पर सजी निगाहें, हर मूव में छुपी जीत की उम्मीद, शतरंज की बिसात पर आज इतिहास रचा जा रहा है


## 5.17 करोड़ कैश और 1.5 किलो सोना लूटकांड मामले में कुंदन पाहन बरी



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांची:** तमाड़ में 2008 में हुए 5.17 करोड़ कैश और 1.5 किलो सोना लूटकांड मामले में कोर्ट ने जेल में बंद नक्सली कुंदन पाहन को बड़ी राहत दी है. अपर न्यायायुक्त आनंद प्रकाश की कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में कुंदन पाहन को बरी कर दिया है. अभियोजन पक्ष ने 6 गवाहों की गवाही दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपियों पर लगे आरोप को सिद्ध नहीं कर पाया. सभी गवाहों ने कुंदन पाहन को पहचाने से इनकार किया.

तमाड़ में 21 मई 2008 को आइसीआइसीआइ एटीएम कैश वैन से लूटकांड हुआ था. 5 करोड़ 17 लाख कैश के साथ 1.5 किलो सोना की लूट हुई थी. कैश और सोना से भरा कैश वैन को कब्जा में लेकर नक्सलियों ने लूटकांड की घटना को अंजाम दिया था.

कुंदन पाहन पर पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड, सांसद सुनील महतो की हत्या, डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह समेत 6 पुलिस कर्मियों की हत्या, इंस्पेक्टर फ्रांसिस इंदवार की हत्या, चाईबासा के बलिवा में पुलिस और नक्सली के बीच हुए मुठभेड़ में 35 पुलिसकर्मियों की हत्या कर हथियार लूटने के गंभीर आरोप हैं. कुंदन के खिलाफ अपहरण, हत्या, लूटकांड जैसे 100 से अधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं.

## सीसीएल का सेफ्टी ऑफिसर घूस लेते गिरफ्तार




**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांची:** सीबीआई(रांची) ने 10 हजार रुपये घूस लेते हुए सीसीएल के सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद को रंगे हाथ गिरफ़्तार कर लिया है. वह सीसीएल के सिरका कोलियरी में पदस्थापित है. कोलियरी के जगदीश प्रसाद नाम के कर्मचारी ने सीबीआई को लिखित शिकायत की थी. इसमें सेफ्टी ऑफ़िसर पर यह आरोप लगाया गया था कि वह जगदीश को उस पर लगे आरोपों से मुक्त करने के लिए घूस मांग रहा है.

सीबीआई ने शिकायत की जांच की और सही पाया. इसके बाद सेफ्टी ऑफ़िसर को घूस लेते गिरफ़्तार करने के उद्देश्य से सीबीआई टीम का गठन किया गया. सीबीआई अधिकारी तपेश पचौड़ी के नेतृत्व में गठित टीम में अजय कुमार ठाकुर, कुलदीप कुमार, रविशंकर सहित अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया. सीबीआई की टीम मे 14 मई को सेफ्टी ऑफ़िसर को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ़्तार कर लिया. इसके बाद सीबीआई अधिकारियों ने उसके घर की तलाशी शुरू की है.

## हजारीबाग में 15 लाख से अधिक की अफीम के साथ दो तस्कर अरेस्ट



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**हजारीबाग:** शंकर प्रसाद-हजारीबाग पुलिस ने भारी मात्रा में अफीम और कैश के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्करों में चतरा जिले के पत्थलगढ़ा थाना क्षेत्र तेतरिया गांव निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू (पिता देवधारी दांगी) एवं रांची के दशम फॉल क्षेत्र के हालोडीह गांव निवासी हलधर मुंडा (पिता चेतन मुंडा) शामिल हैं. दोनों के पास से 5.395 किलोग्राम अफीम, अफीम बनाने में प्रयुक्त रासायनिक पदार्थ 10.280 किलोग्राम, एक लाख 11 हजार नकद, दो मोटरसाइकिल, एक वेट मशीन और तीन मोबाइल जब्त किया गया है. हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि सूचना के आधार पर सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया. लोहसिंघना थाना क्षेत्र के मंडई खुर्द से सियारी चौक के तरफ जाने वाले मार्ग स्थित श्मशान घाट के समीप वाहन चेकिंग लगाया गया. इसी क्रम में दो मोटरसाइकिल को रुकवाया गया. इनमें एक मोटरसाइकिल संख्या जेएच 01 ईजी 3483 में जितेंद्र कुमार सवार था. इसकी मोटरसाइकिल की डिक्की की तलाशी ली गयी. डिक्की से 1.215 किलोग्राम अफीम मिला. दूसरी मोटरसाइकिल संख्या जेएच 01 एफएम 9129 में हलधर मुंडा सवार था. इसकी मोटरसाइकिल की डिक्की से एक लाख 10 हजार कैश जब्त हुआ. दोनों तस्करों की निशानदेही पर उतरी शिवपुरी मोहल्ले में भाड़े के मकान में छापेमारी किए जाने पर 4.180 किलोग्राम अफीम तथा अफीम बनाने में इस्तेमाल रासायनिक पदार्थ 10.280 किलोग्राम बरामद हुआ है.

एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि पूछताछ में तस्करों ने बताया कि अफीम और अफीम बनाने के लिए इस्तेमाल रासायनिक पदार्थ का रांची के बुंडू से उठाव किया था. दोनों ने हजारीबाग लोहसिंघना थाना क्षेत्र के उतरी शिवपुरी में एक भाड़े का मकान ले रखा था. इसी मकान में रासायनिक पदार्थ मिलाकर अफीम की मात्रा बढ़ाने का काम होता था. इसके बाद तैयार अफीम की अन्य राज्यों में तस्करी की जाती थी.

जब्त अफीम 5.395 किलोग्राम में रासायनिक पदार्थ मिला देने से अफीम की मात्रा 15.675 किलोग्राम हो जाती. इसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य 15 लाख 60 हजार रुपए बताया जा रहा है.

### कोल्हान में रेड जोन पर कसेगा शिकंजा

# 44 खतरनाक नक्सलियों पर लाल वारंट जारी

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**कोल्हान:** कोल्हान क्षेत्र में 44 खतरनाक नक्सलियों पर पुलिस रेड जोन में लाल वारंट हासिल करेगी। ये नक्सली पुलिस के रिकॉर्ड में लंबे समय से फरार हैं, जिनके खिलाफ अब गिरफ्तारियों की कार्रवाई तेज कर दी गई है। इनकी संपत्ति पहले ही जब्त कर ली गई है और अब उनके घरों पर भी कुर्की की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस कार्रवाई में प्रमुख नक्सली आकाश भी शामिल है। इन नक्सलियों के खिलाफ वारंट संबंधित गृह जिलों में भेजे जाएंगे, ताकि जहां भी इनकी गिरफ्तारी हो, पुलिस उन्हें रिमांड पर ले सके।



इसके अलावा, नक्सलियों पर कार्रवाई के लिए राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता द्वारा कई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें नक्सल प्रभावित जिलों के एसपी को धमकी और लेवी मांगने से संबंधित घटनाओं की समीक्षा करने को कहा गया है। इसके साथ ही, इन मामलों में क्या कार्रवाई हुई है, इसकी जानकारी भी प्राप्त की जाएगी। नक्सलियों द्वारा की गई आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं की सूची तैयार कर संबंधित मामलों में अदालत से वारंट हासिल किए जाएंगे। फरार नक्सलियों के खिलाफ कुर्की जब्ती वारंट हासिल कर कार्रवाई करने, लेवी के जरिए अर्जित संपत्ति को चिह्नित कर सूची तैयार करने एवं मुख्यालय के स्तर से मिलने वाली सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है, ताकि नक्सलियों व उग्रवादियों को भागने का समय न मिले। वहीं, फरार नक्सलियों-उग्रवादियों पर इनाम की घोषणा का प्रस्ताव जल्द से जल्द भेजने को कहा गया है। जमानत पर छूटे उग्रवादियों व अपराधियों पर निगरानी के लिए थानों के पदाधिकारियों को सूचित करने का निर्देश दिया गया है।

**क्या है लाल वारंट:** लाल वारंट एक कानूनी दस्तावेज होता है, जिसे अदालत द्वारा जारी किया जाता है। यह स्थायी गैर-जमानती वारंट की तरह होता है। यह वारंट विशेष रूप से उनके खिलाफ जारी किया जाता है, जो फरार होते हैं और जिनकी गिरफ्तारी के लिए व्यापक कार्रवाई की आवश्यकता होती है। इस वारंट के तहत पुलिस को अधिकार होता है कि वे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संबंधित क्षेत्र में छापेमारी कर सकें। इस प्रक्रिया के दौरान, नक्सलियों की संपत्ति जब्त कर कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू की जाती है।

## वन क्षेत्र में खनन के लिए संतुलित नीति बनाएगी हेमंत सरकार



**विशेष संवाददाता द्वारा**

**रांची:** खनन से मिलने वाले राजस्व और वन क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधि से होने वाले पर्यावरण के नुकसान पर संतुलन बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइंस के बाद राज्य सरकार ने समन्वय का काम प्रारंभ किया है। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने वन एवं पर्यावरण विभाग और खान विभाग को मौजूदा और भविष्य की परियोजनाओं की समीक्षा करने को कहा है।

सारंडा के लौह अयस्क खनन क्षेत्र और वन क्षेत्र के बीच स्थिति स्पष्ट नहीं रहने पर भी मुख्य सचिव ने कमेटी की गठन कर दोनों संबंधित विभाग से रिपोर्ट की मांग की है।

सुप्रीम कोर्ट ने वन क्षेत्र में बनने वाले रिजर्व सेंचुरी के लिए किसी भी तरह के खनन गतिविधि से पड़ने वाले प्रभाव पर राज्य सरकार से संशोधित रिपोर्ट की मांग की है। लौह के अलावा कोल खनन क्षेत्र में भी वन क्षेत्र को संरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार ने प्रतिबद्धता दिखाई है। राज्य सरकार ने वन क्षेत्र में खनन की स्थिति में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी है। लेकिन इस वजह से राजस्व पर असर नहीं हो, इसके लिए संबंधित कमेटी को स्थल का अध्ययन करने को कहा है।

राज्य के वन क्षेत्र के आसपास सरकारी और निजी दोनों तरह की खनन परियोजनाएं संचालित होती हैं। इससे मिलने वाले राजस्व का बड़ा हिस्सा राज्य सरकार को मिलता है।

## दुश्मनों को मिट्टी में मिलाने वाली सेना हमारा अभिमान: बाबूलाल

**संवाददाता द्वारा**

**रांची:** भाजपा रांची महानगर व ग्रामीण जिला की ओर से बुधवार को भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गयी. स्थानीय शहीद चौक (जिला स्कूल परिसर) से भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल कोकर तक तिरंगा यात्रा निकाल कर देश के जवानों का आभार जताया गया.



इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पूर्व सैनिक, सैनिक के परिजन, साधु-संत, पार्टी कार्यकर्ता के साथ आम नागरिक हाथों में तिरंगा ध्वज व तख्ती लेकर भारत माता की जय, भारत के सेना जिंदाबाद के नारों के साथ जुलूस के रूप में शामिल हुए. सभी लोग कोकर पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा की समाधि पर पुष्प अर्पित किये.

मौके पर आमजन एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज पूरे भारतवासी सेना के शौर्य एवं पराक्रम से गौरवान्वित हैं. पाकिस्तान जैसे परमाणु संपन्न देश में भारतीय सेना द्वारा घुसकर उनके दर्जनों सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर देना व दुश्मनों को मिट्टी में मिला देना वीरता का प्रतीक है. भारत की सेना हमारा अभिमान है. आज दुनिया में भारतीय सेना ने देश का नाम ऊंचा किया है. उन्होंने कहा कि आज भारत सुरक्षित हाथों में है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेतृत्व क्षमता के रहते भारत पर जो बुरी निगाहें रखेगा तो उसे ऐसा ही जवाब मिलेगा. उन्होंने पूरे झारखंड की जनता की ओर से भारतीय सेना को आभार जताया.

कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू व रांची के विधायक सीपी सिंह ने भी संबोधित किया. तिरंगा यात्रा में गंगोत्री कुजूर, डॉ जीतू चरण राम, राम कुमार पाहन, समरी लाल, आरती कुजूर, गणेश मिश्रा, सुनीता सिंह, विनय महतो धीरज, सत्यनारायण सिंह, केके गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, रमेश सिंह, सुरेंद्र महतो, सीमा शर्मा, संजय जायसवाल, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, बसंत दास , संजीव चौधरी, विनय सिंह, अनीता वर्मा, सुधाकर चौबे, प्रभुदयाल बड़ाइक, बिना मिश्रा, विकास रवि, नेहा सिंह, सोनू सिंह, पायल सोनी, रोमित नारायण सिंह समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे.

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारत की सामरिक शक्ति का अब पूरी दुनिया लोहा मान रही है. अब ऑपरेशन सिंदूर भारत का कानून बन चुका है. दुश्मन को इसी भाषा में जवाब मिलेगा. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आगे बढ़ रहा है. भारत से जो भी टकरायेगा, उसकी यही परिणति होगी. उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को नमन किया. कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पूरे भारतवासियों को नयी ऊर्जा प्रदान किया है. अब पाकिस्तान जैसे आतंकी राष्ट्र भारत पर आंख उठाने की हिमाकत नहीं करेंगे.

## तिरंगा यात्रा पर कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया विश्वासघात का आरोप

**संवाददाता द्वारा**

**रांची:** भाजपा की तिरंगा यात्रा पर कांग्रेस ने भाजपा पर विश्वासघात का आरोप लगाया है. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा के नेता तिरंगा का राजनीतिक उपयोग करके अपने चेहरे पर पुती कालीख को धोने का प्रयास कर रहे हैं. आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के 140 करोड़ लोगों के साथ विश्वासघात किया है और उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है.




**सरकार की कमजोरी का आरोप :** शांति ने कहा कि सरकार ने ठोस कार्रवाई करने की जगह राजनीतिक और कूटनीतिक मोर्चे पर अपनी कमजोरी को उजागर कर दिया. उन्होंने कहा कि निर्णय लेने में शिथिलता ने डोनाल्ड ट्रंप की दखलदांजी को बढ़ावा दिया, जो सरकार की कमजोरी का परिचायक बनाकर विश्व पटल पर उभर कर आया.

**प्रधानमंत्री से जवाब की मांग :** कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री से जवाब मांग रही है कि किन परिस्थितियों में सीज फायर हुआ, पहलगाम के आरोपी आतंकवादी कहां हैं, और सीज फायर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की क्या भूमिका है. उन्होंने कहा कि सरकार को देश के सामने सच्चाई बतानी होगी.

**भाजपा के चरित्र पर सवाल :** सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा नेताओं के चरित्र का दोहरापन साफ दिखाई देता है, जो एक तरफ अपने मंत्री से राष्ट्र की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी को गाली दिलाते हैं और दूसरी तरफ पूरे देश में देशभक्ति और राष्ट्रवाद का ढिंढोरा पीटते हैं.

इसके साथ -साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा सेना के पराक्रम को छिपाने और जनता का ध्यान भटकाने के लिए आयोजित की जा रही है. कहा कि पाकिस्तान के सामने भारतीय सेना की वीरता को राजनीतिक कूटनीति के नीचे दबाया गया और तिरंगा यात्रा उसी पर पर्दा डालने की कोशिश है.

**प्रधानमंत्री पर साधा निशाना :** भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला और कहा कि मणिपुर की अनदेखी करते हुए झारखंड के खनिज संसाधनों का दोहन किया जा रहा है, लेकिन राज्य को उसका उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों तक पानी पहुंचाने का काम कर रही है, लेकिन केंद्र सरकार सहयोग नहीं कर रही है.

**केंद्र सरकार पर पक्षपात का आरोप :** भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड और बंगाल के साथ पक्षपात कर रही है, जबकि उत्तर प्रदेश और बिहार को सरप्लस पैसा दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि झारखंड अपना हक लेकर रहेगा और अब याचना नहीं होगी, बल्कि एक-एक पाई के लिए आंदोलन होगा.

**जल संकट पर जताई चिंता :** भट्टाचार्य ने जल संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि गर्मी में जल संकट गंभीर होता जा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार इसे टालते हुए राजनीति कर रही है. उन्होंने चेतावनी दी कि जब-जब कोई अपने हक की बात करेगा, केंद्र सरकार उसका मुद्दा दबाने की कोशिश करेगी, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा.

## चंद्रगुप्त कोल परियोजना: 417 एकड़ वन भूमि का रिकॉर्ड गायब होने पर सीआईडी ने सीसीएल को भेजा नोटिस

**विशेष प्रतिनिधि द्वारा**

**रांची:** सीसीएल की चंद्रगुप्त ओसीपी कोल परियोजना के जमीन अधिग्रहण को लेकर 417 एकड़ वन भूमि का रिकॉर्ड गायब कर दिया गया. इस मामले में झारखंड सीआईडी ने सीसीएल के जीएम, एमडीओ सुशी इंफ्रा एंड माइनिंग लिमिटेड कंपनी को नोटिस भेजा है. मामले को लेकर सीआईडी पूछताछ करेगी.

गौरतलब है कि सीसीएल की चंद्रगुप्त ओसीपी कोल परियोजना के जमीन अधिग्रहण को लेकर 417 एकड़ वन भूमि का रिकॉर्ड गायब कर दिया गया. जमीन आवंटन में दस्तावेजों में भी भारी छेड़छाड़ की गयी है. इसकी शिकायत मंटू सोनी ने डीजीपी समेत भारत सरकार और झारखंड सरकार से की थी.



उल्लेखनीय है कि हजारीबाग और चतरा में सीसीएल के चन्द्रगुप्त ओसीपी कोल ब्लॉक परियोजना आवंटित की गयी है. जिसमें हजारीबाग जिला अन्तर्गत केरेडारी अंचल के मौजा पचड़ा चट्टी बरियातु बुकरू सिजुआ और जोरदाग अंतर्गत भूमि का अधिग्रहण किया गया है, जिसके लिये सरकारी कर्मियों (जिला प्रशासन और वन विभाग), सीसीएल के आधिकारियों से मिलीभगत कर षड़यंत्र के तहत करीब 417 एकड़ वन भूमि का दस्तावेज गायब कर दिया गया. साथ ही अवैध रूप से सरकार से वन भूमि को आवंटित कराकर बतौर एमडीओ (खनन डेवलपर और संचालन) खनन कार्य करने के लिये हैदराबाद की सुशी इंफ्रा एंड माइनिंग लिमिटेड कंपनी को दिया गया है.

जिसके लिये अंचल अधिकारी केरेडारी राजस्व अभिलेखागार, जिला अभिलेखागार से इस 417 एकड़ भूमि का रिकॉर्ड गायब किया गया है, जिसका उल्लेख डीसी हजारीबाग के कार्यालय ज्ञापांक-2350/10 दिनांक-25जून 2022 के माध्यम से प्रपत्र-1 (प्रमाण पत्र) के अन्तर्गत निर्गत प्रमाण में में किया गया है.

417 एकड़ भूमि के दस्तावेज के गायब होने के संबंध में अंचल कार्यालय केरेडारी, राजस्व अभिलेखागार, जिला अभिलेखागार और डीसी कार्यालय द्वारा किसी प्रकार से रिकॉर्ड के गायब होने के संदर्भ में प्राथमिकी, सनहा या अंतरिक जांच का उल्लेख अपने पत्र में नहीं किया गया है,उसके बावजूद बिना जांच/कार्रवाई किये ही डीसी कार्यालय से प्रपत्र-1 के अन्तर्गत प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया. यह भी बात सामने आई है कि वन विभाग के कार्यालय से भी 417 एकड़ भूमि से संबंधित जानकारी प्राप्त करने और कागजातों की छानबीन के संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया गया.

जबकि प्रपत्र 1 प्रमाण पत्र डीसी कार्यालय से जारी होने के बाद वन विभाग को प्राप्त होने पर वन विभाग द्वारा भी बिना जांच पड़ताल किये भारत सरकार को भूमि आवंटित करने के लिए अनुशंसा करके भेज दिया गया. जिसके बाद भारत सरकार ने इस भूमि को अधिग्रहण के लिये विमुक्त कर दिया. फिर सीसीएल की ओर से सुशी इंफ्रा एंड माइनिंग लिमिटेड कंपनी को खनन कार्य करने के लिये आवंटित कराकर भूमि दे दिया गया.

साल 2021 में अंचल अधिकारी केरेडारी, मनोज कुमार (चीफ मैनेजर माइनिंग,) चन्द्रगुप्त ओपेन कास्ट प्रोजेक्ट और संजीव कुमार (मैनेजर) ओपेन कास्ट प्रोजेक्ट सीसीएल, चन्द्रगुप्त के द्वारा उक्त प्रश्नगत भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक सूची तैयार किया गया, जिसमें पूर्व में डीसी द्वारा जो प्रपत्र 1 प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है, जिसमें भूमि का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने की बात का उल्लेख था, उससे संबंधित खाता प्लॉट के विवरण में छेड़छाड़ कर दस्तावेज को तीनों के द्वारा तैयार किया गया.

उस दस्तावेज में उसी भूमि में छेड़छाड़ किया गया है, जिसमें डीसी के द्वारा भूमि का विवरण उपलब्ध नहीं होने का उल्लेख किया गया है. यह भी उल्लेखनीय है कि प्रपत्र ॥ बचनबद्धता पत्र जो कि मनोज कुमार (मुख्य प्रबंधक माइनिंग) चन्द्रगुप्त ओपेन कास्ट प्रोजेक्ट आम्रपाली चन्द्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल के द्वारा सीसीएल के लेटर पैड पर जारी किया गया, उसमें ना तो लेटर नंबर और ना ही तिथि अंकित है. परियोजना प्रस्ताव संख्या और वर्ष का स्थान भी खाली है. जिससे स्पष्ट होता है कि उस परियोजना में अवैध रूप से भूमि आवंटन करने के लिए बड़े पैमाने पर पदों का दुरूपयोग करते हुए पड्यंत्र के तहत दस्तावेजों का छेड़छाड़ कर भूमि आवंटित कराया गया है. किए गए शिकायत में कहा गया है कि सभी कृत्यों को करने के पीछे मंशा यह भी है, कि एक तरफ 417 एकड़ भूमि का रिकॉर्ड गायब करके उसकी आड़ में उक्त भूमि का फर्जी दस्तावेज बनाकर मुआवजा ले लिया गया है या ले लेने की योजना तैयार की गयी है, इस फर्जी दस्तावेज को तैयार करने के पीछे बहुत बड़े आर्थिक लाभ की पृष्ठभूमि तैयार की गयी है.

# क्या पहलगाम और हाल के तनाव के बाद हम अपनाएंगे कोई राष्ट्रीय रक्षा नीति

**आकार पटेल**

भारत की रक्षा योजना समिति की स्थापना 19 अप्रैल 2018 को की गई थी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल को इसका अध्यक्ष बनाया गया था और इसमें विदेश, वित्त और रक्षा सचिवों के अलावा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेना प्रमुखों को शामिल किया गया था। इस समिति के सामने राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा प्राथमिकताओं, विदेश नीति की अनिवार्यताओं, परिचालन निर्देशों और संबंधित आवश्यकताओं, प्रासंगिक रणनीतिक और सुरक्षा-संबंधी सिद्धांतों, रक्षा अधिग्रहण और बुनियादी ढांचे के विकास की योजनाओं, राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति, रणनीतिक रक्षा समीक्षा और सिद्धांतों, अंतरराष्ट्रीय रक्षा जुड़ाव रणनीति' आदि की देखभाल करने आदि के विशाल काम थे। इस समिति की एक ही बार, 3 मई 2018 को, बैठक हुई थी और ऐसा लगता है कि उसके बाद इसकी कोई बैठक ही नहीं हुई। चूंकि देश के पास को राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत नहीं था, इसलिए लगता है कि भारत ने संभवतः ऐसे सिद्धांत पर ही भरोसा किया है जिसे अनौपचारिक रूप से डोवाल सिद्धांत के नाम से जाना जाता है। भले ही लिखित तौर पर यह सिद्धांत सामने नहीं आया हो, लेकिन कई वीडियो इस बारे में उपलब्ध हैं। फरवरी 2014 में, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त होने से कुछ सप्ताह पहले, डोवाल ने तंजावुर में शास्त्र विश्वविद्यालय में भाषण दिया था। अपने **भाषण के दौरान, उन्होंने निम्नलिखित बिंदु रखे :** आतंकवाद भारत के लिए एक रणनीतिक खतरा है क्योंकि यह एक अंतर्राष्ट्रीय परिघटना है; और चूंकि पाकिस्तान ने इसे पोषित और बढ़ावा दिया; और क्योंकि भारत में बड़ी मुस्लिम आबादी है। लेकिन आतंकवाद से इसलिए नहीं लड़ा जा सकता क्योंकि यह एक विचार है, एक शब्द है। केवल आतंकवादियों से लड़ा जा सकता है (या उनकी क्षमता को 'कम' किया जा सकता था), क्योंकि केवल एक ठोस दुश्मन को ही हराया जा सकता था, किसी शब्द को नहीं। इस तरह भारत को अपने सामने मौजूद खतरे को नाम देना पड़ा, और इसका नाम पाकिस्तान है। दुश्मन की पहचान करने के बाद डोवाल ने



सवाल पूछा था, 'आप पाकिस्तान से कैसे निपटेंगे' और फिर विस्तार से इस बारे में बताया था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की समस्या दरअसल पाकिस्तान का अर्ध-परंपरागत युद्ध शुरु करने (सीमा पार आतंकवाद और उग्रवाद फैलाने) की क्षमता है और उसके पास मौजूद परमाणु हथियारों के खतरे के कारण भारत इस पर अपनी सैन्य प्रतिक्रिया को बहुत अधिक आगे नहीं ले जा सकता है।

**डोवाल ने कहा था :** 'मैंने उनके (पाकिस्तान के) पास परमाणु हथियार होने, सामरिक हथियार प्रणाली, मिसाइल, चीन के साथ सामरिक साझेदारी होने के बारे में बात की। हम इससे कैसे निपट सकते हैं? यह आसान है। उन्होंने कहाः 'आप जानते हैं कि हम दुश्मन से तीन तरीकों से भिड़ते हैं। एक है डिफेंस मोड। चौकीदार और चपरासी। अगर कोई यहां आता है तो हम उसे (घुसने से) रोक देंगे। एक है डिफेंसिव-ऑफेंस। खुद को बचाने के लिए हम उस जगह पर जाएंगे जहां से हमला हो रहा है। तीसरा है आक्रमक मोड जहां आप सीधे आगे बढ़ते हैं। आक्रमक मोड में परमाणु सीमा एक कठिनाई है, लेकिन डिफेंसिव-ऑफेंस में नहीं।'उन्होंने कहा था कि फिलहाल मनमोहन सिंह की सरकार के तहत हम केवल रक्षात्मक मोड में काम करते हैं। एक तरह से वह यह सुझाव दे रहे थे कि भारत को पारंपरिक युद्ध के अलावा अन्य तरीकों से पाकिस्तान पर हमला करना चाहिए। उनके शब्दों में: '... पाकिस्तान की कमज़ोरियों को पहचान कर कदम उठाना। इसमें अर्थव्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा या राजनीतिक कुछ भी हो सकता है। दूसरा अंतरराष्ट्रीय अलगाव। मैं विवरण में नहीं जा रहा हूँ। लेकिन...आप रक्षात्मक मोड से बाहर आएं। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है क्योंकि आक्रमक मोड का तो रास्ता बंद था क्योंकि परमाणु सीमा तक बढ़ने पर कोई नियंत्रण नहीं था। इसी तरह, उनके लिए, रक्षात्मक मोड बेकार था। उन्होंने कहा, 'तुम मुझ पर सौ पत्थर फेंकते हो, मैं नब्बे पत्थर फेंकता हूँ लेकिन दस पत्थर फिर भी मुझे चोट पहुँचाते हैं। मैं कभी नहीं जीत सकता। या तो मैं हार जाता हूँ या गतिरोध पैदा हो जाता है। तुम अपने समय पर युद्ध शुरू करते हो, तुम जो चाहो पत्थर फेंकते हो, तुम जब चाहो बात करते हो, तुम जब चाहो शांति पाते हो। उन्होंने आगे कहा था, 'अगर आप रक्षात्मक-आक्रमक हैं तो हम देखेंगे कि साम्यावस्था का संतुलन कहां है। पाकिस्तान की कमज़ोरी भारत की तुलना में कई गुना ज़्यादा है। एक बार जब उन्हें पता चलेगा कि भारत ने अपना गियर रक्षात्मक से रक्षात्मक-आक्रमक में बदल दिया है, तो वे हड़बड़ा जाएंगे। आप एक मुंबई कर सकते हैं, आप बलूचिस्तान खो सकते हैं। इसमें कोई परमाणु युद्ध शामिल नहीं है। सैनिकों की कोई मुठभेड़ नहीं है। अगर आप चालें जानते हैं तो हम चालें आपसे बेहतर जानते हैं। उन्होंने आगे कहाः 'हमारी एकमात्र कठिनाई यह रही है कि हम रक्षात्मक मोड में रहे हैं। अगर हम रक्षात्मक-आक्रामक मोड में होते तो हम अपने हताहतों की संख्या को कम कर सकते थे। यह डोवाल सिद्धांत था। इसने भारत के लिए रणनीतिक खतरा पाकिस्तान से आतंकवाद को माना और इसका जवाब दुश्मन के साथ वैसा ही व्यवहार करना था जैसा तुम्हारे साथ किया जा रहा है। यह स्पष्ट नहीं है कि इस अलिखित सिद्धांत को सरकार ने अपनाया या नहीं, लेकिन एनएसए के रूप में डोवाल के एक दशक का मतलब है कि इसका एक मजबूत प्रभाव रहा होगा। 2020 में भारत को दूसरे मोर्चे पर भी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इस स्थिति का आकलन करते हुए पूर्व जनरल प्रकाश मेनन ने कहा था कि कई दशकों से भारत की सेना के लिए राजनीतिक मार्गदर्शन पाकिस्तान को तत्काल खतरे के रूप में देखता रहा है। लेकिन अब जब चीन का खतरा दरवाजे पर है, तो इसे बदलना होगा। सेना द्वारा प्राप्त किए जाने वाले अपेक्षित राजनीतिक उद्देश्य यूपीए के तहत तैयार किए गए 'रक्षा मंत्री के निर्देश' नामक दस्तावेज़ में निहित थे। जिसमें यह बताया गया था कि संघर्ष की आशंका में सशस्त्र बलों को कितना गोला-बारूद और स्पेयर स्टॉक में रखना चाहिए। जनरल मेनन ने कहा कि यह निर्देश 'सुसंगत राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के अभाव के कारण अभी भी प्रासंगिक नहीं है। एनएसए की अध्यक्षता वाली रक्षा योजना समिति को दो साल पहले यह कार्य सौंपा गया था। अभी तक कुछ भी सामने नहीं आया है।' यह 2020 की बात है। पहलगाम के बाद स्थिति फिर से पश्चिमी मोर्चे पर आ गई है। चीन के साथ टकराव को पांच साल हो चुके हैं और रक्षा योजना समिति के गठन को सात साल हो चुके हैं। शायद हाल की घटनाएं सरकार को एक राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत लागू करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी जिसके आधार पर हम पारंपरिक या आतंकवादी हमलों के दौरान कार्रवाई कर सकें।

# बुलेटप्रूफ कार में चलेंगे विदेश मंत्री जयशंकर पाकिस्तान से तनाव के बीच बढ़ाई गई सुरक्षा

**अभिषेक दीक्षित**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा में बढ़ोतरी की खबरें आ रही हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान से तनाव के बीच जयशंकर अब बुलेटप्रूफ कार में चलेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जयशंकर की बढ़ी हुई सुरक्षा में विशेष बुलेटप्रूफ कार को शामिल किया है। दिल्ली में उनके आवास के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जयशंकर को पहले से ही जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है, जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो की ओर से प्रदान की जाती है। उनकी सुरक्षा के लिए 33 कमांडो की एक टीम 24 घंटे तैनात रहती है। पिछले साल सुरक्षा का स्तर 'वाई' से बढ़ाकर 'जेड' श्रेणी कर दिया गया था :पिछले साल अक्तूबर में जयशंकर की सुरक्षा का स्तर 'वाई' से बढ़ाकर 'जेड' श्रेणी कर दिया गया था। सीआरपीएफ ने दिल्ली पुलिस से जयशंकर की सुरक्षा का प्रभार संभाला था। 69 साल के जयशंकर को वर्तमान में सीआरपीएफ कर्मियों की एक सशस्त्र टीम की ओर से 24 घंटे जेड-श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जा रही है। देश





भर में उनके आवागमन और प्रवास के दौरान एक दर्जन से अधिक सशस्त्र कमांडो उनकी सुरक्षा में लगे रहते हैं। 210 से अधिक लोगों को वीआईपी सुरक्षा प्रदान कर रही सीआरपीएफ :केंद्रीय सुरक्षा सूची के तहत वीआईपी सुरक्षा कवर जेड-प्लस (उन्नत सुरक्षा संपर्क) से शुरू होकर जेड-प्लस, जेड, वाई, वाई-प्लस और एक्स तक होता है। सीआरपीएफ वर्तमान में 210 से अधिक लोगों को वीआईपी सुरक्षा प्रदान कर रही है, जिनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, दलाई लामा और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हैं। विदेश मंत्री की सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद लिया गया। पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर :22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने 10 मई को भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया। हालांकि, इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान की तरफ से इसका उल्लंघन किया गया, जिसका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया।

# मोदी को मिला महबूबा मुफ्ती का साथ, उमर अब्दुल्ला भी समर्थन में

**शशि मिश्रा**

**जम्मू :** भारत-पाकिस्तान के बीच शांति पर हुई डील और ट्रंप के हस्तक्षेप को लेकर सियासी घमासान छिड़ा है। राहुल गांधी ने सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। उन्होंने पीएम मोदी को निशाना बनाया। इंडिया गठबंधन का हिस्सा उद्धव ठाकरे शिवसेना भी राहुल गांधी के समर्थन में आ गई लेकिन इसी बीच पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती पीएम मोदी के बचाव में उतरी हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को शांतिपूर्ण तरीके तलाशने के लिए राजनीतिक रूप से दंडित नहीं किया जाना चाहिए और विपक्ष को राजनीति से ऊपर उठकर शांति एवं स्थिरता के लिए वास्तविक प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। वहीं उमर अब्दुल्ला भी पीएम के साथ हैं। महबूबा मुफ्ती ने कहा, 'मैं सभी विपक्षी दलों से अपील करती हूं कि वे बिना सोचे-समझे आलोचना करने या राजनीतिक फायदा देखने की प्रवृत्ति से बचें। जिस तरह पहलगाम की घटना ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक आवाजें एक कर दीं, उसी तरह शांति प्रक्रिया







के इर्द-गिर्द राष्ट्रीय आम सहमति बनाने की जरूरत है, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह जैसे नेताओं ने साबित कर दिया कि सुरक्षा या संप्रभुता से समझौता किए बिना, तनावपूर्ण समय में भी सीमा पार बातचीत संभव है। मोदी सरकार को शांतिपूर्ण तरीके तलाशने के लिए राजनीतिक रूप से दंडित नहीं किया जाना चाहिए। यह बंटने का नहीं, बल्कि सभी के साथ आने का समय है। विपक्षी दलों को राजनीति से ऊपर उठकर शांति और स्थिरता के लिए वास्तविक प्रयासों का समर्थन करना चाहिए। पीडीपी अध्यक्ष ने कुछ टीवी समाचार चैनलों की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग एसी स्टूडियो और ड्राइंग रूम में बैठकर सैन्य टकराव रोकने की आलोचना करते हैं। उन्हें सीमा पर अपने परिवारों के साथ समय बिताना चाहिए ताकि वे मौत और विनाश की दैनिक वास्तविकता को सही मायने में समझ सकें। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर बनी सहमति कायम रहनी चाहिए। सीमावर्ती इलाकों के लोग शांति से रहना चाहते हैं। हम सभी चाहते हैं कि संघर्ष विराम बरकरार रहे। यहां से दूर नोएडा और बंबई में बैठे टीवी चैनलों के कुछ एंकर ही संघर्ष विराम को पसंद नहीं करते। कुपवाड़ा जिले के तंगधार इलाके में पहुंचे उमर अब्दुल्ला ने कहा कि बॉर्डर या नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रहने वाले लोग, जिन्होंने जम्मू और श्रीनगर में स्थिति देखी है, वे संघर्ष विराम चाहते हैं। यह अच्छी बात है। यह संघर्ष विराम बरकरार रहना चाहिए।

# कौन हैं कुंवर विजय शाह, जिन्होंने सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी की

**आकाश सिकरवार**

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह एक बार फिर विवादों में हैं। उनकी एक टिप्पणी से उनकी पार्टी मुश्किल में पड़ गई है। विपक्ष का कहना है कि उनकी टिप्पणी ऑपरेशन सिंदूर की एक अहम सदस्य कर्नल सोफिया कुरैशी की ओर इशारा करती है। सोमवार को महू के पास एक कार्यक्रम में शाह ने कहा कि 'भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को उनकी ही बहन के जरिए सबक सिखाया।' कांग्रेस ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस का आरोप है कि शाह का इशारा कर्नल कुरैशी की तरफ था। शाह ने अपने भाषण में तीन बार इस बात को दोहराया। बाद में उन्होंने सफाई दी कि उनके भाषण को 'अलग संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, 'वे हमारी बहनें हैं, और उन्होंने सशस्त्र बलों के साथ मिलकर बड़ी ताकत से बदला लिया है।' बीजेपी के एक महत्वपूर्ण आदिवासी नेता और अक्सर विवादों में रहने वाले शाह की इस टिप्पणी ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। कुंवर विजय शाह, जो अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए आरक्षित हरसूद सीट से लगातार आठ बार चुनाव जीत चुके हैं, वर्तमान में जनजातीय कार्य, सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन और भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास मंत्री हैं। खंडवा के जंगलों से मध्य प्रदेश की राजनीति के ऊपरी पायदान तक पहुंचने



के बावजूद, विवादों में रहने की उनकी आदत अक्सर उनकी तरक्की पर भारी पड़ती रही है। 2013 में, शाह को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी पर सेक्सिस्ट टिप्पणी करने के कारण राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, बाद में उन्हें फिर से बहाल कर दिया गया। बीजेपी के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हरसूद और आसपास के आदिवासी क्षेत्रों में शाह का काफी प्रभाव है। इसी वजह से 12 साल पहले अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने के बावजूद वह बचे रहे। चौहान सरकार के कई मंत्रियों को हटा दिए जाने के बावजूद, वह मोहन यादव कैबिनेट में महत्वपूर्ण पद संभाल रहे हैं। बीजेपी में शाह का महत्व पार्टी के आदिवासी मतदाताओं पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के कारण है। राज्य की आबादी का लगभग 21% आदिवासी हैं और अनुमान है कि वे राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से 47 के चुनावी नतीजों को प्रभावित करते हैं। 2018 में, बीजेपी इनमें से केवल 16 सीटें ही जीत पाई थी, जबकि कांग्रेस ने 30 सीटें जीती थीं, जिसके चलते बीजेपी को राज्य में सत्ता गंवानी पड़ी थी। पांच साल बाद, बीजेपी की संख्या बढ़कर 24 हो गई क्योंकि उसने सत्ता बरकरार रखी। 2020 में कमलनाथ सरकार के गिरने के बाद बीजेपी ने सरकार बनाई। 2018 में, शाह की ट्रांसजेंडर समुदाय पर की गई एक टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया था। इसके चार साल बाद, उन्होंने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्ववर्तियों पर 'अपमानजनक टिप्पणी' करके बीजेपी को मुश्किल में डाल दिया था। शाह ने कहा था, 'देश को आजादी मिले 75 साल हो गए हैं, लेकिन मोदी पहले नेता हैं जो गरीबों के जीवन को बेहतर बना रहे हैं। उनसे पहले, सभी प्रधानमंत्री घोड़ा, गधा और हाथी छाप थे। किसी ने भी गरीबों की परवाह नहीं की। बाद में 2022 में, शाह ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'वह 55-56 साल के हैं और उन्होंने शादी नहीं की है। मेरा बेटा 28 साल का है और उसकी शादी हो चुकी है। एक परिवार में, अगर आपका बच्चा 25 साल की उम्र में अविवाहित है, तो पड़ोसी सवाल उठाते हैं। हरसूद विधायक शाह शिक्षा मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भी विवादों में रहे थे। उन्होंने छात्रों के लिए रोल कॉल का जवाब 'जय हिंद' के साथ देना अनिवार्य कर दिया था। पिछले साल जुलाई में, शाह ने अल्पसंख्यक संस्थानों को अप्रत्यक्ष रूप से धमकी देते हुए कहा था कि जो स्कूल और मदरसे राष्ट्रगान नहीं बजाएंगे, उन्हें सरकारी सहायता नहीं दी जाएगी। दिसंबर 2024 में शाह को वन्यजीव कार्यकर्ताओं की आलोचना का भी सामना करना पड़ा था। उनके खिलाफ जांच शुरू की गई थी क्योंकि वीडियो सामने आए थे जिसमें वह सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर जोन में 'पिकनिक का आनंद' लेते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो में शाह दो लोगों के साथ एक वन वॉच टावर पर खड़े होकर खाना बनाते हुए दिखाई दे रहे थे। मंत्री को यह कहते हुए सुना गया, 'सही पिकनिक तो आज है। शानदार पिकनिक है।'

## संक्षिप्त समाचार

### फहिमा अकादमी के छात्रों का सीबीएसई बोर्ड दसवीं और बारहवी परीक्षा 2024-25 में शानदार प्रदर्शन




**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हजारीबाग के पगमिल स्थित फहिमा अकादमी स्कूल का सीबीएसई दसवीं एवं बारहवी बोर्ड परीक्षा मंगलवार को घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। परीक्षा फल पाकर सभी बच्चे काफी उत्साहित दिखे। बारहवी साइंस में समृद्धि अग्रवाल ने 93त्न लाकर स्कूल का नाम रोशन किया सुहाना परवीन ने 92त्न नेसार हसन ने 90त्न इंबिसत फातिमा ने 89त्न खुशी अग्रवाल ने 89 त्न और कला संकाय में आशय कुमार ने 87त्न अंक विद्यालय का नाम रोशन किया दसवीं में रौशन कुमार ने 93त्न लाकर विद्यालय प्रथम टॉपर बना, द्वितीय टॉपर स्वीटी गुप्ता 92त्न सुहेब सरवर 91त्न लवली भारती ने 90त्नकुमारी मधुबाला 89त्न लॉकर टॉपर बनी इसके अलावा अन्य बच्चों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। मौके पर सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को विद्यालय की प्राचार्या फरहा फातमी ने सर्वप्रथम सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना है वहीं विद्यालय के बेहतरीन रिजल्ट के लिए बधाई दिए। मौके पर विद्यालय के विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिका हसरत अली बेलाल अहमद राहुल कुमार कुणाल सिंह सोमनाथ कुमार इरशाद आलम मो सफ़ीक़ मनोज कुमार श्रवण कुमार राजन कुमार, धर्मेंद्र यादव पल्लवी राणा माज़दा परवीन ने छात्र- छात्राओ को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दिए। तथा उनके उज्जवल भविश्व की कामना की।

### जारीबाग पुलिस ने दो अफीम कारोबारियों को किया गिरफ्तार

● 5 किलो 395 ग्राम अफीम और 110000 रूपए नकद बरामद



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने 5.395 कि0ग्रा0 अफीम के साथ दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से करीब 5.395 कि0ग्रा0 अफीम और एक लाख दस हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। इस संबंध में एसपी अरविंद कुमार सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि मंगलवार की रात मंडईखुर्द से सियारी चौक के तरफ जाने वाले मार्ग में शमसान घाट के पास अफीम का खरीब बिकी करने के लिए कुछ लोग मोटरसाईकिल से आ रहे है। सूचना पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा उक्त स्थान पर मोटरसाईकिल चेकिंग लगाया गया तथा चेकिंग के क्रम में मोटरसाईकिल नं0 जेएच 01 ईजी 343 के चालक जितेन्द्र कुमार के पास 1.215 कि0ग्रा0 अफीम तथा दूसरा मोटरसाइकिल -जेएच 01 एफ एम 9129 के चालक हलधर मुण्डा के पास नकद 1,10,000/- (एक लाख दस हजार) रूपया पाया गया। पकड़ाये इन दोनों व्यक्तियों के निशानदेही पर लोहसिंघना थानान्तर्गत उतरी शिवपुरी मुहल्ला में एक भाडे के मकान में 4180 कि0ग्रा0 अफीम तथा अफीम में मिक्स करने वाला लठा (रसायनिक पदार्थ) 10.200 कि0ग्रा0 बरामद किया गया है। बरामद सभी समानों को विधिवत जप्त किया गया तथा इस सबंध में लोहरिधना थाना कांड सं0-72/25 दिनांक-14.05.2025 धारा-11 (2) / 3 (5) बी0एन0एस0 एक्ट 2023 एवं 17 (सी0)/18 (बी)/21 (सी)/27/29 एनडीपीएस एक्ट 1985 दर्ज किया गया है।
गिरफ्तार अभियुक्तों में जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू तेतरिया, थाना पत्थलगड़ा जिला चतरा और हलधर मुंडा हालुडीह थाना दशम फॉल जिला रांची शामिल हैं। छापामारी दल में अमित आनंद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर हजारीबाग, पुन्नु कुमार यादव, थाना प्रभारी, लोहसिंघना, बिट्टू रजक ओ0पी0 प्रभारी बड़ा बाजार, वेद प्रकाश पाण्डेय प्रभारी, पेलावल ओ0पी0, पु0अ0नि0 खालिद ईकबाल, लोहसिंघना. स0अ0नि0 ओमप्रकाश, लोहसिंघना थाना, एसपी क्युआरटी टीम और रिजर्व गार्ड थाना लोहसिंघना शामिल थे।

### मिथिलेश कुमार सिंह के चतरा जिला प्रभारी बनने पर हजारीबाग जदयू में हर्ष का माहौल



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** झारखंड जनता दल यूनाइटेड एक बार फिर से पूरा राज्य में संगठन को मजबूत और धारदार बनाने में लगा किसी उद्देश्य से पिछले दिन राजधानी में प्रदेश कार्य समिति की बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी की नियुक्ति की गई बैठक में राज्यसभा सांसद खीरू महतो एवं जदयू विधायक सरयू राय ने सभी प्रभारी से संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाने को कहा इसी क्रम में हजारीबाग जिले के तेज तर्रार जदयू के प्रदेश सचिव मिथिलेश कुमार सिंह को चतरा जिले का प्रभार सौंपा गया चतरा जिला प्रभारी बनने पर जिले के पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

# हर चाल पर सजी निगाहें, हर मूव में छुपी जीत की उम्मीद, शतरंज की बिसात पर आज इतिहास रचा जा रहा है

● टूर्नामेंट का भव्य समापन समारोह आज,विजेताओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा ● हजारीबाग को राष्ट्रीय शतरंज मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में हमारा संकल्प है। हर खिलाड़ी को श्रेष्ठ अनुभव देना ही हमारी प्राथमिकता है : करण जायसवाल ● हमारा लक्ष्य है कि हजारीबाग शतरंज का एक सशक्त केंद्र बने। देशभर से मिली भागीदारी ने हमारे संकल्प को और मजबूती दी है : मनमीत अकेला

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हजारीबाग के खेल इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ चुका है.हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की मान्यता प्राप्त तृतीय एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट 2025 का आयोजन हजारीबाग में अत्यंत भव्यता के साथ जारी है।प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन रविवार, 11 मई को शंकरपुर स्थित एंजेल हाई स्कूल परिसर में किया गया था। इस राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में देश के 13 राज्यों



से 600 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया है। खिलाड़ियों, अभिभावकों, खेलप्रेमियों और स्थानीय जनमानस की अभूतपूर्व भागीदारी ने इस आयोजन को विशिष्ट गरिमा प्रदान की है। प्रतियोगिता में नवोदित से लेकर अनुभवी फाइड रेटेड खिलाड़ी तक शामिल हैं, जिनमें मुकाबला अत्यंत रोचक और उच्च स्तर का रहा है।

**खेल का अंतिम चरण और रोमांचकारी मोड़**

बुधवार को टूर्नामेंट के आठवें राउंड तक के मुकाबले पूरे हो चुके हैं। आज अंतिम यानी नवां राउंड खेला जाएगा, जिसके पश्चात समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। टेबल नंबर 1 से लेकर 5 तक शीर्ष खिलाड़ियों के बीच घमासान मुकाबले हुए जिसमें टेबल 1अभिषेक दास बनाम निगेश जी, टेबल 2 रूपम मुखर्जी बनाम कुमार गौरव,टेबल 3 रूपेश बी रामचंद्र बनाम शॉन चौधरी,
टेबल 4 किशन कुमार बनाम रिशन देबनाथ, टेबल 5 राजेश कुमार बनाम सुधीर कुमार सिन्हा इन खिलाड़ियों ने आठवां राउंड में टॉप पांच पर पहुंचे थे.
प्रत्येक खेल डिजिटल घड़ियों के माध्यम से समयबद्ध रूप में संपन्न हो रहा है। तकनीकी टीम द्वारा खिलाड़ियों की हर चाल पर सूक्ष्म निगरानी की जा रही है, जिससे निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। टूर्नामेंट डायरेक्टर करण जायसवाल ने कहा की यह आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि हजारीबाग को राष्ट्रीय शतरंज मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास है। हम प्रत्येक खिलाड़ी और अभिभावक के अनुभव को यादगार बनाना चाहते हैं। संघ सचिव मनमीत अकेला ने कहा की हमारा लक्ष्य है कि हजारीबाग शतरंज का एक स्थायी और सशक्त केंद्र बने। देशभर से आई खिलाड़ियों की भागीदारी ने हमारे प्रयासों को ऊर्जा दी है। गुरुवार को दोपहर 3ः00 बजे समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेताओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र और नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में सह सचिव बृजेश कुमार, कोषाध्यक्ष राजन साहा, आलोक कुमार, शिवांगी कुमारी, रितु कुमारी सहित पूरी आयोजन टीम की भूमिका सराहनीय रही है।

# विभावि भूगोल विभाग में चांसलर लेक्चर का आयोजन

**बढ़ती जनसंख्या का पढ़ रहा है बुरा असरः डॉ अनिल कुमार सिंह**

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** विभावि के भूगोल विभाग में चांसलर्स लेक्चर सीरीज के तहत जनसंख्या वृद्धि का पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान का आयोजन बुधवार को किया गया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी, धनबाद के भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मे भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सरोज कुमार सिंह ने विषय प्रवेश एवं स्वागत अभिभाषण द्वारा किया। व्याख्यान के दौरान डॉ. अनिल कु. सिंह ने वर्तमान समय में तीव्र गति




से बढ़ रही जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति का वैश्विक एवं भारत के परिप्रेक्ष्य में चर्चा किया। उन्होंने बढ़ती हुई जनसंख्या का प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ रहे दबाव पर कहा कि विशाल जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु संसाधनों की बेतहाशा दोहन से पर्यावरणीय ह्रास की स्थिति बन रही है। साथ हीं उन्होंने बताया कि बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण जल संकट, खाद्यान्न संकट, जैव विविधता का ह्रास, वन ह्रास,जलवायु परिवर्तन, मृदा क्षरण जैसे गंभीर संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने जनसंख्या वृद्धि के नियंत्रण के लिए विभिन्न उपायों जैसे रोजगार, शिक्षा, सरकारी नीतियाँ, जन जागरूकता पर जोर दिया। उक्त मौके पर पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश महतो, डा प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष मार्खम कॉलेज आफ कामर्स, डॉ. ए. के . रामानुज, विभागाध्यक्ष, बरही कॉलेज, शोधार्थीगण एवं समसत्र 4 एवं 2 के विद्यार्थी अच्छी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी परीक्षित तथा धन्यवाद ज्ञापन तूलिका राज वर्मा द्वारा किया गया।

### हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल नहीं देना चाहता है सूचना: मनोज गुप्ता




**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) के सौजन्य से लाइफ सपोर्ट सिस्टम से युक्त ये एम्बुलेंस 25 लाख की है,जिसे जुलाई 2022 में हजारीबाग मेडिकल कॉलेज, अस्पताल को दिया गया है। जिसका न0 JH02BH-0154 है। इस एम्बुलेंस के लॉगबुक में तीन चालक दर्ज है और वाहन एक है, खुले में खड़ी रहती है, मैं जब भी वहां गया एक ही स्थान पर पाया।
हमने अधीक्षक महोदय से सूचना अधिकार के तहत कई जानकारी मांगी थी उनमे से एक कि अभी तक इस एंबुलेंस से कितने लोगों को क्या सेवा दिया गया है, इस संबंध में जब उनके तरफ से महीनों बीत जाने के बाद भी कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ तो हमने अपीलीय पदाधिकारी सह क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं के यहां आवेदन दिया उनके निर्देशों के बावजूद भी पूर्ण जानकारी नहीं दी जा रहा है अभी तक जो जानकारी दी गई है वह सिर्फ यह बताया जा रहा है कि इस वाहन में कितने बार डीजल भराया गया और 3 वर्षों में 173 मरीजों को रिम्स रेफर किया गया है, जबकि हमें पूर्ण जानकारी चाहिए किस मरीज को किस तारीख को यहां से रेफर किया गया साथ में उनका नाम पता और संबंधित मोबाइल नंबर होना चाहिए जिससे यह पता लगाया जा सके कि इस लाइफ सपोर्ट से युक्त एम्बुलेंस से मरीज को किस वजह से रेफर किया गया था,ऐसा भी हो सकता है कि इसका फर्जी इस्तेमाल कर भुगतान लिया जा रहा हो।
शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में हजारीबाग जिले एवं चतरा, कोडरमा से भी मरीज आते हैं लेकिन अब तक लोगों का भरोसा हासिल नहीं किया है, यहां केवल रेफर करने का खेल चलता है।
यहां स्वास्थ्य विभाग, आउटसोर्सिंग, DMFT मद से सैकड़ों की संख्या में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी हैं,सभी विभागों के प्रमुख हैं फिर भी इमरजेंसी मरीजों को रेफर कर दिया जाता है तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल किस काम का है, विशेष परिस्थितियों में ही रेफर होना चाहिए लेकिन कोई सेवा करना नहीं चाहता है,दलाल तो स्थानीय नर्सिंग होम रेफर करवा देते हैं और लोग वहां जान बचाने जाते हैं जान गवांकर आते हैं।
सरकार करोड़ों रुपए खर्च करके भी बेहतर सेवा नहीं दे पा रही है, चारों तरफ लूट और भ्रष्टाचार का बोलबाला है,ऑक्सीजन प्लांट महीनों से खराब है, कई उपस्करों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, पूरी व्यवस्था फ़ेल है, सरकारी एम्बुलेंस सड़ रहे हैं और निजी वाहन मरीजों को लूट रहे हैं,जांच,एक्सरे,दवाई लेने बाहर भेजा जाता है। सभी सूचना हासिल कर जनहित में सुधार के लिए जल्द ही संघर्ष होगा।

# डॉ. राधाकृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग का सीबीएसई 10वीं का परिणाम उत्कृष्ट

● 93% अंक प्राप्त कर रितिक कुमार बने स्कूल टॉपर

**आदिवासी एक्सप्रेस**
डॉ. राधाकृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग, बोंगा (हजारीबाग) के छात्रों ने इस वर्ष केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। परिणाम की घोषणा होते ही विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के छात्र रितिक कुमार ने 93% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का स्थान प्राप्त किया। रितिक की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।
उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले अन्य छात्रों में आर्यन कुमार - 83%, दीपिका कुमारी 82%, अंजली कुमारी 80%, गुनगुन कुमारी - 80% और उज्जवल यादव 80% शामिल हैं। इन छात्रों




ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 100% रहा, जो विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली का परिचायक है।
विद्यालय के प्राचार्य रामचंद्र प्रसाद ने कहा, हमारे छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का ही परिणाम है कि हमने इतना शानदार प्रदर्शन किया है। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। विद्यालय की उप-प्राचार्या रौशन खान ने भी परिणाम पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के संयुक्त प्रयास से संभव हुई है।
विद्यालय की निदेशिका अंजू कुमारी ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह परिणाम शिक्षा की गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण है।

# कैंडिड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने कक्षा 10वीं CBSE बोर्ड परीक्षा में दिखाया शानदार प्रदर्शन

**ग्रामीण परिवेश में हमारा स्कूल कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की बनी है मिसालः निदेशक इनायतुल्लाह ख़ान**

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हज़ारीबाग।** हजारीबाग जिला के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत पबरा रोड रोमी स्थित कैंडिड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने CBSE कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन परिणाम देकर स्कूल का नाम रौशन किया है। हाल ही में घोषित परिणामों में विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की झलक साफ़ दिखाई दी।
स्कूल के टॉपर्स में शिवम कुमार मेहता ने 95त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कौनैन रज़ा ने 94% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इन दोनों छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों ने स्कूल को गौरवान्वित किया है। अन्य छात्रों ने भी सभी विषयों में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं, जिससे स्कूल का कुल परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा।

***10वीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतर***

प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बुधवार को स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया।






इस अवसर पर स्कूल के निदेशक इनायतुल्लाह ख़ान ने सभी छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की, जिन्होंने पूरे वर्ष छात्रों का मार्गदर्शन किया।
ग्रामीण परिवेश में हमारा स्कूल कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प की मिसाल बनी है। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर न केवल जिले में परचम लहराया है बल्कि अपने छोटे से गांव रोमी का नाम भी पूरे जिले में रोशन कर दिया। स्कूल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।
प्राचार्य मोहम्मद अबू बकर ने परिणामों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ÷हम अपने छात्रों पर गर्व करते हैं। उनका प्रदर्शन उनकी मेहनत और हमारे विद्यालय के सहयोगात्मक वातावरण का प्रमाण है।
इस मौके पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं में मो. अबू बकर, कामिल अख्तर, साजिद हुसैन, मो. इकबाल, शिजा इकबाल, मुसर्रत हाशमी, शाजिया परवीन, सालेहा नाज, मारिया फिरोज, साईबा परवीन, सीनम शेख, जीनत खान, सुम्बुल एरम, ऊरुश ए अम्बरीन सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि–पत्र**
**ई–निविदा सूचना सं० एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/06/25**

**पूर्ववत् प्रकाशित– 1. कार्य का नाम एवं स्थान :** अल्टरेशन ईन सिमेन्स मेक ई.आई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम एट 02 स्टेशन्स ईन कनेक्शन बिथ करेक्शन ईन यार्ड लेआउट वर्क एट (i) यार्ड रिमॉडलिंग एट सैयदराजा फॉर इनक्रिजिंग द सीएसएल ऑफ अप लूप लाईन एंड प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन डाउन लूप लाईन एंड (ii) प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन अप लूप लाईन एट गंज ख्वाजा स्टेशन | **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 2,56,99,717.75/– (दो करोड़ छप्पन लाख निनान्वे हजार सात सौ सतरह रूपये एवं पचहत्तर पैसे मात्र) | **3. धरोहर राशि :** ₹ 2,78,500.00/– (दो लाख अठहत्तर हजार पाँच सौ रूपये मात्र) | **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 13/05/2025 को 12:30 तक |

**पूर्ववत् प्रकाशित की जगह इसे पढ़ा जाय– 1. कार्य का नाम एवं स्थान :** अल्टरेशन ईन क्योसन मेक ई.आई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम एट 03 स्टेशन्स ईन कनेक्शन विथ करेक्शन ईन यार्ड लेआडट वर्क ऑफ (i) यार्ड रिमॉडलिंग फॉर इनक्रिजिंग द सीएसएल ऑफ सेकंड अप लूप एंड प्रोविजन ऑफ शटिंग नेक टू अवॉयड शंटिंग ईन मेन लाईन एट मानपुर (ii) प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन अप लूप लाईन एट परैया स्टेशन| (iii) प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन डाउन लूप लाईन एट गुरारू स्टेशन| **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 3,44,27,401.79/– (तीन करोड़ चवालीस लाख सताईस हजार चार सौ एक रूपये एवं उन्नासी पैसे मात्र)| **3. धरोहर राशि :** ₹ 3,22,100.00/– (तीन लाख बाईस हजार एक सौ रूपये मात्र) |**4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 27/05/2025 को 12:30 तक |

**मं०सं० एवं दू०सं० अभि०**
**पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.**
**पीआर/0245/डीडीयू/एस&टी/सी/25–26/48**

## संक्षिप्त समाचार

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल




**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के एक महिला के द्वारा दो दिन पूर्व यौन उत्पीडन को लेकर हंटरगंज थाना में आवेदन दिया गया था। मामले की जानकारी महिला ने थाना प्रभारी प्रभात कुमार को दी थी। इसके बाद पुलिस ने मामला को गंभीरता से लेते हुए पोस्को एक्ट कांड संख्या 86/25 दर्ज कर बारह घंटे के अंदर थाना क्षेत्र के औरु निवासी 26 वर्षीय पुत्र आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बच्ची के ब्रेन ट्यूमर ऑपरेशन के लिए चतरा सांसद द्वारा किया गया सहयोग



**विकाश कुमार कान्हाचट्टी**

प्रखंड के चारू निवासी मुकेश रविदास के पांच वर्षीय बच्ची के ब्रेन ट्यूमर ऑपरेशन के लिए चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने आर्थिक सहायता प्रदान किए। वही सांसद के मदद से बच्ची के ऑपरेशन के एम्स नई दिल्ली बच्ची और उसके परिजनों को रवाना किया गया। बताते चले कि चारू निवासी परी कुमारी पिता मुकेश रविदास जो आर्थिक रूप से काफी गरीब है। जिसे कुछ दिन पहले ही पता चला कि ब्रेन ट्यूमर है जिसके बाद बच्ची का परिवार इलाज के लिए चिंतित हो उठा। एक गरीब परिवार के इस तरह की बीमारी का इलाज करा पाना बहुत ही मुश्किल था लेकिन चतरा सांसद कालीचरण सिंह के सहयोग से यह संभव हो पाया और बुधवार को बच्ची के साथ उसके गार्जियन इलाज के लिए एम्स दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

### एक्साइज विभाग की टीम ने गोमो में एक राशन दुकानदार के घर पर छापामारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया



**गोमो।** एक्साइज विभाग के द्वारा बुधवार को गोमो के पुरानी बाजार स्थित राशन दुकानदार रणजीत सिंह के आवास पर छापामारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बोतल को जप्त किया है। मामले की जानकारी देते हुए एक्साइज विभाग के अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर वरीय पदाधिकारियों के आदेश पर आज गोमो के पुरानी बाजार के रणजीत सिंह किराना दुकान के आवास पर हरिहरपुर थाना प्रभारी के साथ ज्वाइंट रेड किया गया जिसमें विभिन्न ब्रांडों के भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बोतलें जब्त की गई है।

# स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने सीबीएसई 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में लहराया जीत का परचम- प्रधानाचार्य चंदन कुमार

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** सीबीएसई द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट की घोषणा के बाद स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल छतरपुर के बच्चों में खुशी की लहर है । इस शैक्षणिक वर्ष 2024 -25 मे विद्यालय की ओर से कुल 81 बच्चों ने छ्क्कस्श्व बोंड की परीक्षा दी थी जिसमें विद्यालय का परीक्षाफल शत -प्रतिशत रहा । मौके पर उपस्थित विद्यालय के चेयरमेन श्री मुकेश कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय के कुशल शिक्षकों के नेतृत्व में बच्चों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और भविष्य में भी निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कटिबध है । इस अवसर पर विद्यालय परिवार माता-पिता एवं बच्चों को शुभकामनाएं देता है । उक्त मौके पर उपस्थित विद्यालय के मैनेजर




व सचिव श्री उपेंद्र कुमार ने खुशी जताते हुए कहा कि हमारा विद्यालय लगातार बच्चों के विकास को लेकर सक्रिय रहता हैऔर हम सभी का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें ताकि उनका भविष्य निर्माण किया जा सके ।आज बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया कि उचित अवसर मिलने पर वह किसी से कम नहीं है ।उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदन जी एवं शिक्षकों को भी शुभकामनाएं दी कि उनके मार्गदर्शन में बच्चे इसी तरह से निरंतर बढ़िया करें । वही विद्यालय के डायरेक्टर श्री सुनील कुमार ने खुशी जताते हुए कहा कि हमारे स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे मार्क्स लाए हैं और छतरपुर जैसे छोटे से शहर का नाम रोशन किया है । बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को संवारने की जिम्मेदारी माता -पिता , शिक्षक एवं समाज की होती है ।अतः हम सभी को उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए ।यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है कि आज सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया और हमें गौरवान्वित महसूस कराया । विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री यू एन कपूर ने खुशी जताते हुए कहा कि यहां के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है और आज उन्होंने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम अर्जित कर इस बात को सिद्ध भी किया है ।उन्होंने बताया कि विद्यालय के लिए हर्ष का विषय है कि प्रधानाचार्य श्री चंदन कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों की मेहनत एवं लगन से बच्चे निरंतर अच्छा कर रहे हैं । विद्यालय कमिटी के मुख्य सदस्य श्री प्रेम शंकर शर्मा ने सभी माता-पिता एवं अभिभावकों को उक्त मौके पर आभार जताया है और उनसे प्रार्थना किया कि अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं और हमेशा सही स्कूल का चयन करें। समय-समय विद्यालय पहुंचकर बच्चों का अवलोकन जरूर करें।विद्यालय के मुख्य कार्यकारी सदस्य श्री शीतल सिंह ने विद्यालय के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें संबोधित किया कि भविष्य में भी वे विद्यालय का नाम इसी तरह से गौरवान्वित कराए। उन्होंने माता-पिता महिलाओं को को संदेश देते हुए कहा कि वह अपने बच्चों के पढ़ाई लिखाई पर हमेशा नजर बनाए रखें और समय-समय पर उनका मूल्यांकन करते रहें । विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री चंदन कुमार ने सभी माता-पिता एवं बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा जिसमें जिशान रजा ने सबसे ज्यादा 94.4 प्रतिशत अंक अर्जित किया और विद्यालय का टॉपर बना । साथ में कई विद्यार्थियों ने 90त्न से ऊपर अंक अर्जित किये । यह विद्यालय के लिए खुशी का विषय है ।उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी हमेशा से सजग है और विद्यालय भविष्य में और बेहतर परिणाम के साथ आगे बढ़ेगा।

# भूमि अधिग्रहण 2013 कानून पर सवाल, झारखंड उच्च न्यायालय ने रैयतों की हक में सुनाया फैसला

**भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार सीसीएल के चंद्रगुप्त रैयतों को मिलेगा कई गुना मुआवजा**

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**

**टंडवा- (चतरा)** भूमि अधिग्रहण 2013 कानून के अनुसार। झारखंड उच्च न्यायालय ने रैयतों की हक में सुनाया फैसला। रिट याचिकाकर्ताओं ने ये रिट आवेदन दायर किए हैं ताकि प्रतिवादियों को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता के अधिकार अधिनियम, 2013 के अंतर्गत वर्तमान बाजार मूल्य पर मुआवजे का भुगतान करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जा सकें (1) चट्टीबर्तियातु, (2) जोरदाग (3) नवाखाप (4) पचड़ा (5) सिझुआ, (6) उर्सू और (7) बुकरू गांवों के भूमि याचिकाकर्ताओं को उनकी भूमि में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा इसके उपयोग के लिए कोयला खनन



के प्रयोजनों के लिए अधिग्रहित की गई है, साथ ही प्रतिवादियों को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता के अधिकार अधिनियम, 2013 और झारखंड भूमि अधिग्रहण नियम, 2015 के अंतर्गत दर पर रैयतों के लिए घर, जमीन (कृषि या आवासीय) और अन्य स्थिरता का मूल्यांकन निर्धारित करने के लिए एक और निर्देश दिया गया है। बताते चले कि झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशानुसार वर्तमान स्थिति को देखते हुए नया दरों से मुआवजा तय कर दिया जायेगा।प्रतिवादियों की ओर से उपस्थित विद्वान अधिवक्ताओं ने जवाबी हलफनामा दायर किया है और स्वीकार किया है कि यदि याचिकाकर्ता व्यक्तिगत रूप से सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होंगे और नया दावा दायर करेंगे, तो उनके दावे पर भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 और झारखंड भूमि अधिग्रहण नियम, 2015 के आलोक में विचार किया जाएगा। इसकी जानकारी सीसीएल के चंद्रगुप्त भू-रैयतों के द्वारा बुकरु खेल मैदान में एक बैठक कर प्रेस कांफ्रेंस कर मिडिया को जानकारी दी। इस बैठक में अध्यक्षता आरएस पांडेय एवं संचालन संतोष नायक किया बैठक में मुख्य रूप से बिगुल प्रसाद, बालेश्वर साव, जगदीश साव, संजय साहू, श्यामसुंदर गुप्ता, कृष्ण यादव, मनोज यादव, राजेंद्र यादव, संजय पासवान, हरियाली साव, विजय राणा, प्रभु यादव, बंसी यादव, रंजन राणा, इसके अलावे भारी संख्या में भू-रैयत उपस्थित थे।

# भारतीय क्रिकेट में रोहित व विराट के योगदान को सलाम,यह सबके लिए भावुक क्षण-धनंजय तिवारी



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**पलामू।** नेशनल केयर फाउंडेशन के झारखण्ड राज्य प्रभारी एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के पलामू जिला संयोजक एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने रोहित और कोहली को टेस्ट मैच में संन्यास लेने के बाद कहा कि रोहित और विराट को सलाम और यह हर भारतीय के लिए एक भावुक क्षण है ।

श्री तिवारी ने कहा कि क्या ऐसा मजबूरी आ गया की दो महान बल्लेबाज एक के बाद एक टेस्ट में सन्यास लिया उन्होंने कहा कि रोहित और विराट को भारतीय टीम के योगदान को भूलना किसी भी भारतीय के लिए मुश्किल है और कहा कि रोहित शर्मा दो छक्के के चलते भारतीय रिकॉर्ड बनाने से चूक गए वहीं विराट कोहली अपना दस हजार रन बनाने से मात्र 970 रन दूर रह गए यह कहीं ना कहीं भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए दुख भरी खबर है श्री तिवारी ने कहा की बीसीसीआई और चयनकर्ताओं को यह देखना चाहिए कि थोड़ा सा के लिए दस हजार से चूक गए कोहली उसको कुछ मैच खेला कर पूरा करा देते और उन्होंने दोनों महान क्रिकेटरों को बधाई देते हुए कहा हम सब भारतीय भाग्यशाली हैं की विराट और रोहित जैसा क्रिकेटर हमारे देश में जन्म लिया है और श्री तिवारी ने दोनों से अनुरोध करते हुए कहा कि अगला वनडे वर्ल्ड कप तक आप दोनों खेले और भारत में तीसरी बार वनडे वर्ल्ड कप लाएं इसके लिए अग्रिम बधाई ।

# अज्ञात वाहन के चकमा से बाइक ताड़ के पेड़ से टकराई, युवक की मौत

- **तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**
- **हेलमेट होता तो बच सकती थी जान**

**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरी - प्रतापपुर मुख्य पथ निंजरा गांव के समीप अज्ञात वाहन के चकमा से पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर एक ताड़ के पेड़ से जा टकराई। जिससे युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई । स्थानीय लोगो ने इसकी



सूचना वशिष्ठ नगर जोरी थाना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए चतरा भेज दिया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के टंकू गांव के राजाहर टोला निवासी बोधी यादव का 35 वर्षीय पुत्र विजय यादव के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार विजय बुलेरो चलाक है। वह अपने घर से बुलेरों वाहन चलाने बाइक पर सवार होकर जोरी आ रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने चकमा देने के बाइक अनियंत्रित होकर ताड़ के पेड़ से टकरा गई। जिससे युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है और बाइक को पुलिस थाने ले आई है।

***तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया***

बताया जाता है की मृतक विजय के घर में उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं.सभी बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं, इस घटना के बाद से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और पत्नी की तबीयत लगातार खराब होती जा रही है.तीन छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

***हेलमेट होता तो बच सकती थी विजय की जान***

बताते चले की मृतक विजय अगर हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया था कि सिर में चोट आई थी। पुलिस सूत्रों की मानें तो घटनास्थल पर पुलिस को भी कोई हेलमेट नहीं मिला है। अब विजय के परीजनों ने सरकार से उचित मुआवजा की मांग की है।

# स्वतंत्रता आंदोलन एवं गुमनाम हुल क्रांति के महानायक वीर शहीद चानकु महतो

**गुणधाम मुतरुआर**

**चांडिल।** हमारा देश भारत के झाड़खंड प्रदेश के पांच प्रमंडलों में से एक प्रमंडल का नाम है संथाल परगना। यह प्रमंडल 6 जिलों का एक सम्मिलित रूप है जिसमें गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ शामिल हैं।इस प्रमंडल के गोड्डा जिले के रांगामाटिया गांव में एक साहसी और विलक्षण प्रतिभा वाले बालक का जन्म 9 फरवरी 1816 को हुए जिनका प्यार से नाम रखा गया था चानकु महतो। एक अद्भुत और विलक्षण प्रतिभा के धनी होने के कारण चानकु महतो अपने नाना धनीराम महतो के बहुत चहेते बन गए थे जिसकी वजह से इनकी शिक्षा-दीक्षा नाना के पास रहकर बाड़ेडीह गांव में ही हुई। उचित चिकित्सा की अभाव में इनकी मां की असमय देहावसान हो गई, इस गहरे सदमे के बावजूद भी चानकु महतो अपने घर रांगामाटिया में रहकर पिता के साथ मनोयोग से खेती करने लगे। इनकी काबिलियत और प्रतिभा को देखकर इन्हें गांव के प्रधान चुन लिए गए और फिर आदिवासी कुड़मी स्वशासन व्यवस्था के परगनैत भी बने। परगनैत कुड़मी समाज के कई गांवों के एक प्रधान होता है। उस गांव के आदि बुनियाद निवासी होने के कारण इन्होंने सामूहिक गतिविधियों का नेतृत्व भी करते थे। इस समय गोड्डा इलाके में भी ब्रिटिश सरकार का शोषण प्रारंभ हो चुका था और यहां अंग्रेजों द्वारा अप्रत्याशित भूमि करों में वृद्धि होने के कारण सभी लोग परेशान



थे। जो गरीब अथवा कम उपज के कारण कर देने में आनाकानी करते तो उनको तरह-तरह की यातनाएं दी जाती थी और उनकी जमीन दखलकर अर्थात अंग्रेजों द्वारा मूल रैयतों से जमीन छीनकर बाहर से लाये गये साहुकारों के नाम पर स्थानांतरण कर दी जाती थी। रैयत इस नयी व्यवस्था से अपरिचित थे। अब तक वे सामूहिक और सह अस्तित्व के साथ जीते आए थे, परंतु अब इस व्यवस्था से यह सब अपना जल, जंगल, जमीन उनसे छिना जा रहा था अथवा उसके लिए ब्रिटिशों द्वारा अपनी मनमानी रूप से कर की व्यवस्था थोप दी जाती थी। इस अत्याचार को देखकर चानकु महतो ने मूल रैयतों को संगठित करने का काम किया। जब अंग्रेजों ने इनके पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था पर भी हमला बोल दिया और एक अलग वैकल्पिक सरकार खड़ी कर गांव के ही आदिवासियों के माध्यम से शासन चलाने के लिए कर वसूली होने लगी एवं ब्रिटिशों की सत्ता विस्तार के साथ-साथ इनके अत्याचार और मनमानी बढ़ती गई। यहीं से पराक्रमी चानकु महतो का धैर्य टूटा और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक डाला। यहां के मूलनिवासियों और आदिवासियों को एकजुट करने के लिए चानकु महतो ने गांव-गांव बैठकें करने लगा और नेतृत्व भी स्वयं संभाला।

आपअन माटि आर आपअन दाना।
पेट काटि निहिं देबअं खाजना ।।

जैसे नारों से चानकु महतो ने इस इलाके के लोगों को प्रभावित किया और इससे जागृत होकर सैकड़ों युवा इनके साथ जुड़ते गए। हुल क्रांति से पहले 1853-54 में अपने प्रमुख सहयोगियों हुबली महतो,बलुआ महतो जैसे अनेकों क्रांतिकारियों के साथ दीकु महाजनों और ब्रिटिश हुकूमतों के खिलाफ घमासान आंदोलन छेड़ दिया। इधर संथाल लोग भी इन सरकार के शोषण से परेशान थे। वे लोग भी व्यापक आंदोलन छेड़ने की योजना बना रहे थे। परंतु इन्हें हिम्मत जुटाने में दिक्कतें आ रही थी क्योंकि कुछ दशकों पहले ही इन संथालों को इस ब्रिटिश सरकारों ने ही इस क्षेत्र में बसाया था। आज हम इस इलाके को संथाल परगना के नाम से जानते हैं। हुल क्रांति को जानने के लिए हमें संथाल व संथाल परगना के पृष्ठभूमि को भी जानना जरूरी है। संथाल परगना का नाम दो शब्दों से लिया गया है। संथाल एक जनजाति जो 1780 के दशक के आसपास इस क्षेत्र में पहली बार मध्य प्रदेश से आने लगे थे।परगना यह फारसी शब्द में प्रशासन की एक इकाई को कहा जाता है। इन बहिरागत संथालों को खेतीहर कुड़मी लोग खेती के सहयोग लिए साथ में रखते थे और वहीं जमींदारों ने नयी भूमि तैयार करने और खेती का विस्तार करने के लिए उन्हें भाड़े पर रखते थे । ब्रिटिश अधिकारियों ने उन्हें जंगल महलों में बसने का निमंत्रण दिया था। इन अधिकारियों के नजर में संथाल लोग आदर्श वाशिंदे प्रतीत हुए, क्योंकि उन्हें जंगलों का सफाया करने में कोई हिचक नहीं थी और वह भूमि को पूरी ताकत लगाकर जोतते थे। संथालों को जमीनें देकर राजमहल की तलहटी में बसने के लिए तैयार कर लिया गया। 1832 तक जमीन के एक काफी बड़े इलाके को दामिन-इ-कोह के रूप में सीमांकित कर दिया गया और इसे संथालों की भूमि घोषित कर दिया गया। दामिन-इ-कोह के सीमांकन के बाद संथालों की बस्तियां बड़ी तेजी से बढ़ीं, संथालों के गांव की संख्या जो 1838 में मात्र 40 थी, तेजी से बढ़कर 1851 तक 1473 तक पहुंच गई। इसी अवधि में, संथालों की जनसंख्या जो केवल 3000 थी, बढ़कर 82000 से भी अधिक हो गई। जैसे-जैसे खेती का विस्तार होता गया, वैसे-वैसे कंपनी की तिजोरियों में राजस्व राशि में वृद्धि होती गई। किंतु, संथालों ने भी जल्दी ही यह समझ लिया कि उन्होंने जिस भूमि को खेती करनी शुरू की थी वह उनके हाथों से निकलती जा रही है। संथालों ने जिस जमीन को साफ करके खेती शुरू की थी उस पर तत्कालीन सरकार भारी कर लगा रही थी, साहूकार (दीकू) लोग बहुत ऊंची दर पर ब्याज लगा रहे थे, और कर अदा न किए जाने की सूरत में जमीन पर ही कब्जा कर रहे थे, और जमींदार लोग दामिन इलाके पर अपने नियंत्रण का दावा कर रहे थे। संथाल लोग यह भी महसूस करने लगे कि जमींदारों, साहूकारों और औपनिवेशिक राज के विरुद्ध विद्रोह करने का समय आ गया है। इधर चानकु महतो जनता के बीच में एक महान नेतृत्वकर्ता व महानायक के रूप में पहचान बना चुके थे। संभवतः यहीं पर महतो माझी भाई-भाई का नारा चरितार्थ करते हुए क्रांति के महानायक चानकु महतो हुल विद्रोह को मानते हुए अपने आंदोलन को पूरे साथियों के साथ संथाल विद्रोह में शामिल हो गए। 30 जून 1855 की तिथि थी सिद्धू और कान्हू ने एक विशाल जनसभा का आयोजन किये थे । इस सभा में पूरे संथाल परगना से हजारों लोग एकत्रित हुए और विद्रोह कर दिए । इस विद्रोह में हजारों क्रांतिकारी मारे गए परंतु आंदोलन के नेतृत्वकर्ता बच गए। महान क्रांतिकारी चानकु महतो भी पुलिस के पकड़ से बच गए। इस हुल क्रांति में कुड़मी, संथाल और स्थानीय जातियों ने अहम योगदान दिया और हजारों इसमें बलिदान हो गए थे। इधर उभरता हुआ महानायक क्रांतिकारी चानकु महतो को अंग्रेजी पुलिस खोज रही थी। कई महिनों तक पुलिस चानकु महतो को खोजने में परेशान थे। 1855 के अक्टूबर महीने में क्रांतिकारी साथियों द्वारा मिलकर सोनार चौक में एक जनसभा बुलाई गई थी और उस जनसभा के मुख्यवक्ता के रूप में क्रांति के महानायक चानकु महतो थे। इसकी सूचना ब्रिटिश सरकार के चाटुकार नायब प्रताप नारायण ने सरकार के नुमाइंदे को दी थी। अंग्रेजी सेना द्वारा सारी व्यवस्था के साथ कार्रवाई के लिए सभा स्थल को चारों तरफ से घेर लिया था। क्रांति के महानायक चानकु महतो जैसे ही जनसभा को संबोधित कर रहे थे, चारों ओर से गोलियां बरसाने लगे। इस हमले में महानायक घायल हो गए, परंतु खुशकिस्मत रही कि उनके साथियों ने उन्हें किसी सुरक्षित स्थान पर ले गए। इस बार भी क्रांति के महानायक चानकु महतो पुलिस के पकड़ से बाहर थे। अंग्रेजी पुलिस गुस्से में पागल थे उन्होंने अपने मुखबिरों को आदेश दे दिया कि तुम्हें मुंह मांगा रकम दिया जाएगा लेकिन किसी भी हाल में क्रांति के महानायक चानकु महतो को सातवें आसमान से ढूंढ निकलना है। काफी मशक्कत के बाद मुखबिरों द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि क्रांति के महानायक अपने ननिहाल बाड़ेडीह गांव में इलाजरत है। पुलिस की छावनी पूरे गांव में तब्दील कर दी गई थी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। काफी यातनाएं व क्रूरता पूर्वक प्रताड़ना के बाद गोड्डा के राज कचहरी स्थित कझिया नदी के किनारे 15 मई,1856 को क्रांति के महानायक चानकु महतो को फांसी दे दी गई। इतने में भी अंग्रेजी सिपाहियों को शांति नहीं मिली और गुस्से में जाकर बाड़ेडीह कुड़मि बस्ती को पूरी तरह से तहस-नहस कर उजाड़ दिया । उनकी याद में आज भी कई घरों में एक वक्त के लिए चूल्हा नहीं जलाते हैं। उनके वंशज और ग्रामीण प्रत्येक वर्ष उनके जन्म एवं शहादत दिवस के उपलक्ष में विशेष आयोजन करते हैं। परंतु देश के इतिहास के पन्नों में क्रांति के महानायक चानकु महतो को उचित जगह नहीं मिली, क्योंकि तब और आज भी गोदी इतिहासकारों ने इतिहास लिखते हैं। इतिहास के इन अज्ञात क्रांतिकारी को स्थानीय व बहुत सारे सामाजिक संगठनों ने प्रत्येक वर्ष श्रद्धापूर्वक याद करते हैं। झारखंड, बंगाल, ओडिशा और असम आदि राज्यों में इनके जयंती, शहादत व हुल दिवस के रूप में कहीं-कहीं मूर्ति स्थापित कर भव्य आयोजन किए जाते है। इस वर्ष 15 मई गुरुवार 2025 को झारखंड प्रदेश के जिला पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया स्थित भालुकबिंधा (मेमक्लब) में राज्य के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मुख्य अतिथि के रूप में मूर्ति अनावरण कर गुमनाम क्रांति के महानायक चानकु महतो को श्रद्धांजलि अर्पण करेंगे साथ में सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो, पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री श्रीकांत महतो, सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, ओडिशा के राज्यसभा सांसद ममता महान्त आदि मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# कर्मियों के सेवा संहिता (स्थापना) से संबंधित उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

- इसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को स्थापना से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी देना ताकि वे नियमित सेवा का लाभ समय से उठा सके
- बेहतर कार्य करने वाले लिपिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



**पाकुड़-** रविन्द्र भवन टाउन हॉल में बुधवार को स्थापना से संबंधित एकदिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला प्रशासन द्वारा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया ।कार्यशाला का शुभारंभ पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, स्थापना उप समाहर्ता मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस कार्यशाला में शशि मिश्रा, सेवानिवृत्त प्रशासी पदाधिकारी, गुमला ने सभी लिपिकों को अनुक्रमणिका पंजी का संधारण, संचिका का संधारण, अभिलेख का संधारण, आवागमन पंजी, आगत/ निर्गत पंजियो का संधारण, प्रेषण, स्थानीय पत्राचार का निपटारा, रक्षी संचिका का संधारण, संचिकाओ का रख-रखाव, वेतनादि की निकासी एवं व्ययन प्रकिया, बजट निर्माण की प्रकिया, प्रत्यार्पण की प्रक्रिया, उपयोगिता प्रमाण पत्र, विभागीय कार्यवाही, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति, नाजीर रसीद, रोकड़ बही, विपत्र पंजी, आवंटन पंजी, कोषागार वाहक पंजी का संचालन प्रकिया, निविदा का निष्पादन, आकस्मिक अवकाश लेखा का संधारण, सरकारी पदाधिकारियों/ कर्मियों को छुट्टी लेखा व स्वीकृति की प्रकिया एवं गणना, सेवापुस्त का संधारण, हिन्दी टिप्पण एवं प्रारुपण परीक्षा/विभागीय परीक्षा उत्तीर्णता की अनिवार्यता, सेवा पुस्तिका में वार्षिक वेतन वृद्धि दर्ज किये जाने की प्रकिया, लिपिक?/ राजस्व उपनिरीक्षक एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी का सेवा संपुष्टि हेतु अनिवार्यता, लिपिक/ राजस्व उपनिरीक्षक एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी का वित्तीय उन्नयन यथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय एसीपी/ एमएसीपी की स्वीकृति हेतु वांछित अर्हता, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, माननीय उच्च न्यायालय में प्रतिशपथ पत्र दायर किया जाना एवं पेंशन, स्थापना संबंधी सभी तरह के संदेह निवारण पर परिचर्चा की गई।

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य कमियों में सुधार करना है। उन्होंने बताया कि एक लिपिकीय भूल से बहुत कुछ बदल जाता है। इसलिए आप सभी कर्मियों को कार्य में सतर्कता बरतनी है। उपायुक्त ने कहा कि जिस दिन से मैं पाकुड़ जिले का पदभार ग्रहण किया हूं उस दिन से ही स्थापना, अनुकम्पा नियुक्ति, एमएसीपी आदि कार्यों को लंबित नहीं रखा, सभी कार्यों को ससमय निष्पादन किया है। सर्विस बुक अद्यतन करने हेतु एक महीने का समय लिपिकों को दिया गया। इन कार्यों में सुगमता लाने हेतु जिला में एक पोर्टल बनाया जा रहा है जिसमें सर्विस बुक के चेकलिस्ट को अपलोड किया जाएगा। उपायुक्त ने लिपिकों से कहा कि नियमों को ताक पर रखकर कोई हस्ताक्षर न करें। साथ ही फाईल को दबाकर नहीं रखने एवं बेकडेट से फाईल न बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। एक महीने बाद सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा तथा सभी तरह के फाईलों की जांच की जाएगी। पुराने लिपिकों से नए लिपिकों को सीखने की जरूरत पर जोर दिया।

पाकुड़ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि लिपिक वर्ग जिला प्रशासन की रीढ़ है। पुलिस अधीक्षक ने विधानसभा आम चुनाव 2024 में लिपिकों के बेहतर कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में आप सभी आज जितना कुछ सीखना है सीख लिजिए जिसमें संदेह लगे तो विशेषज्ञों से सवाल-जवाब अवसर न जाने दें।

अंत में बेहतर कार्य करने वाले लिपिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन पर डीएमओ की कार्रवाई

- लगभग 600 सीएफटी अवैध पत्थर चिप्स ले जाते वाहन पकड़ाया



**दुमका।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे निर्देश के आलोक में डीएमओ आनंद कुमार के द्वारा अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन को लेकर कार्रवाई की गई है। डीएमओ के निर्देश पर रिंग रोड दुमका में अवैध तरीके से पत्थर चिप्स ले जाते खान निरीक्षक ब्रह्मदेव यादव एवं गौरव कुमार सिंह के द्वारा वाहन पकड़ा गया है। डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि अवैध पत्थर का ढुलाई किया जा रहा है जिसको लेकर खान निरीक्षक के द्वारा बुधवार को रिंग रोड में छापेमारी की गई जहां वाहन संख्या-द्ध॥04ङ्ग-9239 पर पत्थर चिप्स ले जाते पाया गया। जब वाहन चालक से कागजात की मांग की गई तो चालक द्वारा कोई भी कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया जिसके बाद वाहन को लगभग 600 सीएफटी चिप्स के साथ जप्त करते हुए थाना के सुपुर्द कर दिया गया। डीएमओ आनंद कुमार ने स्पष्ट कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार का धंधा नहीं होने दिया जाएगा।

### जिला प्रशासन के प्रयास से दिवंगत मजदूर के पत्नी को दिया गया 10 लाख का चेक

- लेह लद्दाख में कार्य के दौरान हुई थी मौत विनोद हेंब्रम की



**सौरभ भगत**
**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता अमड़ापाड़ा**

**आमड़ापाड़ा (पाकुड़)** जिला प्रशासन के प्रयास से मजदूर दिवंगत विनोद हेम्ब्रम के आश्रित उनकी पत्नी मुखी टुडू को दस लाख रुपए का चेक दिया गया। मालूम हो कि लेह-लद्दाख में कार्य के दौरान विनोद हेम्ब्रम की मृत्यु होने पर ग्रुप टर्म इंश्योरेंस का 10 लाख का चेक उपायुक्त पाकुड़ के आदेश पर अमड़ापाड़ा प्रखंड के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, मुखिया, प्रधान, पंचायत सचिव, परिजनों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अमड़ापाड़ा श्री प्रमोद कुमार गुप्ता के हाथों यह चेक प्रदान किया गया।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने विभिन्न दुकानों पर जाकर खाद्य एवं पेय पदार्थ की जांच की



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** बुधवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री धनेश्वर हेंब्रम ने शहर के हरिणडांगा बाजार, धुलियान रोड, एवं कलिकापुर स्थित विभिन्न रेस्टोरेंट, मिठाई एवं रिटेल दुकानों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने खाद्य पदार्थ बनाने में इस्तेमाल किया जा रहे पानी के नियमित जांच करवाने का निर्देश दिया तथा फुड ग्रेड पैकेजिंग सामग्री का प्रमाण पत्र, कीट नियंत्रण प्रमाण पत्र, व्यक्तिगत स्वच्छता, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं रिकॉर्ड मेंटेन करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में जांच हेतु सात खाद्य नमुना संग्रह किया गया। अमित कुमार दास के प्रतिष्ठान में फूड लाइसेंस डिस्प्ले नहीं किया हुआ पाया गया जिसे तुरंत डिस्प्ले करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि पैकेज खाद्य सामग्री खरीदते समय एफएसएसएआई नंबर, मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट अवश्य जांच ले।

## टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा कर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



उपायुक्त मनीष कुमार ने बुधवार को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा किया। बैठक में वर्ष 2025 तक टीबी को खत्म करने के लक्ष्य को प्राप्त करने पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी गांव में इसके लक्षण तथा बचने के उपाय का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिला में टीबी को वर्ष 2025 में ही जड़मूल से खत्म करने के लिए अथक प्रयास करने की आवश्यकता है जिसके लिए सरकार व जिला प्रशासन द्वारा पीड़ित को हरसंभव मदद की जा रही है। उपायुक्त ने सभी टीबी मरीजों का महीनावार उपचार का डाटा का मांग किया। उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि जो भी ऑन ट्रीटमेंट मरीज हैं उनका एरिया चिन्हित कर सूची बनाया जाए। पिछले वर्ष के टीवी मरीजों का पॉजिटिविटी रिपोर्ट तैयार किया जाए। पिछले 5 वर्षों में टीवी मरीज किस-किस क्षेत्र से आए हैं उनका एरिया को चिन्हित किया जाए। टीवी मरीजों का किस-किस महीने का डीबीटी भुगतान हुआ है महीनावार सूची बनाया जाए। साथ ही सभी टीबी मरीजों का शत प्रतिशत डीबीटी के माध्यम से भुगतान करना सुनिश्चित किया जाय। जनभागीदारी के तहत सौ दिवसीय टीवी मुक्त भारत अभियान को बेहतर तरीके से शुभारंभ किया जाए ताकि शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

## किसानों के बीच चलित सोलर पम्प का किया गया वितरण

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**




**पाकुड़-** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना किसान समृद्धि अंतर्गत जिला के सभी प्रखंडों से 14 किसानों के बीच 2 एचपी चलित सोलर पंपसेट का वितरण सांसद प्रतिनिधि श्री श्याम यादव के द्वारा संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर में किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सिंचाई हेतु डीजल एवं पेट्रोल इंजन पर किसानों की निर्भरता को कम करना तथा खेती की लागत में कमी लाना है। इस चलित सोलर पंपसेट इकाई का किसान अपने घरेलु उपकरणों, जैसे- आटा, चक्की, थ्रेसर आदि को चलाने में कर सकते हैं। किसान व्यक्तिगत या समूह के माध्यम से 10 प्रतिशत अंशदान देकर किसान समृद्धि योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पाकुड़ जिला को उक्त योजना अंतर्गत 161 चलित सोलर पम्पसेट के वितरण का लक्ष्य प्राप्त है।

वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रभारी उप परियोजना निदेशक सह तकनीकी सहायक सपन सोनल तिर्की, बीटीएम शमीम अंसारी, एटीएम मो जुमैद, एटीएम पाकुड़ नीलम श्रीवास्तव एवं एटीएम लिट्टीपाड़ा रामेश्वर मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## अभियान चलाकर अवैध खनन-परिवाहन पर लगायें अंकुशः उपायुक्त

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**



**पाकुड़-** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। पाकुड़ उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव, अवैध भंडारण के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार जानकारी ली। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारियों को निगरानी करते हुए प्रखंड, अंचल स्तर पर अभियान चलाकर अवैध खनन- परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने को कहा। उन्होंने अवैध बालू खनन-पत्थर खनन पर अंकुश लगाने को लेकर ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पदाधिकारी, डीटीओ, डीएमओ, सीओ एवं थाना प्रभारी को नियमित क्षेत्रों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण करने को कहा। अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने को कहा।

इस बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, मुख्यालय डीएसपी, एसडीपीओ, पाकुड़ एवं महेशपुर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### डहुजोर और सिमरा के बीच पुलिया के पास सुचना पर पुलिस ने एक अज्ञात 25 बर्षिय युवक की शव को किया बरामद क्षेत्र में सनसनी



**रामगढ़/रामजी साह।**

रामगढ़ थाना क्षेत्र के डहु जोर और सिमरा के बीच कच्ची सड़क पर पुलिया के नजदीक बुधवार को ग्रामीणों की सूचना पर रामगढ़ पुलिस ने एक अज्ञात 25 वर्षीय आदिवासी युवक की शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा है वहीं युवक की सब मिलने पर तरह-तरह की बातें फैल रही है तथा क्षेत्र में सनसनी फैल गई है वही इस मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा गया है यह पूछे जाने पर की यह हत्या है या आत्महत्या तो इन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है बहरहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### रोजगार मेला के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने किया बैठक



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में श्रम अधीक्षक कार्यालय एवं नियोजन कार्यालय के पुरे टीम के साथ संयुक्त रूप से बैठक आयोजित की गई जिसमें नियोजन पदाधिकारी को दिनांक-25.05.2025 को कृषि उत्पादन बाजार समिति प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक कार्यालय को निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं एवं अधिनियमों की विस्तृत विवरणी के साथ पीपीटी तैयार कर शुकवार को दिखाया जाय।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक




**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

पाकुड़ समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में नार्कोटिक्स समन्वय समिति (NCORD) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नशीली दवाओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों, नशीले पदार्थों के उत्पादन, प्रसंस्करण और तस्करी की रोकथाम पर चर्चा की गई। इसके अलावा, नगर क्षेत्र के युवा आबादी में नशे के खिलाफ जागरूकता लाने तथा नशा के खिलाफ जांच अभियान चलाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार को समाप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। अंतर्राज्यीय और अंतरजिला मार्गों पर तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में जानकारी एकत्र कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात की गई।

## डीसी की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन व सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा की।

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाने, हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम करने का निर्देश दिया। हिट एंड रन के पीड़ित परिवार को समय पर मुआवजा प्रदान करने के लिए भी कहा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर ई-पॉस के माध्यम से निर्गत किये गये चालान की राशि उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामी / चालक के द्वारा जमा नही किया जा रहा है वैसे वाहन स्वामी / चालक को नियम संगत कदम उठाकर बकाया राशि का भुगतान कराने की प्रकिया में तेजी लाई जाय एवं ऐसे वाहन स्वामी / चालक जो बकाया दण्ड की राशि का भुगतान नहीं कर रहे है। ऐसे वाहनों को चिन्हित कर काली सूची में दर्ज करने के साथ अन्य आवश्यक कार्रवाई करने की प्रकिया में तेजी लाई जाय। सड़क किनारे नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को टो-व्हीक्ल से टो करके संबंधित थाना को सुपुर्द करने के साथ नियम संगत कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पाकुड़ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने प्रतिदिन सघन वाहन जाँच अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिला अंतर्गत सभी सड़क मार्गो पर परिचालित होने वाले ट्रक, हाईवा, ट्रेक्टर एवं अन्य व्यवसायिक वाहनों पर परिवहन विभाग के नियमानुसार अतिरिक्त रूप से किसी प्रकार लोहा एंगल, पटरा एवं अन्य लगा नही होना चाहिये। नियमों का उल्लंघन करने वाले तथा ऐसा वाहन परिवहन करने वाले वाहन स्वामी एवं चालकों के उपर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।

## देश का मान हैं कर्नल सोफिया क़ुरैशी, उन पर इतनी भद्दी टिप्पणी बेहद शर्मनाक है, तत्काल देशद्रोह का मुकदमा हो: दानिएल किस्कू

- झामुमो नेता दानिएल किस्कू ने मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग की है

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** झामुमो के वरिष्ट कार्यकर्ता दानिएल किस्कू ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी, बेहद शर्मनाक है, बीजेपी मंत्री विजय शाह को मंत्री मंडल से बर्खास्त करते हुए तत्काल देशद्रोह का मुकदमा होना चाहिए।

भारतीय सेना पर गर्व और ऑपरेशन सिंदुर की नायिका कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री श्री विजय शाह की आपत्तिजनक टिप्पणी ने राजनीति में भूचाल ला दिया है। दानिएल किस्कू ने कहा भारतीय सेना को और हौसला देने की आवश्यकता थी

**क्या सिर्फ माफ़ी काफी है?**

देश का मान हैं कर्नल सोफिया क़ुरैशी, उन पर इतनी भद्दी टिप्पणी बेहद शर्मनाक है. ऐसे बयानों पर भी जीरो टॉलरेंस की जरूरत है अबज्सेना का सम्मान न छीनो-कर्नल किसी धर्म की नहीं, भारत देश की होती हैं। दानिएल किस्कू ने कहा कि भाषा की मर्यादा, शब्दों की गरिमा और सभ्यता की सारी सीमाएं लांघते हुए बेशर्म मंत्री विजय शाह ने घिनौना और शर्मनाक बयान दिया है।

देश की शान, हमारी वीर बहादुर अफसर कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान पूरे भारत की नारी शक्ति का अपमान है।

यदि भाजपा में थोड़ा सा भी देश प्रेम शेष हो और उसे नारी सम्मान की परवाह है तो ना सिर्फ विजय शाह से तुरंत इस्तीफा लेना चाहिए, बल्कि उस पर तत्काल देशद्रोह और नारी शक्ति के अपमान के लिए प्रकरण दर्ज होना चाहिए!

# देश की समरसता-संप्रभुता की रक्षा का वक्त

## >> विचार

> “ आज भारत और पाकिस्तान दोनों ही एटॉमिक ताकतें हैं। दोनों के पास परमाणु बम हैं। और, दुर्भाग्य से, पाकिस्तान जब-तब यह धमकी देता रहता है कि वह परमाणु शक्ति का उपयोग कर सकता है। अब प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट करना ज़रूरी समझा है कि 'हम इस धमकी से नहीं डरेंगे।' हमारी सेनाओं के आला अफसर भी यह कह चुके हैं कि 'भय बिनु होय न प्रीति।' पाकिस्तान को इस संकेत की महत्ता समझनी चाहिए। बहरहाल, पहलगाम के अमानवीय कृत्य के बाद भारत ने जो कदम उठाये हैं, वे यह तो स्पष्ट करते हैं कि अब पाकिस्तानी ज़मीन से संचालित होने वाली आतंकवादी गतिविधियों को सहने के लिए यह देश तैयार नहीं है।

**विश्वनाथ सचदेव**

बारह मई की सुबह से ही टीवी चैनलों पर प्रधानमंत्री के 'राष्ट्र के नाम संदेश' की चर्चा होने लगी थी। कई खबरिया चैनलों ने तो बाकायदा यह चर्चा भी की कि प्रधानमंत्री अपने संदेश में क्या कहेंगे! आखिरकार प्रधानमंत्री बोले। अपने संदेश में उन्होंने जो कुछ कहा वह लोगों के कयास से बहुत अलग नहीं था। बड़ी स्पष्टता और बेबाकी के साथ उन्होंने यह बताया कि भारत-पाक के बीच का 'संघर्ष-विराम' हमने अपनी शर्तों पर किया है। अपने लगभग बाईस मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का नाम लिये बिना यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि हमने यह कदम किसी अन्य देश के दबाव में आकर नहीं उठाया है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि पाकिस्तान के आग्रह पर ही संघर्ष-विराम के लिए बातचीत हुई थी। उन्होंने यह कहना भी ज़रूरी समझा कि पाकिस्तान से साफ कह दिया गया है कि अब यदि आतंकवाद की एक भी घटना घटी तो इसे भारत के खिलाफ युद्ध ही माना जायेगा और हम उसी के अनुरूप कदम उठायेंगे। हम क्या कदम उठा सकते हैं, यह हमारी सेनाएं इन दिनों में बखूबी बता चुकी हैं। कहने को पाकिस्तान कुछ भी कह सकता है, पर सारी दुनिया ने देखा है कि इस दौरान भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को तहस-नहस करने में पूरी सफलता पायी है। हमारे सेना-अधिकारी यह बात पहले से कहते आ रहे थे, प्रधानमंत्री ने इसे दुहरा कर देश के दावे पर मुहर ही लगायी है। बिना पाकिस्तान में प्रवेश किये ही हमारी सेनाओं ने सौ से अधिक आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया है। सैन्य-कार्रवाई की दृष्टि से यह बहुत बड़ी सफलता है। अपनी सेना की इस सफलता पर देश निश्चित रूप से गर्व कर सकता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 'पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते।' इसका सीधा अर्थ यही है कि सिंधु-नदी के जिस पानी को भारत ने पाकिस्तान में पहुंचने से रोका है, वह फिलहाल फिर से नहीं बहेगा। पाकिस्तान को अपनी करनी से यह बताना होगा कि वह कायराना आतंकवादी हमलों की नीति से बाज़ आ गया है। एक और




बड़ी बात जो प्रधानमंत्री मोदी के इस संदेश से स्पष्ट होकर सामने आयी है, वह यह है कि भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा। आज भारत और पाकिस्तान दोनों ही एटॉमिक ताकतें हैं। दोनों के पास परमाणु बम हैं। और, दुर्भाग्य से, पाकिस्तान जब-तब यह धमकी देता रहता है कि वह परमाणु शक्ति का उपयोग कर सकता है। अब प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट करना ज़रूरी समझा है कि 'हम इस धमकी से नहीं डरेंगे।' हमारी सेनाओं के आला अफसर भी यह कह चुके हैं कि 'भय बिनु होय न प्रीति।' पाकिस्तान को इस संकेत की महत्ता समझनी चाहिए। बहरहाल, पहलगाम के अमानवीय कृत्य के बाद भारत ने जो कदम उठाये हैं, वे यह तो स्पष्ट करते हैं कि अब पाकिस्तानी ज़मीन से संचालित होने वाली आतंकवादी गतिविधियों को सहने के लिए यह देश तैयार नहीं है। बिहार की एक 'चुनावी सभा' में भी प्रधानमंत्री ने यह साफ कहा था कि पहलगाम के अपराधियों को कल्पनातीत सज़ा दी जायेगी। अब हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि 'कल्पनातीत' के क्या अर्थ हो सकते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस घटनाक्रम से पाकिस्तान कुछ सीख ले पायेगा।

इस दौरान देश ने जिस एकजुटता का परिचय दिया है, वह भी एक तरह से कल्पनातीत ही है। समूचे विपक्ष ने एक स्वर से आतंकवादी गतिविधियों की भर्त्सना की थी और एक स्वर से ही यह भी कहा था इस संघर्ष के संदर्भ में सरकार जो भी कदम उठाती है, विपक्ष उसका समर्थन करेगा। पहले भी हम पाकिस्तान को चार युद्धों में पराजित कर चुके हैं, और पहले भी हम इस तरह की एकजुटता दिखा चुके हैं, पर इस बार कुछ विशेष था। पहलगाम की घटना ने सारे देश के मानस को हिला कर रख दिया था। पहलगाम में जो कुछ हुआ वह चरम अमानुषिकता का एक उदाहरण है। और इसके बाद देश ने जो एकजुटता दिखाई, वह भी इस बात का उदाहरण है कि महाभारत के कौरवों-पाण्डवों की तरह भले ही हम सौ और पांच हों, पर यदि सवाल देश की रक्षा का है तो हम सौ और पांच नहीं, एक सौ पांच हैं! पहलगाम-काण्ड ने एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों को एक स्वर से बोलने का अवसर दिया है। लेकिन, और यह महत्वपूर्ण है, संघर्ष के दौरान भले ही सवाल उठाना उचित नहीं था, पर अब, जबकि स्थितियां सुधरने का संकेत दे रही हैं, हमें यानी 140 करोड़ भारतीयों को अपने आप से यह सवाल पूछना होगा कि हम अक्सर बांटने वाली ताकतों की हिमाकतों के शिकार क्यों बन जाते हैं? पहलगाम की घटना की अमानुषिकता हर दृष्टि से निंदनीय है, पर इस घटना से हम यह सबक तो ले ही सकते हैं कि यह 'हमला' कुछ सैलानियों पर ही नहीं था, हमलावर भारतीय समाज की एकता को खण्डित करना चाहते थे। इसीलिए नाम पूछकर गोलियां चलीं। हमारे लिए ज़रूरी है कि हम इस हमले के निहितार्थों को समझें। आतंकवादियों की कोशिश यह थी कि धर्म के आधार पर भारतीयों को बांटने का षड्यंत्र रचा जाये पर उनकी यह कोशिश सफल नहीं हो पायी। पर हमें यह भी स्वीकारना होगा कि आतंकवादी ही नहीं, कुछ अन्य तत्व भी हैं जो अपने स्वार्थों के लिए हमें बांटना चाहते हैं। आवश्यकता इनके मंसूबों को विफल बनाने की है। सोशल मीडिया पर दो-चार दिन पहले ही एक चित्र वायरल हुआ था। एक मुसलमान सिपाही के घर का चित्र था। दरवाजे के ऊपर संगमरमर की एक पट्टी थी। जिस पर लिखा था, 'सीमा की रक्षा करने वाले का घर।' देश की रक्षा मात्र देश की सीमाओं पर ही नहीं करनी होगी, देश के भीतर भी रक्षा करनी होती है। इस भीतर की रक्षा का मतलब है हर भारतवासी अपने भीतर की भारतीयता को जगाये रखे। दुर्भाग्य से, यह भीतर का भारतवासी कभी-कभी कमज़ोर पड़ जाता है। उसकी मजबूती की रक्षा करना ज़रूरी है। उसे कमज़ोर बनाने वाली ताकतें अपना काम लगातार कर रही हैं। ऐसी ताकतें ही इस तरह के सवाल उठाती हैं कि 'हर मुसलमान भले ही आतंकवादी न हो, पर हर आतंकवादी मुसलमान क्यों होता है?' यह सवाल ही बेहूदा है। क्या सारे नक्सली मुसलमान होते हैं? क्या सारे अलगाववादी मुसलमान हैं? क्या जिन्हें टुकड़ा-टुकड़ा गैंग कहा जाता है, वे सब मुसलमान हैं? इनमें से एक सवाल का उत्तर भी 'हां' में नहीं है, तो फिर आतंकवाद को धर्म से जोड़ने का क्या मतलब है? पाकिस्तान का जन्म धर्म के आधार पर हुआ था, यह सही है, पर यह सरासर गलत है कि बंटवारे के समय पाकिस्तान के बजाय भारत में रहने का निर्णय लेने वाले मुसलमान को किसी भी तरह से कम भारतीय आंका जाये। अपने स्वार्थों की सिद्धि के लिए कुछ लोग, कुछ ताकतें लगातार इस कोशिश में लगी रहती हैं कि धर्म के नाम पर समाज को बांटा जाये। इन ताकतों में, और पहलगाम में नाम पूछकर गोली चलाने वाले आतंकियों में कोई विशेष अंतर नहीं है। आवश्यकता इन ताकतों को विफल करने की है। प्रधानमंत्री ने अपने बहुप्रतीक्षित संदेश में इस मुद्दे को भी उठाया होता तो बेहतर होता। वैसे उन्हें यह भी स्पष्ट करना चाहिए था कि भारत की प्रभुसत्ता की रक्षा हर कीमत पर होनी चाहिए। अपने दोस्त राष्ट्रपति ट्रम्प को भी उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहना चाहिए था कि भारत अपने मामलों को सुलझाने में सक्षम है। अमेरिकी अखबारों में ट्रंप के झूठ अक्सर गिनाये जाते हैं। फिर भी, प्रधानमंत्री को देश को भरोसे में लेना चाहिए कि वे किसी विदेशी ताकत के इशारे पर काम नहीं करेंगे। इस प्रश्न का उत्तर भी मिलना चाहिए कि किसी और देश का राष्ट्रपति हमारे युद्धविराम की घोषणा कैसे कर सकता है? देश की प्रभुसत्ता से कोई समझौता नहीं हो सकता। देश सर्वोपरि है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संपादकीय

### संघर्ष विराम के बाद भी

पहलगाम हमले के बाद आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले किए थे। इसके साथ ही सरकार ने सप्रमाण दुनिया भर को बता दिया था कि उसका मकसद पाकिस्तान पर नहीं, बल्कि वहां चल रहे आतंकी संगठनों पर हमला करना था। मगर पाकिस्तान ने उसके जवाब में भारतीय सीमा के नागरिक ठिकानों पर गोलाबारी शुरूकर दी थी, जिसका जवाब देना जरूरी हो गया था। ऐसे में स्थिति लगातार संघर्ष के बढ़ते जाने की बन गई थी। संघर्ष किस हद तक पहुंच जाता, कहना मुश्किल है। इसलिए सैन्य संघर्ष पर विराम और आतंकवाद के खिलाफ नई रणनीति बनाना जरूरी था। भारत शुरू से कहता रहा है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। फिर, उसका जोर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और दुनिया की शीर्ष शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं में शुमार होने पर है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ लंबे समय तक सैन्य संघर्ष में उलझे रहना कोई समझदारी की बात नहीं होती। फिर, जिस तरह के वैश्विक समीकरण बने हैं, उसमें यह संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित रह पाता, यह कहना भी मुश्किल था। इसके अलावा, दुश्मन देश के साथ तनाव के वातावरण में अगर कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा हो तो उसे ठीक नहीं कहा जा सकता। संघर्ष विराम के बाद भी सीमा पर पाकिस्तानी सेना की तरफ से गोलीबारी थमी नहीं है। सेना ने आशंका जाहिर की है कि ऐसा वह आतंकवादियों की घुसपैठ कराने और हमारी चौकियों पर कब्जा करने की मंशा से कर रही होगी। शोपियां में तीन आतंकवादियों के मार गिराने की घटना भी संघर्ष विराम के बाद की है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान पर किसी भी तरह विश्वास नहीं किया जा सकता। इस सैन्य संघर्ष के समय यह एक बार फिर उजागर हो गया कि पाकिस्तानी सेना का आतंकी संगठनों के साथ गहरे रिश्ते हैं। ऐसे में, अगर भारतीय सेना ने नई रणनीति के लिए कुछ समय का विराम लिया है, तो इसे अनुचित नहीं कहा जा सकता।

# 'विराट' बल्लेबाजी का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

**हरि ॐ पंजवानी**

भारतीय क्रिकेट के लिए यह सप्ताह इस दृष्टि से मायूस करने वाला है कि दो दिग्गज टेस्ट क्रिकेट के परिदृश्य से हट गए हैं। पहले कप्तान रोहित शर्मा ने इससे संन्यास लिया तो अब विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। वैसे तो हर खिलाड़ी के जीवन में यह मुकाम आता है जब उसे अपनी पारी को विराम देना होता है। लेकिन, इन सभी में कुछ ऐसे होते हैं जिनका जाना असामान्य ही कहा जाना चाहिए। विराट उन्हीं कुछ विशिष्ट खिलाड़ियों की श्रेणी में शुमार आला दर्जे के बल्लेबाज हैं, जिन्हें हमेशा सम्मान के साथ देखा जाता रहेगा-ऑल टाइम ग्रेट्स के रूप में। कभी डॉन ब्रेडमैन ने हमारे सचिन तेंदुलकर के लिए कहा था कि वे सचिन की बल्लेबाजी में अपनी झलक देखते थे, तो विवियन रिचर्डस जब विराट कोहली को बल्लेबाजी करते देखते थे तो उन्हें अपना खेल याद आ जाता था। और विव रिचर्डस की बल्लेबाजी क्या थी? आक्रामक, विध्वंसक, जुझारू और इनके साथ ही इतनी कलात्मक भी कि देखने वाले सोचें कि इसे देखते ही रहें और यह कभी खत्म ही न हो। विराट ने इसे जल्दी खत्म भी नहीं होने दिया। 123 टेस्ट मैचों तक उन्होंने देश दुनिया के दर्शकों को आनंदित और क्रिकेट को गौरवान्वित किया। विराट कोहली क्या रहे हैं, इसे महसूस ब्रायन लारा की ताजा प्रतिक्रिया से किया जा सकता है जो उन्होंने विराट के संन्यास का विचार सामने आने के बाद की। लारा ने विराट से अपील की कि वे टेस्ट क्रिकेट नहीं छोड़े, टेस्ट क्रिकेट को उनकी अभी भी बहुत जरूरत है। टेस्ट क्रिकेट को ऐसे खिलाड़ी की आवश्यकता क्यों न होगी जो कि उसकी शान रही है। दुनिया में ऐसे कितने खिलाड़ी हैं, जो पहले दिन से अपनी टीम की धुरी और दूसरी टीमों की आंखों की किरकिरी रहे हैं। इनमें भी विराट कोहली जैसी विश्वसनीयता वाले खिलाड़ी तो और भी विरले होते हैं। दूसरी टीमें सबसे पहले यही सोचती थी कि विराट को मैदान से कैसे जल्दी चलता किया



जाए। इसके लिए रणनीति बनाती थीं और कई-कई बार नाकाम होती थीं। वे क्रीज पर रहते तो टीमें उनसे खौफ खाती थीं। उनकी इस खासियत का उल्लेख करना बहुत जरूरी है कि वे लक्ष्य का पीछा करने में मास्टर रहे। खेल और मैच पर किस तरह नियंत्रण किया जाता है, यह विराट को देखकर जाना जा सकता है। देश के लिए विराट का यह योगदान अमूल्य है, इसके बावजूद यह इतना ही नहीं है। विराट का नाम एक कप्तान और साथी खिलाड़ी के तौर पर टीम को दिए गए जज्बे के लिए भी लिया जाएगा। भारतीय टीम सिर्फ इसलिए मजबूत नहीं है कि उसके पास धुरंधर खिलाड़ियों की फौज है, बल्कि इसलिए भी है कि टीम में जूझने और संघर्ष करने का जज्बा कूट कूट कर भरा हुआ है। सौरव गांगुली के युग से आगे बढ़कर महेंद्र सिंह धोनी और उसके बाद विराट कोहली ने इस जज्बे की गंगा को बखूबी प्रवाहित किया। विराट का यह खेल, उनकी विशिष्टताएं क्रिकेट प्रेमियों के दिलो दिमाग पर हमेशा अंकित रहेंगे। यह अच्छी बात है कि एक दिवसीय क्रिकेट में अभी वे सक्रिय हैं। क्रिकेट प्रेमियों को कुछ और समय विराट की बल्लेबाजी का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा।

# अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस: रिश्तों की पुनर्संवेदना का पर्व

**प्रो. आर के जैन**

परिवार वह पवित्र आलिंगन है, जहाँ जीवन की पहली साँस प्रेम की गर्माहट में खिलती है, जहाँ हर आंसू विश्वास की गोद में सुकून पाता है, और जहाँ सपनों को संस्कारों के पंख मिलते हैं। यह केवल रक्त का बंधन नहीं, बल्कि वह जीवंत धड़कन है, जो समाज की नींव को अटल रखती है, संस्कृति को अमर बनाती है और राष्ट्र को गौरव देती है। परिवार वह पहला गुरुकुल है, जहाँ इंसान न केवल बोलना-चलना सीखता है, बल्कि हँसना, रोना, माफ करना और जीवन की हर चुनौती को गले लगाना भी सीखता है। यह वह आश्रय है, जो तूफानों में ढाल बनता है और खुशियों को सातवें आसमान तक पहुँचाता है। इसी अनमोल बंधन की महत्ता को रेखांकित करने के लिए हर वर्ष 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। यह दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक वैश्विक आह्वान है झ परिवार को सशक्त करने, इसकी चुनौतियों को परास्त करने और इसके प्रेम को चिरस्थायी बनाने का। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1993 में इस दिवस की नींव रखी, और 1994 से यह विश्व भर में एक सशक्त मंच के रूप में उभरा है। यह परिवार की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक भूमिका को न केवल उजागर करता है, बल्कि आधुनिक युग की जटिलताओं से उत्पन्न खतरों पर भी गंभीर चिंतन की माँग करता है। आज वैश्वीकरण, शहरीकरण और तकनीकी क्रांति ने जीवन को अभूतपूर्व गति दी है, लेकिन परिवार के मूल ढाँचे को भी गहरे रूप से हिला दिया है। संयुक्त परिवार, जो कभी हँसी-खुशी और सहयोग का प्रतीक थे, अब टूटकर एकल परिवारों में सिमट रहे हैं। रिश्तों में स्नेह की जगह औपचारिकता ने ले ली है, और आपसी संवाद को सन्नाटे ने घेर लिया है। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट ने हमें वैश्विक गाँव से जोड़ा, पर अपनों से दूर कर दिया। माता-पिता के पास बच्चों के लिए समय नहीं, बच्चे डिजिटल दुनिया में खोए हैं, और बुज़ुर्ग उपेक्षा के साये में जी रहे हैं। यह वही परिवार है, जो कभी हमारी सबसे बड़ी ताकत था। क्या हमने इसे खोने का जोखिम मोल लिया है? इस वर्ष, 2025 में, अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम "परिवार और जलवायु कार्रवाई: एक स्थायी भविष्य का निर्माण" एक क्रांतिकारी संदेश लेकर आई है। यह थीम हमें चेताती है कि जलवायु परिवर्तन कोई सुदूर समस्या नहीं, बल्कि हर परिवार



की चौखट पर दस्तक देने वाला संकट है। बढ़ता तापमान, जल संकट, बाढ़, सूखा, खाद्य असुरक्षा और प्राकृतिक आपदाएँ हर घर को प्रभावित कर रही हैं। यह केवल सरकारों या पर्यावरणविदों की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि हर परिवार का कर्तव्य है कि वह इस वैश्विक चुनौती के खिलाफ़ खड़ा हो। परिवार वह पहली पाठशाला है, जहाँ बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और ज़िम्मेदारी का बीज बोया जा सकता है। छोटे-छोटे कदम झ जैसे बिजली और पानी की बचत, प्लास्टिक का बहिष्कार, वृक्षारोपण, रीसाइक्लिंग और जैविक जीवनशैली को अपनाना झ न केवल पर्यावरण को बचाएंगे, बल्कि परिवार के सदस्यों को एक साझा लक्ष्य के लिए एकजुट भी करेंगे। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाने की शुरुआत घर से होनी चाहिए। माता-पिता, दादा-दादी और बड़े भाई-बहन मिलकर उन्हें प्रकृति का सम्मान करना सिखाएँ। एक बच्चा जो पेड़ लगाना, पानी बचाना और कचरे को कम करना सीखता है, वह न केवल पर्यावरण का रक्षक बनेगा, बल्कि एक ज़िम्मेदार नागरिक भी। परिवार मिलकर सामुदायिक स्तर पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान या ऊर्जा संरक्षण जैसे कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ये गतिविधियाँ न केवल धरती को हरा-भरा बनाएँगी, बल्कि परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम और एकता को भी गहरा करेंगी। सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों और शिक्षण संस्थानों को भी परिवारों को जागरूक करने और उन्हें संसाधन उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जब हर परिवार पर्यावरण के लिए अपने कर्तव्य को समझेगा, तभी हम एक स्थायी और समृद्ध भविष्य की नींव रख सकेंगे। लेकिन परिवार की मज़बूती केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है। यह वह आधार है, जिस पर समाज और राष्ट्र का भविष्य टिका है। एक सशक्त परिवार ही नैतिकता, सहानुभूति और सामाजिक ज़िम्मेदारी के मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुँचाता है। पर आज हमें यह आत्मनिरीक्षण करना होगा झ क्या हम अपने परिवार को वह समय, प्रेम और सम्मान दे रहे हैं, जिसका वे हकदार हैं? क्या हम अपने बुज़ुर्गों की कहानियों को सुनते हैं, बच्चों के सपनों को समझते हैं, और रिश्तों को स्नेह के धागे से बुनते हैं? अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमें यह सिखाता है कि परिवार केवल साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि एक-दूसरे के लिए जीने का वादा है। यह हमें याद दिलाता है कि रिश्तों को सींचने के लिए समय, संवाद और समर्पण की ज़रूरत होती है। सरकारें और सामाजिक संगठन परिवारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता दे सकते हैं, पर असली बदलाव तभी आएगा, जब हम अपने घर की चौखट से शुरुआत करें। अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जागृति का आलम है। यह हमें यह सिखाता है कि परिवार वह अनमोल खज़ाना है, जिसे समय, विश्वास और प्रेम से सहेजना होगा। यह दिवस हमें प्रेरित करता है कि हम अपने परिवार को सिर्फ़ एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन प्राथमिकता दें। हम अपने बच्चों को पर्यावरण का रक्षक बनाएँ, बुज़ुर्गों का सम्मान करें, और रिश्तों में प्रेम का दीप जलाएँ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### उधवा प्रखंड के दियारा क्षेत्र में बिजली संकट गहराया: भीषण गर्मी में जनता बेहाल, जनप्रतिनिधियों पर उठे सवाल



**अजय कुमार कुशवाहा/आदिवासी एक्सप्रेस**
**उधवा (दियारा क्षेत्र), साहेबगंज।** उधवा प्रखंड के दियारा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। भीषण गर्मी में बिजली की लगातार कटौती और कमजोर वोल्टेज ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और स्टूडेंट्स को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई-कई घंटे तक बिजली गायब रहती है, और जब आती भी है तो इतनी कमजोर कि जरूरी उपकरण भी नहीं चल पाते। सोशल मीडिया पर लोग लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं, लेकिन न तो बिजली विभाग कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही जनप्रतिनिधि कोई जवाब दे रहे हैं।
जनता का कहना है कि उनके जनप्रतिनिधि उन्हें बुड़बक समझकर केवल आश्वासन देकर चुप कराने की कोशिश कर रहे हैं। क्षेत्र में न तो ट्रांसफॉर्मर बदले जा रहे हैं, न ही जर्जर लाइनों की मरम्मत हो रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लाइन सुधार का कार्य चल रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि व्यवस्था में कोई खास सुधार नहीं दिख रहा है।
अब जनता पूछ रही है – आखिर कब तक दियारा क्षेत्र बिजली की इस बदहाली को झेलेगा? क्या बिजली विभाग और प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान निकाल पाएंगे, या फिर हर गर्मी में जनता इसी तरह पीड़ित होती रहेगी? अगर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो दियारा की जनता बड़ा विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हो सकती है।

### झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक से मिले विधायक, क्षेत्र की लचर विद्युत व्यवस्था में हो सुधार, बदले जाए जर्जर विद्युत तार- विधायक



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** राजमहल के विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने प्रबंध निदेशक, झारखण्ड उर्जा संचरण निगम लिमिटेड से बुधवार को रांची स्थित कार्यालय में मिले. विधायक ने प्रबंध निदेशक को कहा कि विधानसभा क्षेत्र राजमहल सहित पूरे साहेबगंज जिले में वर्त्तमान में विद्युत आपूर्ति की स्थिति अत्यंत खराब है. एवं क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहुत कम समय के लिए की जा रही है. शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार रात-रात भर के लिए आपूर्ति नहीं की जा रही है एवं दिन में भी विद्युत आपूर्ति में काफी कटौती की जा रही है. जानकारी प्राप्त हुई की साहेबगंज जिले के तीनों ग्रिडो में 78 मेगावाट की आवश्यकता है.परंतु आवश्यकता के अनुरुप काफी कम विद्युत आपूर्ति की जा रही है. जिस कारण विद्युत आपूर्ति में कमी से अत्यधिक गर्मी व उमस के मौसम में विधानसभा क्षेत्र की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पर रहा है. राजमहल विधानसभा क्षेत्र में विद्यतु तारों का भी हाल काफी जर्जर है तेज आंधी एवं बारिश के दिनों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है एवं तारों के टूटने से जान-माल का नुकसान होने की संभावना बनी रहती है. जनहित में साहेबगंज जिले के तीनों ग्रीडों में खपत के अनुरुप विद्युत की उपलब्धता कराई जाय तथा राजमहल विधानसभा क्षेत्र के विद्युत तारों को बदलवाया जाय.जिससे कि बिजली की समस्या का निदान हो सके. मंगलहाट पावर ग्रिड में 30 से 35 मेगावाट की आवश्यकता है उसका अनुरूप मात्र 12 से 15 मेगावाट ही विद्युत आपूर्ति हो रही है.

### मंडरो के सभागार में पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से पोषण ट्रैकर एवं समर अभियान पर एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** जिले के आकांक्षी ब्लॉक मंडरो के सभागार में पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से पोषण ट्रैकर एवं समर अभियान पर एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी- सह- सीडीपीओ मेघनाथ उरांव ने की। प्रशिक्षण क्षेत्रीय प्रबंधक (राष्ट्रीय पोषण मिशन) कमल कुमार द्वारा दिया गया, जिसमें पोषण ट्रैकर के उपयोग, समर अभियान के उद्देश्यों और कुपोषण उन्मूलन के प्रभावी उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सेविकाओं को बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी, ऐप का प्रयोग, गर्मी के मौसम में पोषण संबंधित चुनौतियों तथा उनके समाधान पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर अजय कुमार केशरी ने प्रशिक्षण में तकनीकी सहयोग प्रदान किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाना तथा पोषण मिशन को ज़मीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाना था। सभी सेविकाओं की सक्रिय उपस्थिति और सहभागिता से प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## चार अजगर के बच्चों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** तालझारी वन विभाग ने मंगलवार को कल्याणचक के स्टेशन परिसर के समीप चार अजगर के बच्चों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार कल्यानचक के ग्रामीणों ने वन विभाग इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहां पहले से मौजूद ग्रामीणों ने अजगर के बच्चों को घेरकर सुरक्षित कर लिया था। तत्परता दिखाते हुए रेंजर पंचम दुबे, वनरक्षी पप्पू यादव, प्रेम कुमार सहित अन्य वनकर्मियों ने मिलकर सभी अजगर बच्चों को बिना किसी नुकसान के पकड़ा और उन्हें सुरक्षित स्थान पर जंगल में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर डीएफओ प्रबल गर्ग ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, वन्यजीवों की रक्षा में ग्रामीणों की भूमिका बेहद अहम है। आपकी सतर्कता और वन विभाग से सहयोग ने इन अजगर बच्चों की जान बचाई। ऐसी जागरूकता और भागीदारी से ही हम प्रकृति और जीवों का संतुलन बनाए रख सकते हैं। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि वे किसी भी वन्यजीव को खतरे में देखें या किसी अनहोनी की आशंका हो, तो तत्काल विभाग को सूचना दें। इस रेस्क्यू ऑपरेशन ने न सिर्फ वन्यजीवों की सुरक्षा का संदेश दिया, बल्कि वन विभाग और ग्रामीणों के बीच मजबूत समन्वय का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रजापति प्रकाश बाबा, अजय शर्मा सहित ग्रामीणों मौजूद थे। विदित हो दो दिन से कुछ सपेरा पीटारी में लेकर कल्यांचक रेलवे स्टेशन परिसर में अज्ञात कुछ लोगों अजगर सांप का भय दिखाकर स्वर्ण आभुषण की ठगी की जा रही है।

## कोटाल पोखर पंचायत में जल संकट को देखते हुए जन प्रतिनिधियों ने तत्काल एक बैठक की



**मोहित मंसूरी संवाददाता**
**आदिवासी एक्सप्रेस**
बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के कोटाल पोखर पंचायत में जल संकट को देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने तत्काल बैठक की और इस गंभीर समस्या पर ध्यान दिया। बुधवार, 14 मई, 2025 को कोटाल पोखर पंचायत भवन में मुखिया सेरोफिना हेम्ब्रम की अध्यक्षता में हुई यह बैठक निश्चित रूप से सराहनीय कदम है।
बैठक में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत और नए चापाकल लगाने के लिए किए गए बोरिंग को पूरा करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करना यह दर्शाता है कि पंचायत के प्रतिनिधि भीषण गर्मी में लोगों की पानी की समस्या को लेकर चिंतित हैं और सक्रिय रूप से समाधान ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों की अपेक्षाएं भी यही होती हैं कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि उनकी समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए कदम उठाएं। कोटाल पोखर पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाया गया यह कदम निश्चित रूप से ग्रामीणों के लिए राहत की खबर होगी।
बैठक में पंचायत सचिव राजेंद्र प्रसाद साह, स्वयं सेवक अमित कुमार साह, कांग्रेस के वरिष्ठ पंचायत अध्यक्ष रंजीत भंडारी, युवा कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष समीम मंसूरी, वार्ड सदस्य और अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि इस समस्या को लेकर सभी एकजुट हैं।
आशा है कि इस बैठक में लिए गए निर्णयों को जल्द ही लागू किया जाएगा और कोटाल पोखर पंचायत के लोगों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी।

## तीनपहाड़ थाना प्रभारी गुलशन गौरव का तबादला, मृत्यंजय कुमार पांडेय बने नए थाना प्रभारी




**अजय कुमार कुशवाहा/**
**आदिवासी एक्सप्रेस**
**जिला ब्यूरो साहिबगंज**
साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना में पुलिस प्रशासनिक फेरबदल के तहत बड़ा बदलाव हुआ है। वर्तमान थाना प्रभारी गुलशन गौरव का तबादला कर दिया गया है और उनकी जगह मृत्यंजय कुमार पांडेय को नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। सूत्रों के अनुसार, गुलशन गौरव को विभागीय निर्णय के तहत दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने तीनपहाड़ क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके कार्यकाल में कई अहम मामलों का खुलासा हुआ और स्थानीय अपराध पर नियंत्रण पाने में उल्लेखनीय सफलता मिली।
नए थाना प्रभारी के रूप में नियुक्त मृत्यंजय कुमार पांडेय इससे पहले भी कई थानों में अपनी सेवा दे चुके हैं और एक अनुशासित तथा कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। उम्मीद की जा रही है कि उनके नेतृत्व में तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में पुलिसिंग और अधिक सशक्त होगी। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने नए थाना प्रभारी का स्वागत किया है और उन्हें क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, गुलशन गौरव को उनके आगामी कार्यकाल के लिए भी शुभकामनाएं दी जा रही हैं। पुलिस विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, यह तबादला तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई: ग्रामीणों की मदद से चार अजगर के बच्चों का सफल रेस्क्यू



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** तालझारी वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए वन विभाग ने मंगलवार को चार अजगर के बच्चों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया। यह पूरी कार्रवाई ग्राम कल्यानचक में ग्रामीणों की सतर्कता और तत्परता की बदौलत संभव हो सकी। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहां पहले से मौजूद ग्रामीणों ने अजगर के बच्चों को घेरकर सुरक्षित कर लिया था। तत्परता दिखाते हुए रेंजर पंचम दुबे, वनरक्षी पप्पू यादव, प्रेम कुमार सहित अन्य वनकर्मियों ने मिलकर सभी अजगर बच्चों को बिना किसी नुकसान के पकड़ा और उन्हें सुरक्षित स्थान पर जंगल में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर डीएफओ श्री प्रबल गर्ग ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, वन्यजीवों की रक्षा में ग्रामीणों की भूमिका बेहद अहम है। आपकी सतर्कता और वन विभाग से सहयोग ने इन अजगर बच्चों की जान बचाई। ऐसी जागरूकता और भागीदारी से ही हम प्रकृति और जीवों का संतुलन बनाए रख सकते हैं।
वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि वे किसी भी वन्यजीव को खतरे में देखें या किसी अनहोनी की आशंका हो, तो तत्काल विभाग को सूचना दें। इस रेस्क्यू ऑपरेशन ने न सिर्फ वन्यजीवों की सुरक्षा का संदेश दिया, बल्कि वन विभाग और ग्रामीणों के बीच मजबूत समन्वय का उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

## उपायुक्त ने भवन प्रमंडल योजनाओं की समीक्षा की, कार्यों में देरी पर जताई नाराजगी



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में भवन प्रमंडल अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भवन प्रमंडल द्वारा जिले में संचालित विभिन्न निर्माण योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के सात गोदामों की मरम्मती का कार्य किया जाना है, जिनमें से दो गोदामों में कार्य प्रगति पर है, जबकि शेष पांच गोदामों के लिए इकरारनामा की प्रक्रिया जारी है। इस पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी कार्यों को हर हाल में 15 अगस्त से पूर्व पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो संवेदक निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करते हैं, उन्हें काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में डालने से प्रशासन पीछे नहीं हटेगा। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न प्रखंडों में नवनिर्मित जेएफसी (झारखंड फूड कॉरपोरेशन) के गोदामों के लिए भूमि चिन्हांकन को लेकर भी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता (एई), कनीय अभियंता (जेई) समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### बाइक सवारी युवक ने महिला को मारा जोरदार टक्कर महिला घायल अस्पताल में भर्ती



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा लोहंडा गांव में तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने एक महिला को जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया मिली जानकारी के अनुसार घायल महिला बड़ा लोहंडा निवासी 27 वर्षीय रोमा कुमारी अपने घर बड़ा लोहंडा के तरफ से आ रही थी इस बीच विपरीत दिशा से बाइक सवार युवक बाइक में सवार होकर आ रहा था और जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल महिला का इलाज डॉक्टर के देखरेख में सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### एक देशी कट्टा व दो जिंदा गोली के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि बोरियो थाना क्षेत्र के यादव चौक मोड़ के पास एक युवक लूट की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से एक देशी कट्टा व दो जिंदा गोली के साथ घूम रहा है जहां ऐसी सूचना मिलने पर बोरियो थाना क्षेत्र की पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए यादव चौक से कोरंगा टोला निवासी आरोपी युवक डोमन हेंब्रम पिता मुंशी हेंब्रम को एक देशी कट्टा व दो जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। जहां इस मामले को लेकर बुधवार को एसडीपीओ किशोर तिर्की ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता करते हुए उक्त बातों की जानकारी दी। इस मौके पर बोरियों पुलिस निरीक्षक नूनूदेव राय, थाना प्रभारी पंकज वर्मा, एसआई रामधन उरांव समेत अन्य पुलिस जवान थे।

### उपायुक्त हेमंत सती ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पशुपालन, भूमि संरक्षण, आत्मा (मिट्टी जांच), लघु सिंचाई, उद्यान, कृषि विकास, जलछाजन, मत्स्य, सहकारिता, जेएसएलपीएस, नाबार्ड, आरसेटी एवं गव्य विकास विभाग शामिल थे। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार प्राप्त लक्ष्यों की जानकारी ली और लाभुकों का चयन शीघ्र करने का निर्देश दिया, ताकि समय पर योजनाओं का लाभ दिया जा सके। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि चयनित लाभुकों को ÷विरसा हरित ग्राम योजना÷ से जोड़ा जाए, जिससे समग्र ग्रामीण विकास सुनिश्चित हो। भूमि संरक्षण विभाग को निर्देश दिया गया कि उनके द्वारा निर्मित तालाबों एवं पर्कुलेशन टैंकों के चारों ओर दलहन के पौधे लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण संतुलन के साथ कृषि में भी लाभ हो। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, पशुपालन पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह, मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार विन्हा, उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाकुडी रेलवे परिसर के समीप से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** रांगा थाना क्षेत्र के घट्टियारी गांव में मंगलवार की सुबह एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा कर दिया है। बुधवार को रांगा थाना परिसर में प्रेसवार्ता कर एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बताया कि सुबह लगभग 5ः30 बजे सूचना मिली थी कि एक अज्ञात महिला का शव गांव में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। छानबीन के दौरान मृतका की पहचान खपरा मरांडी के रूप में की गयी। मृतिका के ही दमाद मेघराय मरांडी, पिता- सफल मरांडी द्वारा आपसी विवाद में धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गयी। आगे उन्होंने बताया कि साहिबगंज एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरहरवा के नेतृत्वा में गठित टीम ने आरोपी को बाकुडी रेलवे परिसर के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपी के बयान के आधार पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और अन्य सबूत भी बरामद किए गए हैं। अभियुक्त को न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है। छापामारी दल में नितिन खंडेलवाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरहरवा, सुधीर कुमार पोद्दार पुलिस निरीक्षक, बरहरवा प्रभाग, अखिलेश कुमार यादव थाना प्रभारी रांगा, अभिषेक कुमार अनुसंधानकर्ता रांगा थाना, गौरव कुमार रांगा थाना, अरविंद सोरेन रांगा थाना एवं रांगा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीडीओ पवन कुमार ने प्रखंड परिसर से बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** तालझारी स्कूल रूआर अभियान 2025 के तहत शिक्षा रथ को बीडीओ पवन कुमार ने प्रखंड परिसर से बुधवार को को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. बीडीओ पवन कुमार ने बताया कि जो बच्चे स्कूल से बाहर है उनको स्कूल से जोड़ने ही हम लोगों की जिम्मेदारी है बच्चे प्रतिदिन स्कूल आये इसका भी ध्यान रखना होगा. जो बच्चे नामांकन के बाद भी स्कूल विधालय नहीं आ रहे उनको चिंहित कर इस कार्यक्रम के तहत विधालय लाये.स्कूल रूआर के तहत जो बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड दिये या जो बच्चे नामांकन से वंचित हैं वैसे अभिभावकों को रथ प्रखंड के प्रत्येक पंचायत एवं गांव में जाकर जागरूक करेगा ।बीपीओ अटल बिहारी भगत ने बताया कि रूआर कार्यक्रम के तहत जो प्रखंड को लक्ष्य है उसको पूरा करना है सभी शिक्षक व शिक्षा विभाग के पदाधिकारी बच्चों को इस अभियान से जोड़कर कार्यक्रम को सफल बनाना है.मौके पर बीआरपी राजेंद्र मंडल , लेखापाल उतम कुजूर , लोरेन सोरेन , प्रदीप कुमार मंडल, मो फैयज ,सहित अन्य लोग मौजूद थे.

### ट्रेक्टर से धक्का लगने से एक टोटो सवार एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज स्थित डीबीएल कंपनी के पास बुधवार की रात तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने एक टोटो में जोरदार धक्का मार दिया। इसमे टोटो में सवार वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला महादेवगंज गोढ़ीटोला के रहने वाले इतवारी मंडल की पत्नी तारा देवी उम्र 60 वर्ष है। परिजनों ने बताया कि महिला टोटो से पाना घर जा रही थी। इस बीच एक ट्रैक्टर ने टोटो को धक्का मार दिया। इसमे टोटो सवार महिला के दाहिना हाथ फ्रेक्चर हो गया है। वही डॉक्टर प्राथमिक इलाज के रेफर करने की तैयारी में जुटे है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### बी.एम. मेमोरियल स्कूल में नैंसी बनी विद्यालय टॉपर

- **बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही हमारा संकल्प: दिनकर कुशवाहा**



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागांव**

**बड़कागांव।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बी.एम मेमोरियल स्कूल में सीबीएसई 10वीं की परीक्षा का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। वही नैंसी सोनी 83% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी। इसके अलावा दीपशिखा भारती 81% अमित कुमार 78% पियूष सोनी 78% तृषा सोनी 77% पूजा कुमारी 75% नैतिक सिंह 74% ब्रज किशोर 74% रितिका कुमारी 71% सोनिका कुमारी 68% अनुष्का कुमारी 63% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया इसके अलावा अन्य सभी छात्र-छात्राओं ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। इस संबंध में विद्यालय के उप निदेशक दिनकर कुशवाहा ने सभी उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हम सभी बी.एम. मेमोरियल स्कूल परिवार का एक ही उद्देश्य है कि बड़का गांव के ग्रामीण बच्चों को शहरों के समानांतर सीबीएसई की पढ़ाई का व्यवस्था देना। जिसको लेकर हमारे विद्यालय के सभी शिक्षक प्रतिबद्ध है और लगातार बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। वही विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार एवं उप प्राचार्य पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारे विद्यालय में बच्चों को विषय विशेषज्ञ द्वारा पढ़ाई कराया जाता है इसके साथ-साथ हम बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद सहित अन्य क्रियाकलापों पर भी विशेष ध्यान देते हैं हमारे यहां बच्चों को आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जाता है। सभी सफल छात्र-छात्राओं ने अपना सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व अपने माता-पिता को दिया है। सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से विद्यालय के संस्थापक प्रभु दयाल महतो, निदेशक संदीप कुशवाहा, विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, हिमांशु कुमार, महेंद्र कुमार, मुकेश दास,आनन्द राज, ऋषभ अग्रवाल,सुमित कुमार, राजेश कुमार रवि, सचिन कुमार, मनीषा कुमारी, अनु कुमारी, देवंती कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुमन कुमारी, अंजली मिश्रा, अंजनी कुमारी, विकास ठाकुर,सुभाष कुमार, अफसाना परवीन, गंगा भारती, गायत्री टुडू, शंकर महतो,कुलदीप कुमार, दुर्गा देवी, अंजू देवी सहित अन्य ने बधाई दी।

# बाराही धाम में विश्व की सबसे ऊंची 551 फिट दुर्गा मंदिर निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

**देश के प्रसिद्ध संत राजनेता व हजारों श्रद्धालु रहे मौजूद**

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**संवाददाता- लालू कुमार यादव**

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बराही धाम परिसर में हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी,शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक रणधीर सिंह, ट्रस्ट के सचिव आलोक कुमार सिंह के द्वारा विश्व की सबसे ऊंची दुर्गा मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार को गाजे बाजे के साथ राजनीतिक दलों के नेता व हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पंडित सुंदरराज जी महाराज, पूज्य गौरांगी गौरी जी,रामानंदन गुरु जी, कौशलेंद्र गुरु जी, मिथिला बिहारी दास जी,मनीष दास जी, मुकेश दास जी महाराज सहित कई विद्वान पंडितों तथा अयोध्या, काशी सहित देश के



कोने कोने से आए महान साधु संत के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसके पूर्व शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों के द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह सहित विशिष्ट अतिथियों व साधु संतों को अंगवस्त्र आदि देकर सम्मानित किया गया।वहीं भूमि पूजन के पश्चात भक्ति जागरण कार्यक्रम के दौरान बिपिन मिश्रा ने शंखनाद कर व मंत्रोच्चार कर माहौल को भक्तिमय बना दिया जो लोगों को बेहद आकर्षित किया एवं झूमाया। बृजभूषण शरण सिंह ने सर्वप्रथम कथावाचक गौरांगी गौरी, अयोध्या से मनीष दास, हाईटेक बाबा कौशल , झारखंड कहॉकी संघ अध्यक्ष भोला सिंह, बीजेपी नेता मनोज सिंह ट्रस्ट के लोग धन्यवाद के पात्र हैं जिनके कारण यह कार्यक्रम हो रहा है। अपलोग एक ऐसा मंदिर बनाने जा रहे हैं जो विश्व की सबसे ऊंची होगी। उन्होंने कहा कि आप आज वहीं हैं जो कल आप सोचे थे आप कल वही होंगे जो आज आप सोचे हैं।ईश्वर की कृपा से विश्व की सबसे ऊंची दुर्गा मां की मंदिर का निर्माण बराही में होगा। उन्होंने इसमें तन मन धन से सभी को सहयोग करने की अपील की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह,हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व संसद सुनील सिंह,विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह, नबीनगर विधायक डब्लू सिंह, पूर्व सांसद घूरन राम,पावर स्टार पवन सिंह, पूर्व पलामू ज़िप उपाध्यक्ष विनोद सिंह, भाजपा नेता ज्योतिरीश्वर सिंह, राजद के पलामू जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान,शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव सह ज़िप उपाध्यक्ष पलामू आलोक कुमार सिंह, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक रणधीर सिंह, राजद नेता विनय कुमार सिंह यादव,हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, मुखिया सुदामा यादव, युवा समाज सेवी शिवशंकर यादव,लखन यादव विमलेश पासवान,अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा वाचिका पूज्य गौरांगी गौरी, भोजपुरी गायक गुंजन सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, आईपीएस दिव्यांश शुक्ल,हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, हैदर नगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी पार्वती कुमारी,देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार,दंगवार ओ पी प्रभारी सोनू गुप्ता , पु अ नि रमण यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी दल बल के साथ तैनात रहे।

## कक्षा 10 परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं के बीच स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** तालझारी प्रखंड अंतर्गत डीसीएम एस आई प्लस टू बीडी हाई स्कूल सकरीगली में बुधवार को सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 10 परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं के बीच स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र छात्राओं को शिक्षक व शिक्षिकाओं के द्वारा माला व मिठाई खिलाकर स्वागत किया. उनके उज्जवल भविष्य के लिए सभी शिक्षकों ने आशीर्वाद दिया.प्रभारी प्रधानाचार्य राजेश कुमार



ने बताया कि विधालय में इस वर्ष कुल 107 छात्र एवं छात्रा सीबीएसई बोर्ड के तहत 10 की परीक्षा दिया जिसमें 77 बच्चों ने परीक्षा पास किया जिसमें स्वाति कुमारी 70.8 प्रतिशत लाकर विधालय टाप की है वहीं कुमार सत्यम 67.40 एवं केशव राज सिंह 313 अंक लाये है. परीक्षा परिणाम की खुशी में विधालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा छात्र छात्राएं एक दुसरे को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की. मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य राजेश कुमार, सीआरपी मनोज कुमार, शारीरिक शिक्षक आदित्य कुमार, सर्वेश प्रताप सिंह, मनोज कुमार आज़ाद कलीम,रेणु कुमारी, असद अंसारी, दिवाकर सिंह, रंजन यादव, विवेक कुमार, धीरेन, रोहित मुर्मू, गोविंद घोष,रवि रोशन, रोहित सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे.

## आज देवघर के शिल्पग्राम नंदन पहाड़ में, ब्लड डोनेशन कैंप और चौकीदार नियुक्ति पत्र का वितरण सामाग्रो किया गया

**राजा कुमार की रिपोर्ट**

जिले में चौकीदार नियुक्ति पत्र वितरण सामाग्रों को लेकर शिल्पग्राम ऑडिटोरियम में इंडियन रेट कोर्स समिति द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप का शुभारंभ मान्य मंत्री जल संसाधन अल्पसंख्यक कल्पना विभाग हाफिज हसन द्वारा दीप प्रज्वलित कर दिया गया इस दौरान उपायुक्त जिला के अधिकारी विशाल सागर ने रक्तदान कर लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा के रक्तदान कर के न सिर्फ किसी की जिंदगी बचाने जैसी अनमोल खुशी मिलती है बल्कि इससे हमारी सेहत को भी लाभ पहुंचता है कई लोग यह सोचकर रगड़ा नहीं करते हैं कि इसमें उनकी सेहत खराब हो जाएगी जो की एक भ्रम है के अलावा कुछ भी नहीं है इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर नहीं पड़ता है शास्त्री स्वास्थ्य को शहर में



रखने का या सबसे अच्छा तरीका है कि हम सभी रक्तदान करें इस दौरानलगभग 36 मिनट रक्तदान हुआ एवं सभी वेदो को रेट कोर्ट की तरफ से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया आगे उपाय ने कहा कि देवरा शहरीकरण को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के तहत एम्स या अन्य अस्पताल में कभी-कभी ब्लड बैंक मेरठ की अनुप्रबंदा होने से रक्त की आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ऐसे में आवश्यक है कि हम सभी आगे हैं और एक अच्छे उद्देश्य की पूर्ति हेतु आवश्यक दान करें वर्तमान में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि स्वयं को सेहतमंद रखने का यह सबसे अच्छा तरीका है कि हम सभी रक्तदान करें, माननीय मंत्री हफीजुल हसन द्वारा चौकीदार नियुक्ति पत्र वितरण किया गया,

वितरण कार्यक्रम में कुल 206 नव नियुक्ति चौकीदार की नियुक्ति पत्र दिया गया जिसमें महिलाएं 52 तथा पुश 154 थे नौकरी पाकर युवाओं के चेहरे खिल उठे वह शहर भी रोकना राज्य सरकार को प्रति आभार व्यक्त किया, इस दौरान उपयुक्त के अलावा नगर आयुक्त रोहित सिंह अपर समाज हीरा कुमार अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार जिला परिवहन पर अधिकारी शैलेश प्रियदर्शी स्थापना पदाधिकारी मनोज कुमार जिला नजारत शैलेश कुमार जिला जनसंपर्क अधिकारी राहुल कुमार जिला भू अर्जन पदाधिकारी अमर कुमार जिला आपूर्ति पदाधिकारी नैनेश रंजन जिला पदाधिकारी मुकेश कुमार जिला खेल पादरी संतोष कुमार जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार सभी प्रखंड को के प्रखंड विकास अधिकारी सभी अंचलों के अंचल अधिकारी सहायक जैन सहायक अधिकारी एचडी के टीम एवं समिति विभाग के अधिकारी कर्मी आदि उपस्थित थे,

## खनन विभाग एवं कटकमदाग पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध बालू का परिचालन कर रहा वाहन जब्त

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** जिले में बालू के अवैध उत्खनन एवं परिचालन के विरुद्ध जिला खनन विभाग तथा पुलिस के द्वारा लगातार करवाई की जा रही है तथा वैसे वाहनों को जब्त भी किया जा रहा है। इसी के तहत कटकमदाग पुलिस ने जिला खनन विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के फतहा से मंगलवार की अहले सुबह अवैध बालू का परिचालन कर रहे एक आईसर टर्बो को जब्त किया। गाड़ी संख्या जेएच 12 E 7103 को पुलिस ने मंगलवार की अहले सुबह कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा से अवैध बालू का परिचालन करते




हुए पकड़ा। पकड़े गए वहां के विरुद्ध थाना में 81/ 25 मुकदमा दर्ज किया गया है जिसमें वाहन मालिक को तथा चालक को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इसके पूर्व भी 6 मई की रात में अवैध बालू का परिचालन कर रहे दो ट्रैक्टर JH 02 AG, 1188 तथा JH 02 AR 9397 को थाना क्षेत्र से अवैध बालू का परिचालन करते हुए पकड़ा गया था जिसे दंड भरने के बाद छोड़ दिया गया था। कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया की अवैध बालू का परिचालन कर रहे कई वाहनों को पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है तथा किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को थाना क्षेत्र में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा की पुलिस बालू के अवैध परिचालन कर रहे वाहनों को जप्त भी करेगी तथा वाहन चालक एवं वाहन के मालिक के विरुद्ध भी करवाई किया जाएगा।

### कर्नल सोफिया कुरैशी पर हर भारतीय को नाज है: शाहिद इक़बाल

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो**



**पाकुड़।** झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इक़बाल ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी, मप्र सरकार के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहा है! उन्हें तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर, देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने का कष्ट की जाए!
शर्म आनी चाहिए बीजेपी मंत्री को ऑपरेशन सिन्दूर का नेतृत्व करने वाली भारत की बेटी सोफिया कुरैशी को बीजेपी के मंत्री विजय सिंह आतंकवादियों की बहन बता रहे हैं। क्या यही है आपकी देशभक्ति का चेहरा कर्नल सोफिया कुरैशी भारत की पहली महिला अधिकारी हैं जिन्होंने विदेश में सैन्य दल का नेतृत्व किया। वह हर भारतीय की प्रेरणा हैं। उनका रिश्ता आतंकवादियों से जोड़ना निंदनीय है। हम इसका कड़ा विरोध करते हैं. शाहिद इक़बाल ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी पर हर भारतीय को नाज है. देशभक्ति में फूहड़ता की जगह नहीं होती. BJP को अपने नेता विजय शाह पर लगाम लगानी चाहिए ताकि दोबारा ऐसी गिरी हुई हरकत और बातें वो ना करें।

### गोन्दलपुरा और मोहगाई को जोडने वाला नदी पर पुल नही होने से ग्रामीणों को हो रही है परेशानी

**बड़कागांव संजय कुमार**



**बडकागॉव।** प्रखंड मुख्यालय से 20 किलोमीटर दुर गोन्दलपुरा पचायत अंतर्गत गोंदलपूरा और मोहगांई कला को जोड़ने वाली मार्ग पर सोती (छोटी नदी) होने के कारण ग्रामीणों का आवागमन अवरुद्ध हो जा रहा है। बेमुश्किल से कई कठिनाइयों का सामना करने के पश्चात आवागमन हो पा रहा है। पिछले कई वर्षों से उक्त स्थल पर ग्रामीणों के द्वारा पुल निर्माण कराने की मांग सरकार से की गई है। परंतु अब तक पुल का निर्माण नहीं हो पाने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है की मोहगाई पंचायत तथा गोन्दलपुरा पचायत को जोड़ने वाले नदी पर पुल बनाने की नितांत आवश्यक है, बरसात के दिनों में समस्या काफी विकराल हो जाता है। इस मार्ग से गाली बलोदर ,गोबरदाहा तथा अनेकों गाँव के लोगों को आवागमन से लाभान्वित होंगे। बताते चले की इस नदी के दोनों छोर पर कालीकरण सड़के का निर्माण किया गया है । मुखिया बासुदेव यादव का कहना है की पुल बनना चाहिए यह बहुत जरूरी कार्य है। ताकि ग्रामीण का आवागमन एवं सिंचाई की सुविधा समुचित रूप से हो सके। पुल बनाने की मांग करने वालों में मुख्य रूप से पवन कुमार, कुलदीप यादव, विजय भुईया, सुलेदर भुईया , राजू भुईयाँ ,रमेश तुरी, प्रभू महतो , राहुल तुरी, कुनित कुमार, इश्वरी महतो अन्य शामिल है।

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र के चंडीपुर गांव में मंगलवार को देर रात आपसी विवाद में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चंडीपुर निवासी कार्तिक मंडल (35), छोटू मंडल (22), और सीमा देवी (30) का पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर वाद विवाद होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें तीनों घायल हो गया। वहीं तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के तीनपहाड़ में आपसी विवाद में पड़ोसी के साथ हुई मारपीट में गोविंद महतो की 10 वर्षीय पुत्री पैरी कुमारी और सुनील महतो की 30 वर्षीय पत्नी किरण देवी घायल हो गई। जिसे अपने-अपने परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

## हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर थाना की पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर बुधवार दोपहर करीब 1 बजे को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध यादव ने बताया कि दिनांक 13.05.25 को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम केरकी में हथियार के



साथ घूम रहा है और हथियार लहरा रहा है। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में उस व्यक्ति की गिरफ्तारी एवं अग्रतर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम केरकी निवासी उपेंद्र लोहार उम्र 19 वर्ष पिता रामस्वरूप मिस्त्री ग्राम केरकी थाना छतरपुर जिला पलामू को एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के अभियुक्त के द्वारा बताया कि ये लेबर सप्लाई करने का काम करता है। एक सप्ताह पहले इस हथियार को 18000/- रुपया में एक व्यक्ति से खरीदा है। 3-4 दिन पहले एक ठेकेदार से 6 लेबर उपलब्ध कराने के नाम पर 50,000 रूपया लिया था, जिसमें एक लेबर के घर में किसी का देहान्त हो जाने के कारण ठेकेदार को समय पर एक लेबर उपलब्ध नहीं करा पाया जिससे वो इस पर दबाव बनाने लगा, काफी समझाने का प्रयास किया पर वो नहीं माना, और घर पर आकर गाली गलौज करते हुए डरा धमका कर दबाने का प्रयास करने लगा, तो उसे अपने पास रखे हथियार निकाल कर उसे डरा रहा था कि पुलिस इसे पकड़ ली। इस कांड में शामिल अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। वहीं छापामारी दल में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक अशोक टोप्पो अनुसंधानकर्ता, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील उरांव, एसआई राहुल कुमार और सशस्त्र बल छतरपुर शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा डीवीसी के चेयरमैन के साथ बैठक



**संवाददाता द्वारा**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा आज पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में दामोदर वैली कॉरपोरेशन के चेयरमैन श्री एस.सुरेश कुमार के साथ डिस्पैच आपरेशन एवं बनहरडीह से कोयला खदानों तक प्रस्तावित नई रेल लाइन के निर्माण सहित कोयला खदानों से कोयले के सुगम परिवहन हेतु उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी । बैठक में पूर्व मध्य रेल की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण/दक्षिण) श्री रामाश्रय पाण्डेय, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. मनोज सिंह तथा प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती इंदू रानी दूबे सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

इस बैठक में थर्मल पावर स्टेशनों को कोयले की सुगम आपूर्ति हेतु आरओबी के निर्माण से जुड़े मुद्दे, साइडिंग से रेल लाईनों की कनेक्टिविटी तथा गति शक्ति पालिसी के तहत कोयला के सुगम परिवहन हेतु कोडरमा स्टेशन पर वाई कनेक्शन का निर्माण तथा बनहरडीह से कोयला खदानों तक प्रस्तावित नई रेल लाइन के निर्माण जैसे मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी।

### संत जेवियर्स कॉलेज रांची में स्नातक रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**संवाददाता द्वारा**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के प्लेसमेंट सेल व लर्नेट स्किल्स व इन्फोसिस द्वारा प्रायोजित परास्नातक व स्नातकों के लिए प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य रोजगारपरकता तत्परता परीक्षण आयोजित कर विद्यार्थियों में जागरूकता प्रदान करना था ताकि उपयुक्त प्लेसमेंट अवसरों के लिए योग्य उम्मीदवारों को सूचीबद्ध किया जा सके। इन्फोसिस फाउंडेशन सीएसआर के तहत स्नातक रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह सुविधा कॉलेज के स्नातक व परा-स्नातक छात्रों के लिए उपलब्ध करायी गयी। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को ट्रेनिंग देकर की गयी। मौके पर कॉलेज उप-प्राचार्य डॉ. फादर अजय अरुण मिंज,एसजे, लर्नेट स्किल्स की प्रोजेक्ट मेनेजर श्रेया बनर्जी, प्लेसमेंट सेल के तिर्थजीत सिन्हा व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### चिलचिलाती धूप में प्राथमिक विद्यालय कालझर आने वाले बच्चो को शिक्षक द्वारा छाता वितरण



**बांका कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के बसमत्ता पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कालझर में पढ़ने आये छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापक आलोक रंजन द्वारा निजी कोष से छाता वितरण किया गया। बताते चलें कि क्षेत्र में चिलचिलाती धूप के कारण उमस भरी गर्मी हो रही है। जिनसे निजात दिलानें के लिए प्रभारी ने सराहनीय काम किया है। जिनका ग्रामींणों में चर्चा का विषय बना हुआ है। वही दूर-दराज से पढ़ने आने वाले बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में बहुत दिक्कत होती थी। जिनको धुप से बचने के छाता मील जाने से प्रधानाध्यापक को धन्यावाद दिया है। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक रंजन ने कहा विद्यार्थियों की परेशानियों का ख्याल रखते हुए ये कदम मेने उठाया है। छाता प्राप्त करने वाले बच्चे शबीना बैसरा ,रूपेश टुडू, बबली टुडू, संजू सौरेन, नीलमुनी टुडू, समीर टुडू, अनिल मुर्मू, रेसमा हेम्ब्रम, मनीषा हेम्ब्रम, मुकेश टुडू, किरण टुडू सुबूत बेसरा,सलोनी मुर्मू अन्य शामिल थे।

### नशा पर पाबंदी लगाने को लेकर जल्द ही मुहिम चलाएगी मुस्लिम समाज

- जमात के लोगों के साथ बैठक कर लिया जाएगा उचित निर्णयः हाजी तबस्सुम खान

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागांव**

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में कुल 23 पंचायत हैं।जिसमें मुख्य रूप से बड़कागांव, बड़कागांव चट्टी, डाड़ीकला, चेपा, सिरमा, छ्वनिया, महुदी, चौपदार बलिया, बादम, महुंगाई, नापो कला, मिर्जापुर, कनोद, चंदौल सहित दर्जन भर से अधिक गांव में मुस्लिम समुदाय के लोग अस्थाई तौर से निवास करते हैं।इन दिनों मुस्लिम समुदाय के लोगों में नशा करने का प्रचलन काफी तेजी से बढ़ रहा है।खासकर युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रहे हैं जिससे नशा करने वाले के साथ-साथ उनके परिवार के लोग भी काफी परेशान रहने लगे हैं।और एक ओर धन की जहां फिजूल खर्ची व बर्बादी हो रही है।वहीं दूसरी ओर उनका व उनके परिवार का मान सम्मान को भी ठेस पहुंच रहा है।लोग पहले पान, फिर गुटका, फिर खैनी, फिर ताड़ी और कई तरह के शराब का सेवन करते-करते गांजा, अफीम और चरस आदी तक का नशा करने लगे हैं।मामले को लेकर बड़कागांव प्रखंड के मुस्लिम समाज के ईलाकाई सदर (अध्यक्ष) हाजी तबस्सुम खान ने कहा कि जल्द ही नशा पर पाबंदी लगाने के मामले को लेकर जमात के लोगों के साथ ईलाकाई तौर पर प्रखंड स्तरीय बैठक की जाएगी।

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान का आयोजन

**बांका संवाददाता**
**श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में बाँका के 9 पंचायत सहित लकड़िकोला पंचायत में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में संचालित डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान का आयोजन किया गया।



जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा अपने संबोधन में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में शामिल नहीं हो पाया है या छूट गया है, तो वह संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क कर नाम जुड़वा सकते है।

जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन लोगों के पास मनरेगा का जॉब कार्ड नहीं है, वे पंचायत रोजगार सेवक द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर अपना विवरण देकर जॉब कार्ड बनवा सकते हैं। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को 100 दिन की मजदूरी प्राप्त करने का प्रावधान है। साथ ही उन्होंने सभी से श्रम कार्ड बनवाने की अपील की, जिससे वे सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकें।

उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे राशन कार्ड, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय में नामांकन, गली-नाली, नल-जल योजना, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक योजनाओं से संबंधित जानकारी सभी संबंधित स्टॉलों से प्राप्त करें और इन योजनाओं से लाभान्वित हों।

इसके साथ-साथ उप विकास आयुक्त, बांका द्वारा कैथा पंचायत फुल्लीडुमर प्रखंड, जिला परिवहन पदाधिकारी, बांका एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा चांदन प्रखंड के सिलजोरी, अमरपुर प्रखंड में वरिय उप समाहर्ता, बांका, रजौन प्रखंड के नवादा खरौनी में निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, बांका वहीं बौसी प्रखंड में जिला कल्याण पदाधिकारी, बांका के साथ साथ कई अन्य पंचायत में भी शिविर का आयोजन किया गया।

## स्टूडेंटस इन एक्शनः प्रेशियस पिक्सल्स क्लब, मेरी की कैमरे में कैद एक रंगीन झलक

**फ्रेम दर फ्रेम उभरते जज़्बातः इंटर-कॉलेज फोटोग्राफी प्रतियोगिता में मना स्टूडेंट लाइफ का जश्न**

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** मेरी कॉलेज के प्रेशियस पिक्सल्स क्लब द्वारा 22 अप्रैल 2025 को आयोजित स्टूडेंट्स इन एक्शन थीम पर आधारित इंटर-कॉलेज फोटोग्राफी प्रतियोगिता ने छात्र जीवन के जोश, ऊर्जा और रचनात्मकता को कैमरे की नजर से बेहतरीन अंदाज़ में पेश किया। इस आयोजन में दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न कॉलेजों से आए युवा फ़ोटोग्राफ़रों ने भाग लिया और अपने लेंस से स्टूडेंट लाइफ के अनदेखे पहलुओं को शानदार ढंग से कैद किया। कार्यक्रम की शुरुआत जोशीले होस्ट अमनदीप सिंह और निलिशा शर्मा ने की, जिन्होंने मुख्य अतिथि, सभी प्रतिभागियों और फैकल्टी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने प्रेशियस पिक्सल्स क्लब का परिचय देते हुए बताया कि यह एक छात्र-प्रेरित क्लब है जो फोटोग्राफी, क्रिएटिविटी और आर्टिस्टिक एक्सप्रेशन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न वर्कशॉप्स, एग्जिबिशन और प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।मुख्य अतिथि प्रो. विनेश कुमार–एक अनुभवी मीडिया पेशेवर, जिनके पास टेलीविज़न, फ़िल्म और मीडिया एजुकेशन का 25 वर्षों से भी अधिक अनुभव है–ने छात्रों को प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार फोटोग्राफी सिर्फ़ एक कला नहीं, बल्कि एक मज़बूत अभिव्यक्ति का माध्यम है जो कहानियों को बिना शब्दों को बयां करता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था प्रतिभागियों की चयनित तस्वीरों की प्रदर्शनी, जिनमें छात्र जीवन की जिंदादिली, विविधता और भावना को बखूबी दर्शाया गया। खेल के मैदान से लेकर क्लासरूम तक और कैंपस की रोज़मर्रा की हलचलों को प्रतिभागियों ने अपनी अलग-अलग दृष्टिकोण से फ्रेम में उतारा। जजों ने तस्वीरों को रचनात्मकता, तकनीकी गुणवत्ता और भावनात्मक प्रभाव के आधार पर परखा और प्रतिभागियों को रचनात्मक सुझाव व सराहना दी। यह प्रतियोगिता सिर्फ़ एक इवेंट नहीं, बल्कि छात्र जीवन के जज़्बातों को कैमरे में संजोने की एक खूबसूरत कोशिश थी। प्रेशियस पिक्सल्स क्लब ने यह साबित कर दिया कि फोटोग्राफी युवा प्रतिभाओं के लिए एक सशक्त मंच है। क्लब ने भविष्य में ऐसे और भी रचनात्मक कार्यक्रमों की योजना बनाई है, जो छात्रों को न केवल हुनर दिखाने बल्कि एक-दूसरे से सीखने और प्रेरणा पाने का अवसर देंगे।



## मुंगेर पुलिस ने अपराध की योजना बनाते तीन अपराधी को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

- मुंगेर पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता
- मुंगेर सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद के नेतृत्व में गठित हुआ विशेष टीम

**डॉ शशि कांत सुमन**

**मुंगेर।** मुंगेर पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में अवैध हथियारों के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तारापुर दियारा इलाके में की गई। मुफस्सिल थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी संजय सिंह अपने गिरोह के साथ अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) अभिषेक आनंद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें एसटीएफ, जिला आसूचना इकाई, थानाध्यक्ष व सशस्त्र बल शामिल थे। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर चार व्यक्ति भागने लगे, जिनमें से तीन को पकड़ लिया गया, जबकि एक अपराधी फरार हो गया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान भवेश कुमार उर्फ भवीश कुमार (पचमहला, पटना), जोगी चौधरी (साहिबगंज, झारखंड) और जाटों सिंह (खगड़िया) के रूप में हुई है। मौके से दो देशी कट्टा, 14 कारतूस और दो मोबाइल बरामद किए गए। इस मामले में मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 160/25 प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस द्वारा फरार अभियुक्त की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर), मुंगेर, एसटीएफ, जिला आसूचना इकाई टीम, अपर थानाध्यक्ष, मुफस्सिल, एवं थाना सशस्त्र बल शामिल थे।



## बिजली करंट की चपेट में आने से हुई तीन लोगों की मौत के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि प्रदान की गई

**बांका कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका जयपुर थाना क्षेत्र के कोल्हासार पंचायत अंतर्गत काल्हाडिंडा गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से हुई तीन लोगों की मौत के मामले में दो मृतकों के परिजनों को आज चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि प्रदान की गई। तीसरे मृतक के वैध आश्रित (पत्नी) की अनुपस्थित होने के कारण उन्हें यह सहायता राशि नहीं दी जा सकी।



इस अवसर पर बांका सांसद गिरधारी यादव, कटोरिया विधायक निक्की हेंब्रम सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल; सहायक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल; सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, बांका; प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी भी शामिल थे।

## शादी समारोह में जा रहे मामा की मौत, भांजा गंभीर रूप से जख्मी

**सं सू पंकज कुमार ठाकुर।**

**चांदन(बांका)** आनंदपुर ओपी थाना क्षेत्र के चांदवारी पंचायत के शक्तिघाट गांव निवासी गौरव कुमार उर्फ राजा कुमार पिता उमेश यादव बीते रात बाईक से शादी समारोह में जाने के दौरान सिमुलतला - चंद्रमण्डी बॉर्डर के समीप घोटारी जंगल के समीप देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जबकि सिमुलतला थाना क्षेत्र के नागवे गांव निवासी मामा सोनू यादव की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक मामा व भांजा अम्बाटाड़ गांव शादी शादी समारोह में बाईक से जा रहे थे। जहां सोनू के बहन की शादी थी।सुबह स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सिमुलतला व चंद्रमण्डी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से जख्मी गौरव कुमार को इलाज हेतु झाझा रेफरल अस्पताल ले गई।जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घटना की सुचना मिलते ही दोनों के स्वजनों में कोहराम मच गया।मृतक सोनू का शव को पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने स्वजनों को सौंप दिया।



## 414 बोतल विदेशी शराब जप्त, कारोबारी फरार



**सं सू पंकज कुमार ठाकुर।**

**चांदन (बांका)** चांदन देवघर मुख्य सड़क मार्ग के पांडेयडीह जंगल के समीप विशेष वाहन चैकिंग अभियान में चांदन पुलिस ने छापेमारी के दौरान मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर JH 15AH-40460 व टेम्पू तिपहिया वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर BR 33PA-8444 बरामद किया है। जबकि अंधेरा का फायदा उठाकर दोनों वाहन के चालक भाग निकला।पुलिस द्वारा शराब कारोबारी को खदेड़ने के दौरान एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।तालाशी के दौरान टेम्पू के सिलींग में बने तहखाने से रॉयल स्टैग कंपनी के 375 एम एल की 303 बोतल मात्रा 113.625 लीटर व इंपीरियल ब्लू कंपनी के 375 एम एल की 111 बोतल मात्रा 41.625 कुल 414 बोतल विदेशी शराब मात्रा 155.25 लीटर बरामद की गई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णुदेव कुमार ने बताया मध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन मालिक का पता लगाकर गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी।

## गुवाहाटी में कृत्रिम बाढ़ पर मंत्री की असहाय टिप्पणी पर आम आदमी पार्टी की प्रतिक्रिया

- मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का बाढ़ मुक्त गुवाहाटी का वादा कहां गयाः डॉ. भाबेन चौधरी

**पंकज नाथ, आदिवासी एक्सप्रेस, असम**



असम के गुवाहाटी शहर में एक दिन के भारी बारिश के बाद बड़े पैमाने पर कृत्रिम बाढ़ और यातायात जाम शहर के लोगों के लिए दयनीय स्थिति पैदा कर रहा है। आम आदमी पार्टी की असम राज्य समिति (आप) ने गुवाहाटी में कृत्रिम बाढ़ पर प्रभागीय मंत्री जयंत मल्ला बरुआ के बयान पर नाराजगी व्यक्त की है कि गुवाहाटी को कृत्रिम बाढ़ से नहीं मुक्त किया जा सकता है। असम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भाबेन चौधरी ने कहा, ÷कांग्रेस के 15 साल, भाजपा पार्टी के नौ साल के शासन के दौरान गुवाहाटी शहर कृत्रिम बाढ़ के दर्द से मुक्त नहीं हुआ है। गुवाहाटी नगर निगम चुनाव, लोकसभा और विधानसभा चुनाव में लगभग हर चुनाव में बाढ़ मुक्त होने का वादा करने वाली भाजपा सरकार द्वारा शहर में कृत्रिम बाढ़ को रोकने के लिए उठाए गए सभी कदमों की विफलता के कारण शहर के लोगों को अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री अशोक सिंघल, जो पहले गुवाहाटी में विकास राज्य मंत्री थे, उन्होंने ने भी बाढ़ मुक्त गुवाहाटी के लिए हेलीकॉप्टर से गुवाहाटी नालों का दौरा किया था और कहा था कि इस बात की कोई गारंटी नहीं होगी कि गुवाहाटी में कृत्रिम बाढ़ नहीं आएगी। डॉ. भाबेन चौधरी ने अशोक सिंघल के बाद जयंत मल्ला बरुआ से भी पद छोड़ने का आग्रह किया। आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि कृत्रिम बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा उचित वैज्ञानिक योजना और परिकल्पना की कमी के कारण समस्या दिन-प्रतिदिन गहराती जा रही है। शहर में कृत्रिम बाढ़ से बचाव के लिए लाखों रुपये के रोबोट, सुपर सेकर, कई टैंकर खरीदने पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद कृत्रिम बाढ़ की समस्या का समाधान आज तक क्यों नहीं हो पाया, पार्टी ने सवाल किया कि वह आज तक कृत्रिम बाढ़ की समस्या का समाधान क्यों नहीं कर पाई है। आम आदमी पार्टी ने असम सरकार से गुवाहाटी को बाढ़ मुक्त बनाने के लिए जल्द से जल्द सभी उपाय करने का आग्रह किया।

## अधटुटे हाईटेंशन बिजली पोल दे रहा बड़ी घटना होने का संदेश

**बांका कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**



बांका कटोरिया क्षेत्र के मालबथान से जमदाहा जाने वाली मुख्य सड़क के बीच नकटी सुक्रा हटिया व फुटबाल मैदान के पास अधटुटे हाईटेंशन बिजली पोल बड़ी घटना होनें का संदेश दे रहा है। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि कभी भी बरसात आंधी-तूफान आनें पर रात बेरात यदी ये बिजली पोल गिर गया तो इस रोड में आनें जाने वाले रहागीरों की झुलसकर मौंत हो सकती है। जिनको लेकर ग्रामीणों ने दूसरा बिजली पोल लगानें की गुहार लगाई है। जिनमें पुर्व पंचायत समित गुल्लू मुर्मू, समाजसेवी सुनील यादव , महादेव मुर्मू, मनोज टुडू, नरसिंह यादव, श्याम यादव, बिमलधर यादव अन्य उपस्थित थे। इस समस्या को लेकर कनीय अभियंता युवराज कुमार ने कहा एक-दो दिन में दुसरा नया बिजली पोल लगाया जायगा।

## करंट से मारे गए पीड़ित परिवारों को सांसद और विधायक ने दी सहायता राशि

- बारात से लौटने के दौरान हुआ था हादसा, जन प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को भेंट किया सहायता चेक

**आदिवासी एक्सप्रेस /बौसी(बांका)**

बीते दिनों सांगा पंचायत कुमार भाग गांव से एक युवक की शादी को लेकर बारात जयपुर गई थी शादी के बाद वापसी के क्रम में बारातियों को वापस ला रही बस पर बिजली की हाई वोल्टेज (11000) तार गिरने से हुए दुर्घटना में छत पर बैठे तीन लोगों की मौत हो गई थी और दो दर्जन लोग जख्मी हो गए थे। मारे गए लोग कुमार भाग बौसी के निवासी थे। बुधवार को क्षेत्र के प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी द्वारा मृतक के पीड़ित शोकाकुल परिवार से मिलकर तथा विभाग को कहकर त्वरित कार्रवाई कराते हुए मुआवजा का चेक पीड़ित परिवार को दिलाने का काम किया गया। और पीड़ित परिवार के दुख दर्द को सुना गया। इस मौके पर - बांका सांसद गिरिधारी यादव , क्षेत्रीय कटोरिया विधायक निक्की हेमब्रम, बीडीओ बौसी,सीओ बौसी, बिजली विभाग के सहायक अभियंता बौसी, कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग, बिजली विभाग जे इ बौसी, मनमीत शाह, उत्तरी मंडल अध्यक्ष अवधेश मिश्रा महामंत्री मुन्ना शाह सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग और परिवार के लोग मौजूद थे परिवार के लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति अपने आभार व्यक्त की।



## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम घोषित, एनगिडी की वापसी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 फाइनल के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टेम्बा बावुमा 15 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे, जिसमें तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की भी वापसी हुई है, जो चोट के कारण गर्मियों में घरेलू सीरीज से बाहर रहे थे।एनगिडी तेज गेंदबाजी लाइनअप में शामिल हो गए हैं, जिसमें कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन, डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश शामिल हैं। केशव महाराज सेनुरन मुथुसामी के साथ स्पिन विभाग संभालेंगे। मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा, पिछले 18 महीनों में, हमने एक प्रतिस्पर्धी रेड-बॉल इकाई बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है और यह उपलब्धि उस प्रगति को दर्शाती है। उन्होंने कहा, हमारी सफलता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा चयन में निरंतरता है और हम उन खिलाड़ियों के मुख्य समूह के साथ बने हुए हैं जो इस डब्ल्यूटीसी चक्र का हिस्सा रहे हैं। हमने लॉर्ड्स में अपेक्षित परिस्थितियों के लिए एक संतुलित टीम का चयन किया है। डब्ल्यूटीसी फाइनल 11 जून से लॉर्ड्स में होगा।

डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम इस प्रकार है-

टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन।

## फ्रेंच ओपन 2025 से पहले जोकोविच और कोच एंडी मरे हुए अलग

**नई दिल्ली।** सर्बियाई टेनिस चैंपियन नोवाक जोकोविच और एंडी मरे ने छह महीने के बाद अपनी कोचिंग साझेदारी समाप्त कर दी है। इसकी घोषणा सोशल मीडिया पर की गई है। जोकोविच ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कोच एंडी, पिछले छह महीनों में कोर्ट पर और बाहर की सारी मेहनत, मौज-मस्ती और समर्थन के लिए आपका धन्यवाद। मुझे हमारी दोस्ती को और गहरा करने में बहुत मज़ा आया।पूर्व विश्व नंबर एक मरे इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन से कुछ समय पहले कोच के रूप में अपने पूर्व ऑन-कोर्ट प्रतिद्वंद्वी के साथ शामिल हुए, जहां जोकोविच अलेक्जेंडर ज़्वेरेव से हारने से पहले सेमीफ़ाइनल में पहुंचे थे। हालांकि, यह साझेदारी अब नहीं रहेगी क्योंकि जोकोविच क्ले सीज़न के दौरान अपने खराब फॉर्म को कम करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत अगले सप्ताह जिनेवा ओपन से होगी और 25 मई को रोलैंड गैरोस में अपने चौथे फ्रेंच ओपन खिताब की तलाश में हैं। मरे ने कहा, नोवाक को साथ काम करने के अविश्वसनीय अवसर के लिए धन्यवाद और पिछले छह महीनों में उनकी कड़ी मेहनत के लिए उनकी टीम को धन्यवाद। मैं नोवाक को बाकी सीज़न के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## आईपीएल 2025: गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद में प्रशिक्षण सत्र किया आयोजित

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 17 मई से फिर से शुरू होने के साथ ही गुजरात टाइटन्स (जीटी) अपने घरेलू मैदान अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्रशिक्षण के लिए लौट आई है। पिछले हफ्ते भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार तनाव के कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टूर्नामेंट के बाकी मैचों को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया था। जीटी के कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, बल्लेबाज साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर और शेरफेन रदरफोर्ड सत्र में उपस्थित थे। टाइटंस वर्तमान में 11 मैचों में से आठ जीत और 0.793 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, जीटी का अगला मुकाबला दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स से होगा और फिर अहमदाबाद लौटकर लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ़ अपने लीग चरण का समापन करेगी।




## बरौनी की फुटबॉल क्रांति : दिल की चोट बनी जीत की विरासत

**बेगूसराय/पटना।** बिहार के बेगूसराय की फिजाओं में फुटबॉल का रंग घुला है और यह सिर्फ फ्लाईओवर के खंभों पर लिखा एक नारा नहीं है, यह एक खामोश क्रांति की दास्तान है, जो बिहार के एक गुमनाम कोने में टूटी हड्डियों और आहत स्वाभिमान के साथ शुरू हुई थी। राजधानी पटना की भागदौड़ से दूर बरौनी के एक शांत मुहल्ले में फुटबॉल यूं ही नहीं आ गई। इसे अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। स्वतंत्रता सेनानी यमुना भगत की विरासत के रूप में पहचाना जाने वाला यह मैदान लगभग 80 साल पहले फुटबॉल का अप्रत्याशित घर बन गया था। वहीं, इस कहानी का असली मोड़ वर्ष 1990 में आया, जब स्थानीय लड़कियों की एक अनुभवहीन और आत्मविश्वास से रहित टीम एक प्रदर्शनी मैच में मुजफ्फरपुर की धुरंधर टीम के सामने बुरी तरह हार गई। यह हार मैदान की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित मैच में सिर्फ शारीरिक चोटें नहीं दे गई ।

# यूएई नेशनल डे पर शुरू होगा डीपी वर्ल्ड टी20 लीग का चौथा सीजन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** डीपी वर्ल्ड अंतरराष्ट्रीय लीग टी-20 के चौथे संस्करण की शुरुआत इस साल के अंत में 2 दिसंबर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर होगी। यह प्रतियोगिता 4 जनवरी 2026 तक चलेगी, जिसमें 6 टीमों के बीच 34 मुकाबले खेले जाएंगे।इस बार टूर्नामेंट का आयोजन उसके पारंपरिक जनवरी-फरवरी समय से पहले किया जा रहा है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय टी-20 विश्व कप फरवरी-मार्च 2026 में होने वाला है। टी-20 लीग के अध्यक्ष और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि लीग का चौथा संस्करण यूएई के राष्ट्रीय पर्व ईद-अल-इत्तिहाद पर शुरू होगा। यह दिन हमारे लिए गर्व का प्रतीक है और दुनियाभर के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों के लिए उत्सव का अवसर भी। यूएई विभिन्न देशों से आए लोगों का घर है और यह लीग हमारे इस विविधता भरे समाज को एकजुट करने का अवसर देती है।




टी-20 लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने कहा, ÷हमने सभी संबंधित पक्षों से चर्चा के बाद दिसंबर-जनवरी की अवधि तय की है, जिससे विश्व कप से पहले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम की तैयारी का पूरा समय मिल सके।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷यह समय टीमों को बेहतर खिलाड़ियों की उपलब्धता भी देगा, जिससे मुकाबले और रोमांचक होंगे। पिछले सीज़न में दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ी मैदान में नजर आए थे, जिनमें प्रमुख नाम निकोलस पूरन, सैम करन (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी - लाल बेल्ट), शाई होप (सर्वाधिक रन - हरी बेल्ट), फज़लहक फारूकी (सर्वाधिक विकेट - सफेद बेल्ट), आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, डेविड वॉर्नर, टिम साउदी, फखर ज़मान, और एडम ज़म्पा के हैं।

## पाकिस्तान टीम के नए व्हाइट-बॉल कोच नियुक्त हुए माइक हेसन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को राष्ट्रीय पुरुष टीम का नया व्हाइट-बॉल कोच नियुक्त किया है। न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी को 26 मई को कार्यभार संभालना है और उनके अनुबंध की अवधि अभी तक ज्ञात नहीं है। 50 वर्षीय हेसन के पास कोचिंग का अच्छा अनुभव है। वे 2012-18 तक न्यूजीलैंड पुरुष टीम के प्रभारी रहे हैं। इस अवधि में टीम ने सभी प्रारूपों में अपार सफलता हासिल की। हेसन ने 2019-23 तक इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में भी काफी सफल कार्यकाल बिताया। वर्तमान में, वह इस्लामाबाद यूनाइटेड के मुख्य कोच हैं, जिसने 2024 पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब जीता था।पाकिस्तान के कोच के रूप में हेसन का पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज़ होगी, लेकिन उन मैचों का शेड्यूल बदल सकता है। वह अकीब जावेद की जगह लेंगे, जिन्होंने अक्टूबर 2024 में गैरी कर्स्टन के अचानक इस्तीफ़े के बाद अंतरिम व्हाइट-बॉल कोच के रूप में काम



किया था। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने हेसन की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि अनुभवी कोच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान की सफलता की कहानियों को फिर से स्थापित करने में मदद करेंगे। पीसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति में नकवी ने कहा, मुझे न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और मशहूर कोच माइक हेसन को पाकिस्तान की पुरुष टीम के व्हाइट-बॉल हेड कोच के रूप में नियुक्त करते हुए खुशी हो रही है।

## रोहित के टेस्ट से संन्यास के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए कप्तानी को लेकर तेज हुई दौड़

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा के पिछले हफ्ते संन्यास लेने के बाद इंग्लैंड में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ के लिए भारतीय टीम के नए कप्तान को लेकर चर्चा तेज़ हो गई है। जहां एक ओर शुभमन गिल का नाम सामने आ रहा है, वहीं पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर आर. अश्विन ने तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को कप्तानी के लिए मज़बूत दावेदार बताया है।

**अश्विन बोले- बुमराह हैं कप्तानी के हकदार**

अपने शो 'ऐश की बात' में अश्विन ने कहा, 'इंग्लैंड जाने वाली टीम नई और बदली हुई होगी और उस टीम में शायद बुमराह सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। वो निश्चित रूप से कप्तानी के विकल्पों में शामिल हैं। मैं मानता हूं कि वो इसके हकदार हैं, लेकिन चयनकर्ता उनके शारीरिक भार को देखकर फैसला लेंगे।

**बुमराह को पहले भी मिल चुकी है कप्तानी**

गौरतलब है कि जसप्रीत बुमराह ने 2022 में एजबेस्टन में खेले गए पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में भारत की कप्तानी की थी, जब रोहित शर्मा कोविड के कारण टीम से बाहर थे। उस मैच में भले ही भारत को हार मिली थी, लेकिन बुमराह की कप्तानी की काफी तारीफ हुई थी। इसके अलावा बुमराह ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच में भारत को 295 रन से ज़बरदस्त जीत दिलाई थी।




**फिटनेस होगी सबसे बड़ा सवाल:** हालांकि बुमराह की चोटों का इतिहास देखते हुए चयनकर्ता उन्हें फुल-टाइम टेस्ट कप्तान बनाने से पहले उनके वर्कलोड और फिटनेस को लेकर सावधानी बरत सकते हैं।

**19 जून से लॉर्ड्स में शुरू होगी सीरीज़**

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज़ के लिए भारतीय टीम का ऐलान इसी महीने के अंत तक होने की उम्मीद है। पहला टेस्ट मुकाबला 19 जून से ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा।

## देहरादून करेगा अगले महीने राइफल/पिस्टल स्पर्धाओं के नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 की मेजबानी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने घोषणा की है कि ग्रुप 'ए' निशानेबाजों के लिए राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं में नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 का आयोजन 24 से 30 जून, 2025 तक देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के त्रिशूल शूटिंग रेंज में किया जाएगा। ये ट्रायल्स अगस्त में कजाकिस्तान में होने वाली 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 और वर्ष के अंत में चीन और मिस्र में होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम चयन में अहम भूमिका निभाएंगे। देश के शीर्ष राइफल और पिस्टल निशानेबाज इन चयन ट्रायल्स में उस आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे, जो उन्होंने अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो चरणों की साउथ अमेरिकन आईएसएसएफ वर्ल्ड कप श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन कर अर्जित किया है। इस दौरे में भारतीय निशानेबाजों ने 32 फाइनल मुकाबलों में जगह बनाई, जिसमें मिश्रित टीम स्पर्धाएं भी शामिल थीं, और कुल 15 पदक जीते जिनमें छह स्वर्ण पदक थे।चयन मानदंडों के अनुसार केवल ग्रुप ए में शामिल पात्र निशानेबाजों को ही इन ट्रायल्स में



भाग लेने की अनुमति होगी। नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 में सभी ओलंपिक राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं को शामिल किया जाएगा और इसमें केवल शीर्ष रैंकिंग वाले सीमित संख्या में निशानेबाज ही भाग लेंगे। इसमें 10 मीटर एयर राइफल (पुरुष एवं महिला) और 10 मीटर एयर पिस्टल (पुरुष एवं महिला) में 50-50 स्लॉट, 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (पुरुष एवं महिला) में 30-30 स्लॉट, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (पुरुष) में 20 स्लॉट और 25 मीटर स्पोर्ट पिस्टल (महिला) में 30 स्लॉट होंगे। ट्रायल्स का पहला दिन, 25 जून, ट्रायल-3 के तहत 10 मीटर एयर राइफल पुरुष, 25 मीटर पिस्टल महिला और 50 मीटर थ्री पोजीशन महिला स्पर्धाओं के क्वालिफाइंग राउंड और फाइनल के साथ शुरू होगा। अगले दिन ट्रायल-4 में इन्हीं स्पर्धाओं के क्वालिफाइंग और फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

## इंग्लैंड दौरे के लिए वेस्टइंडीज महिला टीम घोषित, हेले मैथ्यूज करेंगी कप्तानी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। यह दौरा 21 मई से 8 जून के बीच खेला जाएगा, जिसमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच शामिल हैं। टीम की कमान एक बार फिर स्टार ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज के हाथों में होगी, जबकि शेमेन कैंपबेल उपकप्तान की भूमिका निभाएंगी।

**दो नए चेहरों को मिला मौका**

इस स्क्वाड में पिछले महीने पाकिस्तान में खेले गए वर्ल्ड कप क्वालिफायर की तुलना में दो बदलाव किए गए हैं। 20 वर्षीय गयाना की ऑलराउंडर रियलियाना ग्रिमंड और सेंट किट्स की तेज गेंदबाज़ जहांज़ारा क्लैक्सन को टीम में शामिल किया गया है। ये दोनों खिलाड़ी रशाडा विलियम्स (विकेटकीपर-बल्लेबाज) और चिनेल हेनरी (ऑलराउंडर) की जगह टीम का हिस्सा बनी हैं।



**13 मई को इंग्लैंड रवाना होगी टीम**

वेस्टइंडीज महिला टीम 13 मई को इंग्लैंड रवाना होगी। सीरीज़ की शुरुआत 21 मई को पहले टी20 मुकाबले से होगी, जो द स्पिटफायर ग्राउंड, कैंटरबरी में खेला जाएगा।

**पूरा कार्यक्रम**

टी20 सीरीज़: पहला टी20 - 21 मई, कैंटरबरी

दूसरा टी20 - 23 मई, होव

वनडे सीरीज़:

पहला वनडे - 30 मई, डर्बी

दूसरा वनडे - 4 जून, लीसेस्टर

तीसरा वनडे - 7 जून, टॉन्टन

**वेस्टइंडीज महिला टीम:**

हेले मैथ्यूज (कप्तान), शेमेन कैंपबेल (उपकप्तान), आलिया एलेन, जहांज़ारा क्लैक्सन, अफी फ्लेचर, चेरी एन फ्रेजर, शबीका गजनबी, जनीलिया ग्लासगो, रियलियाना ग्रिमंड, ज़ायदा जेम्स, किआना जोसेफ, मैंडी मंगरू, अश्मिनी मुनिसार, करिश्मा रामहरक, स्टेफनी टेलर।

## आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं स्मृति मंधाना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने महिला त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अपनी मैच जिताऊ शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजों की आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 116 रन की पारी खेलते हुए मंधाना ने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने अर्धशतक भी लगाया था। इस शानदार प्रदर्शन के बाद मंधाना ने 727 रेटिंग अंक प्राप्त किए हैं और वह अब नंबर एक बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट से केवल 11 अंक पीछे हैं। मंधाना की टीम की साथी जेमिमा रोड्रिग्स भी अपनी शानदार 123 रनों की पारी की बदौलत 5 स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वोच्च 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, दीप्ति शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 93 रन बनाकर 13 स्थान ऊपर चढ़ते हुए संयुक्त 32वें स्थान पर पहुंची हैं। रनर-अप श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने 2 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त सातवां स्थान प्राप्त किया है जबकि विश्मी गुनारत्ने 8 स्थान ऊपर चढ़कर 63वें स्थान पर पहुंच गई हैं। अनुश्का संजीवनी ने सबसे बड़ी छलांग लगाते हुए 19 स्थान ऊपर चढ़कर 75वें स्थान पर जगह बनाई है। हालांकि दक्षिण अफ्रीका का टीम प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन उनके बल्लेबाजों ने व्यक्तिगत तौर पर अच्छा प्रदर्शन किया।

## भारतीय शतरंज खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, कई इंटरनेशनल टूर्नामेंट में बिखेरी चमक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। भारतीय चेस खिलाड़ी वर्तमान में दुनिया भर में चल रहे कुछ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। आइए नजर डालते हैं कुछ प्रमुख टूर्नामेंट में, जिनमें भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने एशियन चेस चैंपियनशिप में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। ओपन सेक्शन में पांच पुरुष और वीमेन सेक्शन में चार भारतीय महिला खिलाड़ी टॉप 10 में शामिल हैं। महिला वर्ग में सेषाद्री रिजा ने पांच में से पांच मुकाबले जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है।ओपन सेक्शन में भारत के एल. श्रीहरि चौथे स्थान पर हैं, जबकि ईरान के बर्दिया दानेशवर शीर्ष पर हैं। भारत के कार्तिकेयन मुरली और निहाल सरीन



भी टॉप 10 में शामिल हैं – क्रमशः सातवें और दसवें स्थान पर। यह चैंपियनशिप न केवल एशियन चैंपियन का खिताब तय करती है, बल्कि 2025 फाइडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफायर भी है। ग्रांड चेस टूर 2025 के दूसरे चरण और क्लासिकल इवेंट 'सुपरबेट चेस क्लासिक रोमानिया' में भारत के डी. गुकेश को राउंड 6 में अलीरेज़ा फिरोज़ा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह राउंड के बाद गुकेश केवल 2 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। वहीं, भारत के दूसरे प्रतिभागी आर. प्रज्ञानानंद ने जान-क्रिज़टोफ़ डूडा से ड्रॉ खेला। उनके अब 6 में से 4.5 अंक हैं और वह अलीरेज़ा फिरोज़ा, फबियानो कारुआना और मैक्सिम वाशिए-लाग्रेव के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

**फाइडे वीमेन ग्रां प्री 2024-2025**

फाइडे महिला ग्रां प्री श्रृंखला के ग्रॉसलोबमिंग चरण में अन्ना मुझ्यचुक और झू जिनेर 5-5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। भारत की आर. वैशाली सातवें राउंड में अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक से हारने के बाद चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। तान झोंगयी, जो मौजूदा महिला वर्ल्ड चैंपियनशिप की रनर-अप हैं, 4.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। यह ग्रॉसलोबमिंग लेग 2024-2025 महिला ग्रां प्री की अंतिम प्रतियोगिता है और यह अगली वीमेन कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए अहम क्वालिफिकेशन इवेंट है।

## आईपीएल के शेष हिस्से में खेलेंगे बोल्ट

**मुम्बई।** न्यूजीलैंड़ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष हिस्से में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के लिए खेलने का निर्णय किया है। 36 वर्षीय बोल्ट को मुम्बई इंडियंस ने मेगा नीलामी में 12.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल के इस सत्र में 8.49 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिये हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 रन देकर चार विकेट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह पूरे टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। पांच बार की चैंपियन मुम्बई को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता का इंतजार है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और कोर्बिन बॉश, और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की भागीदारी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड के अनुसार उनके खिलाड़ियों की एनओसी 25 मई तक वैध है।

## कोपा अमेरिका विवाद: सीएएस ने उरुग्वे के खिलाड़ियों की अपील खारिज की,पांच खिलाड़ी रहेंगे निलंबित

**एजेंसी**

**लुसाने।** खेलों की सर्वोच्च अदालत कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) ने उरुग्वे के पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की अपील खारिज कर दी है। इन खिलाड़ियों पर पिछले साल जुलाई में कोपा अमेरिका सेमीफाइनल में कोलंबिया से हार के बाद बैंक ऑफ अमेरिका स्टेडियम (नॉर्थ कैरोलिना, यूएस) में दर्शकों से भिड़ने का आरोप था। कोर्ट ने साफ कहा कि यह हरकत 'स्वरक्षा' नहीं, बल्कि स्वेच्छा से की गई हिंसात्मक और अनुचित प्रतिक्रियाथी।इस विवाद में लिवरपूल के फॉरवर्ड डार्विन नुनेज़, बार्सिलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो, और एटलेटिको मैड्रिड के डिफेंडर जोस मारिया गिमेनेज़ शामिल थे। इनके अलावा टॉटनहम के मिडफील्डर रोड्रिगो बेंटनकुर और नापोली के डिफेंडर माथियास ओलिवेरा भी इस झड़प में शामिल पाए गए। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल संस्था कॉनमेबोल ने इन सभी खिलाड़ियों को 3 से 5 मैचों के लिए निलंबित किया था।

**वर्ल्ड कप क्वालिफायर में नहीं खेल पाएंगे नुनेज़**

अब डार्विन नुनेज़ 5 जून को पराग्वे के खिलाफ और 10 जून को वेनेजुएला के खिलाफ होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर मुकाबलों में नहीं खेल पाएंगे।

मार्सेलो बिएल्सा की कोचिंग में उरुग्वे की टीम इस समय 10 टीमों की क्वालिफाइंग तालिका में तीसरे स्थान पर है और वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने की मजबूत स्थिति में है।

**क्या है क्वालिफिकेशन की स्थिति?**

दक्षिण अमेरिकी क्वालिफायर में शीर्ष 6 टीमें सीधे



विश्व कप में जगह बनाएंगी, जबकि 7वें स्थान पर रहने वाली टीम इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ खेलेगी। उरुग्वे फिलहाल वेनेजुएला से 6 अंक आगे है और उसके पास क्वालीफाई करने के लिए कुल 4 मैच बचे हैं।

## 'ड्रीम लीग ऑफ इंडिया' सिर्फ एक लीग नहीं है, यह प्रतिभाओं को पंख देने का जरिया भी है : ऋषभ भाटिया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सर्वोटेक स्पोर्ट्स के डायरेक्टर ऋषभ भाटिया ने ड्रीम लीग ऑफ इंडिया की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि यह सिर्फ एक लीग नहीं है, बल्कि प्रतिभाओं को पंख देने का जरिया है। भारत में टेनिस क्रिकेट बॉल की बढ़ती लोकप्रियता के चलते अंतरराष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट फेडरेशन (आईटीसीएफ) ने इसे मान्यता प्रदान की है। आईटीसीएफ को वर्ष भर चलने वाली ड्रीम लीग ऑफ इंडिया की अवधारणा काफी पसंद आई है। इसमें न केवल एक फ्रेंचाइजी प्रतियोगिता होगी, बल्कि इंटर-जोनल और जोनल चैंपियनशिप टूर्नामेंट भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि खिलाड़ी साल भर सक्रिय रहें और हर क्षेत्र की प्रतिभा को तराशा जा सके। सर्वोटेक स्पोर्ट्स के डायरेक्टर ऋषभ भाटिया ने एक बयान में कहा, ÷यह जानकर दिल को बहुत सुकून मिलता है कि ड्रीम लीग ऑफ इंडिया ऐसी प्रतिभाओं को मंच देने जा रही है, जिन्हें शायद ही कोई देख पाता। यह सिर्फ एक लीग नहीं है, बल्कि प्रतिभाओं को पंख देने का जरिया है। हम ऐसे खिलाड़ियों की तलाश कर रहे हैं, जिनमें जुनून और प्रतिभा तो है, लेकिन मौके नहीं।इस विषय पर टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीसीएआई) के अध्यक्ष कन्हैया गुर्जर ने कहा, ड्रीम लीग ऑफ इंडिया केवल एक मंच नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का एक द्वार है। जो खिलाड़ी इस लीग में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे, उन्हें भारतीय जर्सी पहनने और टेनिस क्रिकेट वर्ल्ड कप, एशिया कप और अन्य अंतरराष्ट्रीय सीरीज में खेलने का अवसर मिलेगामई 2025 में सर्वोटेक स्पोर्ट्स ने ड्रीम लीग ऑफ इंडिया की शुरुआत की, जो टेनिस क्रिकेट बॉल पर आधारित अपनी तरह की पहली लीग है। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को टेनिस क्रिकेट बॉल वर्ल्ड कप और एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी मिलेगा। देशभर में होने वाली इस प्रतियोगिता के दौरान स्काउट्स खिलाड़ियों पर करीबी नजर रखेंगे, जो विश्व कप और एशिया कप के लिए भारतीय टीम के चयन का आधार बनेगा। टेनिस क्रिकेट बॉल वर्ल्ड कप और एशिया कप भारत में आयोजित किए जाएंगे। ऐसा पहली बार होगा जब पूरी तरह टेनिस बॉल से खेले जाने वाले वैश्विक और महाद्वीपीय टूर्नामेंट भारत में होंगे। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया जूनियर्स (13-18) और सीनियर्स (18+) दोनों वर्गों के लिए होगी, जिसमें प्रत्येक श्रेणी में 6 फ्रेंचाइज़ी टीमें भाग लेंगी। इच्छुक खिलाड़ी लीग की आधिकारिक वेबसाइट या स्टार्जपिट ऐप पर पंजीकरण कर सकते हैं। पूरे भारत के विभिन्न जिलों और केंद्रों में 1,500 से अधिक प्रमाणित कोचों की देखरेख में खुले और निष्पक्ष ट्रायल्स आयोजित किए जाएंगे।ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के लिए 860 जूनियर और 860 सीनियर खिलाड़ियों को ऑक्शन के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी में छह फ्रेंचाइज़ी टीमें अपने-अपने खिलाड़ियों का चयन करेंगी। फेयर ट्रायल्स से शॉर्टलिस्ट हुए खिलाड़ी ड्रीम लीग ऑफ इंडिया के ऑक्शन में भाग लेंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट फेडरेशन (आईटीसीएफ) की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सकता है। इसके अलावा, जो खिलाड़ी ऑक्शन में नहीं बिकेंगे, वे देश के सबसे बड़े इंटर-जोनल टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.18 प्रतिशत गिरकर 61.84 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत उतरकर 64.82 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।




## सोशल मीडिया पोस्ट करना ब्रिटिश बैंक विश्लेषक को पड़ा महंगा, सऊदी में मिली एक दशक की जेल की सजा

**सऊदी अरब।** सऊदी अरब में एक शख्स को एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए एक दशक की सजा मिली है। बता दें कि, ब्रिटिश बैंकर अहमद अल-दौश, को सऊदी अरब में दस साल की सजा सुनाई गई है। उनका परिवार मानता है कि यह सजा 2018 में किए गए एक ट्वीट के कारण हुई, जिसमें सऊदी अरब का नाम नहीं था, लेकिन वह सूडान के बारे में था। यह ट्वीट अब डिलीट कर दिया गया है। अहमद अल-दौश, जो बैंक ऑफ अमेरिका में विश्लेषक थे, को आतंकवाद और साइबर अपराध कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। उनकी वकील, हेदी डाइकस्टाल ने कहा कि उनका मुकदमा और गिरफ्तारी निष्पक्ष प्रक्रिया का उल्लंघन थे। उन्होंने ब्रिटिश सरकार से इस मामले में सख्त हस्तक्षेप करने की अपील की है।

**रियाद एयरपोर्ट से हुई थी गिरफ्तारी**

अहमद को अगस्त में रियाद एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था, जब वह अपने परिवार के साथ इंग्लैंड के मैनचेस्टर जा रहे थे। उनकी पत्नी, अमाहर नूर, ने कहा कि अहमद को जेल में काफी परेशानी हो रही है, खासकर थाइरॉइड की समस्याओं और मानसिक तनाव के कारण।

## पाकिस्तान समेत 7 पड़ोसी देशों की संयुक्त अर्थव्यवस्था पर भारी एसबीआई की बैलेंसशीट

**नई दिल्ली।** महज 15 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार के बल पर भारत के साथ लड़ रहा पाकिस्तान किसी भी पैमाने पर हमारे देश के समक्ष नहीं टिक सकता है। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के खाता-बही को देखें तो यह हमारे पड़ोसी सात देशों की संयुक्त जीडीपी से भी ज्यादा है जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है। एसबीआई समूह का खाता-बही 858.82 अरब डॉलर यानी 73.14 लाख करोड़ रुपये है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ के अनुसार, 2024 में सात देशों की अर्थव्यवस्था 611.05 अरब डॉलर रही। यानी एसबीआई के खाता-बही से करीब 200 अरब डॉलर कम है। मालदीव की अर्थव्यवस्था का आकार 7.48 अरब डॉलर रहा है। पाकिस्तान की 373 अरब डॉलर व नेपाल की जीडीपी 46 अरब डॉलर है। भूटान की जीडीपी 3.42 अरब डॉलर, म्यामार की 64.94 अरब डॉलर, अफगानिस्तान की 17.25 अरब डॉलर व श्रीलंका की 98.96 अरब डॉलर है। पाकिस्तान और बांग्लादेश को मिला लिया जाए तो भी एसबीआई अकेले काफी है। बांग्लादेश की जीडीपी 467 अरब डॉलर व पाक की 373 अरब डॉलर है। दोनों मिलकर भी एसबीआई से 19 अरब डॉलर पीछे हैं।

## भारत में बनेगी दुनिया की सबसे छोटी सेमीकंडक्टर चिप, वैष्णव ने डिजाइन केंद्रों का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे भारत में अब दुनिया की सबसे छोटी 3 नैनोमीटर की चिप तैयार होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नोएडा और बंगलूरू में जापानी कंपनी रेनेसास के नए सेमीकंडक्टर डिजाइन केंद्रों का उद्घाटन किया। यह पहली बार है जब भारत में तीन नैनोमीटर चिप डिजाइन की जाएगी। वैष्णव ने कहा, रेनेसास के इस केंद्र की मुख्य बात यह है कि पहली बार सबसे उन्नत तीन नैनोमीटर चिप को पूरी तरह भारत में तैयार किया जाएगा। यह एक मील का पत्थर है जो भारत को सेमीकंडक्टर इनोवेशन की वैश्विक लीग में मजबूती से स्थापित करता है। उन्होंने कहा, 3 नैनोमीटर पर डिजाइन करना वास्तव में अगली पीढ़ी है। हमने पहले 7 और 5 नैनोमीटर पर काम किया है। लेकिन यह एक नई सीमा तय करता है।

# थोक महंगाई दर अप्रैल में घटकर 13 माह के निचले स्तर 0.85 फीसदी पर आई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर जनता को राहत देने वाली खबर है। खुदरा के बाद थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। अप्रैल में थोक महंगाई दर 2.05 फीसदी से घटकर 0.85 फीसदी पर आ गई है। यह 13 महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च, 2024 में थोक महंगाई दर 0.53 फीसदी के स्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल माह में खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने की वजह से घटकर 0.85 फीसदी रह गई। रोजाना की जरूरत के सामानों और खाने-पीने की चीजों की कीमतें घटने की वजह से थोक महंगाई दर घटी है। मार्च में यह 2.05 फीसदी और अप्रैल 2024, में 1.19 फीसदी रही थी। फरवरी, 2025 की थोक महंगाई दर के जारी आंकड़ों को संशोधित किया गया है। सरकार ने इसे 2.38 फीसदी से बढ़ाकर 2.45 फीसदी किया गया है। इसके अलावा डब्ल्यूपीआई पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च महीने में 2.05 फीसदी और अप्रैल, 2024 में 1.19 फीसदी रही थी। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.86 फीसदी रही जो मार्च में 1.57 फीसदी थी। अप्रैल में सब्जियों की मुद्रास्फीति दर 18.26 फीसदी रही, जबकि मार्च में यह 15.88 फीसदी रही थी। प्याज में मुद्रास्फीति घटकर अप्रैल में 0.20 फीसदी रह गई, जबकि मार्च में यह 26.65 फीसदी थी। हालांकि अप्रैल में विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.62 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.07 फीसदी रही थी। ईंधन एवं बिजली के क्षेत्र में मुद्रास्फीति अप्रैल में 2.18 फीसदी रही, जो मार्च में 0.20 फीसदी थी।



उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा महंगाई दर को 4 फीसदी के आसपास बनाए रखने का अनुमान जताया है, लेकिन सब्जियों, फलों एवं दालों की कीमतों में नरमी आने से अप्रैल में खुदरा महंगाई दर घटकर करीब छह साल के निचले स्तर 3.16 फीसदी पर आ गई है, जो जुलाई 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2019 में यह 3.15 फीसदी रही थी।

## जीडीपी में औद्योगिक क्षेत्र का हिस्सा 2035 तक 32 प्रतिशत तक जा सकता है:ओमनीसाइंस कैपिटल

**एजेंसी**

**मुंबई।** ओमनीसाइंस कैपिटल की जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में औद्योगिक क्षेत्र का हिस्सा वर्तमान 27.3 प्रतिशत से बढ़ कर 2035 तक 30-32 प्रतिशत तक जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार एक दशक में देश के औद्योगिक क्षेत्र में तीन लाख करोड़ डॉलर के कारोबार के अवसर उत्पन्न हो सकता हैं जो अभी एक लाख करोड़ डॉलर के बराबर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2035 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 10 लाख करोड़ डॉलर की होगी जिसमें औद्योगिक क्षेत्र का हिस्सा तीन लाख करोड़ डालर से अधिक होगा। उद्योग क्षेत्र के हिस्से में इस विस्तार में विनिर्माण क्षेत्र की भूमिका बड़ी होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का उद्योग क्षेत्र 2035 तक जीडीपी में कृषि से आगे निकलकर संभावित 30-32 प्रतिशत तक योगदान कर रहा होगा इसमें मुख्य भूमिका विनिर्माण क्षेत्र की होगी। रिपोर्ट के अनुसार पिछले पांच वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र की वृद्धि में निर्माण क्षेत्र की भूमिका अग्रणी रही है। यह बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश से संचालित है। विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा 2035 तक औद्योगिक क्षेत्र में दो तिहाई तक पहुंच जाएगा और जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत तक पहुंच सकती है।रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2030 तक एक लाख करोड़ के निर्यात के लक्ष्य से देश में प्रति व्यक्ति आय और घरेलू खपत में सुधार होने की उम्मीद है। ओमनीसाइंस कैपिटल का यह भी मानना है कि इस निर्यात-लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, व्यापारिक निर्यात को मौजूदा 45000 करोड़ डॉलर से बढ़ाकर एक लाख करोड़ डालर करना होगा और जिसके लिए इसमें साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की आवश्यकता होगी। ओमनीसाइंस कैपिटल में ईवीपी और पोर्टफोलियो मैनेजर अश्विनी शमी ने कहा है कि कच्चे माल की उपलब्धता, कम श्रम लागत, विनिर्माण के लिए अनुकूल कॉर्पोरेट कर दर और प्रोत्साहनों के माध्यम से सक्रिय सरकारी समर्थन के कारण भारत विनिर्माण निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरना जारी रखेगा।

## एक्सिस बैंक और लक्ष्य शूटिंग क्लब ने की साझेदारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने देश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और शूटिंग स्पोर्ट्स को वैश्विक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से लक्ष्य शूटिंग क्लब के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत नवी मुंबई में एक विश्वस्तरीय 'एक्सिस बैंक लक्ष्य शूटिंग क्लब हाई परफॉर्मेंस सेंटर (एचपीसी)' स्थापित किया जाएगा।

इस समझौते पर एक्सिस बैंक के समूह कार्यकारी और प्रमुख (होलसेल बैंक कवरेज और सस्टेनेबिलिटी) विजय मुलबागल और लक्ष्य शूटिंग क्लब की अध्यक्ष एवं ओलंपियन सुमा शिरूर ने हस्ताक्षर किए। यह सेंटर युवाओं के लिए न सिर्फ प्रशिक्षण हब बनेगा बल्कि ओलंपिक स्तर के एथलीट्स को तैयार करने का भी प्रमुख केंद्र होगा।इस शूटिंग सेंटर में एयर राइफल, एयर पिस्टल और सिमुलेटेड 50 मीटर रेंज की आधुनिक सुविधाएं होंगी। साथ ही एकीकृत खेल विज्ञान केंद्र, खेल मनोविज्ञान इकाई, चोट निवारण तथा रिकवरी सुविधाएं और आवासीय ट्रेनिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। यह केंद्र सालाना 400 से अधिक शूटर्स को प्रशिक्षण देने में सक्षम होगा, जिसमें रेजिडेंट और नॉन-रेजिडेंट दोनों तरह के खिलाड़ी शामिल होंगे। यह परिसर पैरा-फ्रेंडली होगा, जिससे पैरा-एथलीट्स और डेफलिंपिक प्रतिनिधियों को भी विशेष सहयोग मिलेगा। एक्सिस बैंक के विजय मुलबागल ने कहा, 'यह साझेदारी भारत में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल ओलंपिक के लिए भारत की तैयारियों को मजबूत करेगा बल्कि नई प्रतिभाओं को आगे लाने में भी मदद करेगा। लक्ष्य शूटिंग क्लब की सुमा शिरूर ने इस पहल को 'एक सपने को साकार करने जैसा' बताया। उन्होंने कहा, 'यह केंद्र एक ऐसा स्थान बनेगा जहां हर युवा निशानेबाज को लगेगा कि वह भी सफलता की दौड़ में है, उसके पास संसाधन और समर्थन है।'




## खुदरा महंगाई दर अप्रैल में घटकर छह साल के निचले स्तर 3.16 फीसदी पर आई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** । महंगाई के मोर्चे पर लोगों को राहत देने वाली खबर है। खुदरा महंगाई दर अप्रैल में घटकर 3.16 फीसदी पर आ गई है, जो करीब 6 साल का सबसे निचला स्तर है। इस गिरावट की मुख्य वजह सब्जियों, फलों, दालों और अन्य प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आना है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर अप्रैल में सलाना आधार पर घटकर 3.16 फीसदी पर आ गई है, जो करीब 6 साल का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले मार्च, 2025 में खुदरा महंगाई की दर 3.34 फीसदी रही थी। अप्रैल 2024 में यह 4.83 फीसदी थी, जबकि जुलाई 2019 में यह दर 3.15 फीसदी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के जारी आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में खाद्य महंगाई केवल 1.78 फीसदी रही, जो मार्च में 2.69 फीसदी और पिछले साल अप्रैल में 8.7 फीसदी रही थी। वहीं, अप्रैल में ग्रामीण महंगाई दर 3.25 फीसदी से घटकर 2.92 फीसदी हो गई है, जबकि शहरी महंगाई 3.43 फीसदी से घटकर 3.36 फीसदी पर आ गई है। इस तरह यह दर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तय सीमा के भीतर है, जो 4 फीसदी के आसपास रहती है।उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने वित त वर्ष 2025-26 के लिए सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर को 4 फीसदी के आसपास बनाए रखने का अनुमान जताया है।



पहली तिमाही में महंगाई 3.6 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.9 फीसदी, तीसरी तिमाही में 3.8 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.4 फीसदी रहने की संभावना है।

# देश के प्रमुख बंदरगाहों ने वित्त वर्ष 2024-25 में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख बंदरगाहों ने कार्गो हैंडलिंग में 4.3 फीसदी की प्रभावशाली वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है, जो वित्?त वर्ष 2023-24 में 819 मिलियन टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 855 मिलियन टन हो गई। ये वृद्धि बढ़ते व्यापार वॉल्यूम को समायोजित करने में प्रमुख बंदरगाहों की लचीलापन और क्षमता को उजागर करती है।पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि देश के प्रमुख बंदरगाहों ने पिछले दशक में लगातार उल्लेखनीय प्रगति प्रदर्शित की है। जहाज से माल ढुलाई, परिचालन दक्षता और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के मामले में वित्त वर्ष 2024-25 उपलब्धि पत्थर वर्ष के रूप में उभरा है। देश के प्रमुख बंदरगाहों के यातायात में ये वृद्धि पिछले वित्?त वर्ष की तुलना में उच्च कंटेनर थ्रूपुट (10 फीसदी), उर्वरक कार्गो हैंडलिंग (13 फीसदी), पीओएल कार्गो हैंडलिंग (3 फीसदी) और विविध वस्तुओं की हैंडलिंग (31 फीसदी) के कारण हुई। मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में प्रमुख बंदरगाहों ने जहाज से माल ढुलाई (कार्गो हैंडलिंग) में 4.3 फीसदी की प्रभावशाली वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है। वित्त वर्ष 2023-24 में जहाज से माल ढुलाई 819 मिलियन टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 855 मिलियन टन हो गई। यह वृद्धि बढ़ते व्यापार को समायोजित करने में प्रमुख बंदरगाहों की सुदृढता और क्षमता को उजागर करती है।पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कार्गो ट्रैफिक में वृद्धि उच्च कंटेनर प्रवाह क्षमता (थ्रूपुट) (10 फीसदी), उर्वरक कार्गो परिवहन (13 फीसदी), पीओएल कार्गो परिवहन (3 फीसदी) और विविध वस्तुओं के परिवहन (31 फीसदी) की वजह से थी। प्रमुख बंदरगाहों पर वित्त वर्ष 2024-25 में जिन वस्तुओं की ढुलाई की गई उनमें पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक (पीओएल) जैसे कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद तथा एलपीजी/एलएनजी शामिल हैं, जो 254.5 मिलियन टन (29.8 फीसदी) की मात्रा के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं।




## एयर इंडिया और इंडिगो ने सुरक्षा कारणों से रद्द की कई उड़ानें

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के मौजूदा हालात को देखते हुए विमानन कंपनी एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस ने आज उत्तर और पश्चिम भारत के कई शहरों के लिए अपनी उड़ानों को रद्द कर दिया। एयर इंडिया ने जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानों को लिए स्थगित करने की घोषणा की। वहीं, निजी विमानन कंपनी इंडिगो ने सोमवार देर रात जारी अपनी एडवाइजरी में जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट के लिए अपनी उड़ानें रद्द करने की सूचना दी है।दोनों विमानन कंपनियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे हवाईअड्डे के लिए निकलने से पहले अपनी उड़ानों की स्थिति की जांच कर लें और किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए ग्राहक सेवा से संपर्क करें। विमानन कंपनियों ने असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए यह भी बताया कि उनकी टीमें लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं और हालात सामान्य होने के बाद उड़ानें दोबारा बहाल की जाएंगी।




# व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जाएंगे पीयूष गोयल, 17 मई से शुरू होगी चर्चा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 16 मई को वाशिंगटन के दौरे पर जाएंगे, जहां वे दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अमेरिकी अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय वार्ता का नेतृत्व करेंगे। यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने दी गई जानकारी में बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों का एक दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ 17 मई से वाशिंगटन में चर्चा करेगा। इस बैठक में भाग लेने के लिए पीयूष गोयल 16 मई को वाशिंगटन पहुंचेंगे।जानकारी के मुताबिक अपनी यात्रा के दौरान पीयूष गोयल के अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के साथ बैठक करने की उम्मीद है। इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के विरोध में कुछ अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने के भारत के प्रस्ताव पर भी बातचीत होगी। इन चर्चाओं के जरिए भारत और अमेरिका के अधिकारी उच्च शुल्क पर लगी 90 दिनों की रोक के भीतर आम सहमति पर पहुंचना चाहते हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का ये दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब दोनों देश इस वर्ष सितंबर-अक्टूबर तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से पहले ''शीघ्र पारस्परिक लाभ'' सुनिश्चित करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था की संभावना तलाश रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त 26 फीसदी टैरिफ को 9 जुलाई तक के लिए निलंबित कर दिया है। ट्रंप ने बढ़ते व्यापार घाटे को पाटने के लिए 2 अप्रैल, 2025 को इसकी घोषणा की थी। हालांकि, 10 फीसदी का मूल शुल्क अब भी लागू है।



# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 1,282 अंक लुढ़का

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/मुंबई।** शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन की रिकॉर्ड तेजी के बाद दूसरे दिन बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 1,282 अंक लुढ़क गया। आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई का सेंसेक्स 1,281.68 अंक यानी 1.55 फीसदी का गोता लगाते हुए 81,148.22 के स्?तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,386.21 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 346.35 अंक यानी 1.39 फीसदी फिसल कर 24,578.35 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 शेयर में गिरावट रही। इंफोसिस, पावर ग्रिड और जोमैटो के शेयर करीब 3.6 फीसदी नीचे गिरकर बंद हुए। हालांकि, एचसीएल टेक और टीसीएस सहित कुल 5 शेयरों में करीब तीन फीसदी की तेजी रही। सनफार्मा, अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, एसबीआई और टेक महिंद्रा में मामूली तेजी रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 35 शेयर में गिरावट रही। एनएसई के आईटी इंडेक्स में 2.42 फीसदी की सबसे ज्यादा गिरावट रही। ऑटो, रियल्टी, मेटल और एफएमसीजी इंडेक्स एक फीसदी गिरे। वहीं, मीडिया बैंकिंग और हेल्थकेयर सेक्टर में 1.5 फीसदी की तेजी देखने को मिली। उल्लेखनीय है कि हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स 2975 अंक यानी 3.74 फीसदी चढ़कर 82,430 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 917 अंक यानी 3.82 फीसदी की तेजी के साथ 24,925 के स्तर पर बंद हुआ था।



## संघर्ष विराम के बाद चीनी रक्षा शेयरों का बुरा हाल

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम के बाद रक्षा कंपनियों के शेयरों में उतार चढ़ाव है। संघर्ष विराम के बाद जहां चीन की रक्षा कंपनियों के शेयर धड़ाम हो गए। वहीं दूसरी ओर भारतीय रक्षा कंपनी के शेयरों में उछाल देखने को मिला। भारतीय रक्षा स्टॉक में तेजी के पीछे की वजह देश में ही हथियारों के निर्माण को वजह देना माना जा रहा है। चीन के हैंगसेंग चाइना ए एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडेक्स तीन फीसदी गिरावट के साथ 4269.62 पर बंद हुआ। इसके अलावा चीन के डिफेंस स्टॉक में नौ फीसदी तक गिरावट आई। इसके अलावा एवीआईसी चेंगदू एयरक्राफ्ट के शेयर 9.2 फीसदी तक लुढ़क गए। जबकि पीएल-15 मिसाइल बनाने वाली कंपनी झूझोउ होंगड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन के शेयर छह फीसदी, चाइना स्टेट शिपबिल्डिंग कॉरपोरेशन के शेयर चार फीसदी, सन क्रिएट इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर 6.25 फीसदी और सिचुआन तियानवेई इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में आठ फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। बताया जा रहा है सीजफायर होने से पहले इन कंपनियों के शेयर में 35 फीसदी तक की तेजी आई थी। भारत पाकिस्तान तनाव के बीच भारतीय रक्षा कंपनियां खूब मालामाल हुईं। हथियारों का निर्माण भारत में ही होने से यहां का डिफेंस स्टॉक हरे निशान पर है।

## एलआईसी ने नए बिजनेस प्रीमियम में निजी बीमा कंपनियों को पछाड़ा, सालाना आधार पर 10 फीसदी की वृद्धि

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अप्रैल के लिए नए व्यवसाय प्रीमियम (एनबीपी) में सालाना आधार पर 9.91 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। यह समग्र उद्योग की 8.43 फीसदी की वृद्धि दर और निजी जीवन बीमा कंपनियों की 6.09 फीसदी की वृद्धि दर से ज्यादा है।जीवन बीमा परिषद की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक एलआईसी ने अप्रैल महीने में एनबीपी से 13,610.63 करोड़ रुपये एकत्र किए, जो अप्रैल 2024 में 12,383.64 करोड़ रुपये से अधिक है। वहीं, समग्र जीवन बीमा उद्योग ने एनबीपी में 21,965.73 करोड़ रुपये एकत्र किए, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में एकत्र किए गए 20,258.86 करोड़ से 8.43 फीसदी अधिक है। इसी तरह निजी जीवन बीमा कंपनियों ने मिलकर 8,355.10 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जो पिछले वर्ष के 7,875.22 करोड़ रुपये से 6.09 फीसदी अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक यह एलआईसी की मजबूत स्थिति को दर्शाता है और यह नए व्यवसाय में अपने प्रदर्शन के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत है। व्यक्तिगत प्रीमियम श्रेणी में एलआईसी ने 0.46 फीसदी की मामूली गिरावट दर्ज हुई है। एलआईसी ने अप्रैल 2025 में 3,160.87 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं, जबकि अप्रैल 2024 में यह 3,175.47 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि, समूह प्रीमियम खंड में 13.48 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जो एक वर्ष पहले 9,208.17 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,449.76 करोड़ रुपये हो गई है। जीवन बीमा परिषद के मुताबिक अप्रैल में एलआईसी द्वारा जारी कुल पॉलिसियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले 8.56 लाख से घटकर 7.26 लाख हो गई, व्यक्तिगत पॉलिसियों की संख्या 8.55 लाख से घटकर 7.24 लाख और समूह पॉलिसियों की संख्या 1,169 रह गई हैं, जो अप्रैल 2024 में 1,425 थी। जनवरी से अप्रैल 2025 तक की चार महीने की अवधि के लिए एलआईसी का कुल प्रीमियम संग्रह 82,324.58 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 87,500.97 करोड़ रुपये से कम है। इसके अलावा इसमें व्यक्तिगत प्रीमियम खंड 22,164.24 करोड़ रुपये से बढ़कर 23,188.46 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि समूह प्रीमियम खंड 65,336.73 करोड़ रुपये से घटकर अब 59,136.12 करोड़ रुपये रह गया। जनवरी-अप्रैल अवधि के दौरान जारी कुल पॉलिसियों में भी गिरावट दर्ज हुई है, जो पिछले साल 87.05 लाख से घटकर इस साल 68.05 लाख रह गई है।





## 'नागिन' में शेषा बनकर हुईं मशहूर, जानें अब कहां हैं और क्या कर रही हैं

# अदा खान

**अपने करियर में अदा खान ने कई तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन नागिन में उनका शेषा का किरदार आज भी लोगों को याद है. अदा खान के जन्मदिन पर उनके फैंस यही चाहते हैं कि वो जल्दी ही किसी नए और दमदार काम के साथ टीवी या ओटीटी पर वापसी करें.**



'नागिन' सीरियल से मशहूर हुईं टीवी एक्ट्रेस अदा खान का आज यानी 12 अप्रैल को जन्मदिन है. अदा 36 साल की हो गई हैं. अपनी खूबसूरत आंखें और लाजवाब एक्सप्रेशंस से उन्होंने टीवी पर अपनी अलग पहचान बनाई है. 'बहनें' और 'अमृत मंथन' जैसे सीरियलों से अदा ने अपने करियर की शुरुआत की, लेकिन 'नागिन' में उनका निभाया हुआ 'शेषा' का किरदार उनके लिए उनके करियर का टर्निंग पॉइंट रहा.इस सीरियल में वो निगेटिव किरदार में नजर आई थीं. इस सीरियल में उनकी एक्टिंग सभी लोगों को खूब पसंद आई. तो चलिए, उनके जन्मदिन पर जानते हैं कि आजकल टीवी की ये मशहूर 'नागिन' अदा खान कहां हैं और क्या कर रही हैं?

## एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका, सांप के जहर का इस्तेमाल करने के मामले में नहीं मिली राहत



सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और यूट्यूबर एल्विश यादव भले ही छोटे पर्दे के कुकिंग शो के जरिए लोगों को हंसाते हुए नजर आ रहे हैं. लेकिन असल जिंदगी में एल्विश की मुसिबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. यूट्यूबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. रेव पार्टी में ड्रग्स-सांप के जहर के इस्तेमाल करने के मामले में कोर्ट ने एल्विश यादव की चार्जशीट-समन रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया है.एल्विश ने इस याचिका को खारिज करने की अपील की थी. लेकिन मामले में सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने उनकी मांग को खारिज कर दिया. सोमवार को जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने रेव पार्टी में ड्रग्स-सांप के जहर के इस्तेमाल के मामले में फैसला सुनाया. इस मामले में तीन नवंबर 2023 को नोएडा के सेक्टर 49 में यूट्यूबर एल्विश यादव समेत कई लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई थी.



**जिंदा सांप के साथ एल्विश ने वीडियो बनाया**

कोर्ट ने कहा है कि याचिकाकर्ता के पास चार्जशीट रद्द करने के पर्याप्त आधार नहीं हैं. पीएफए आर्गेनाइजेशन के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी. सभी पर रेव पार्टी में ड्रग्स, स्नेक वेनम के प्रयोग व जिंदा सांपों के साथ वीडियो बनाने का आरोप लगा था.

**एल्विश यादव पर लगे हैं ये इल्जाम**

3 नवंबर 2023 को एल्विश यादव समेत अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी. सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और यूट्यूबर का ये केस नोएडा के सेक्टर 49 से जुड़ा हुआ था. पीएफए आर्गेनाइजेशन के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने आरोप लगाया था कि एल्विश और उनके साथी रेव पार्टी में ड्रग्स और स्नेक वेनम के इस्तेमाल के लिए जिंदा सांपों के साथ वीडियो बनाते हैं. इसके अलावा यूट्यूबर को लेकर ये भी कहा गया था कि वो अपने एनसीआर वाले फॉर्म हाउस पर जिंदा सांपों के साथ वीडियो शूट करते थे. मामले में आरोपी राहुल यादव का एक ऑडियो क्लिप भी पुलिस को मिला था. पुलिस को राहुल के पास से 20 मिली जहर भी मिला था.





